
राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS
PRINT | WEB | VIDEO

बोकारो, मंगलवार
21.01.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 346

हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

## एनसीसी कैडेट विकसित भारत के सपने को साकार करें: रक्षा मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनसीसी कैडेटों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया और उन्हें भारत की संपत्ति बताया। सोमवार को दिल्ली कैंट में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर के अपने दौरे के दौरान कैडेटों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि कैडेट, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों, एनसीसी द्वारा उनमें विकसित किए गए 'नेतृत्व', 'अनुशासन', 'महत्वाकांक्षा' और 'देशभक्ति' के गुणों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। वह स्वयं एक एनसीसी कैडेट रहे हैं। इसलिए, यदि किसी पूर्व एनसीसी कैडेट ने कोई सपना देखा है, तो उसे पूरा करना अन्य सभी कैडेटों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है। इसका अर्थ है 140 करोड़ भारतीयों की प्रगति, जो सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद एकता में रहते हैं। हमें अपने साथ-साथ समाज के लिए भी कुछ अच्छा करना चाहिए और जल्द ही भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कैडेटों की प्रतिबद्धता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति प्रेम की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक देश के रूप में भारत जो कुछ भी हासिल करने में सक्षम है, वह सभी की कड़ी मेहनत, खासकर युवाओं की बदौलत है। जब भी मैं एनसीसी कैडेटों से मिलता हूं, तो मुझे उनमें सिर्फ एक कैडेट नहीं दिखता। मैं भारत का प्रतिबिंब देखता हूं, जिसमें कई शरीर हैं लेकिन आत्मा एक है। कई शाखाएं हैं लेकिन जड़ एक है। कई किरणें हैं लेकिन रोशनी एक है। ये कैडेट अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं और अलग-अलग रीति-रिवाजों और परंपराओं का पालन करते हैं लेकिन एक चीज जो उनमें समान है, वह है 'एकता'। उनकी ऊर्जा और उत्साह इस बात का प्रमाण है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब भारत को आजादी मिली, उसी समय कई देश स्वतंत्र हुए। केवल वे राष्ट्र ही आज विकास कर रहे हैं, जिन्होंने अनुशासन, अखंडता और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को बनाए रखा है, जबकि जो नहीं रखते, वे अराजकता में हैं। कैडेटों को नेतृत्व का सही अर्थ समझाते हुए रक्षा मंत्री ने 26/11 मुंबई हमलों के दौरान मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के वीर बलिदान का हवाला दिया, जो राष्ट्र को प्रेरित करता है। उन्होंने बदलते समय के साथ खुद को ढालने के महत्व को रेखांकित किया, क्योंकि नई समस्याओं को पुराने दृष्टिकोण या पुराने कौशल-सेट से हल नहीं किया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने एनसीसी के तीनों विंग से आए कैडेटों द्वारा एक प्रभावशाली 'गार्ड ऑफ ऑनर' की समीक्षा की।

### 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट लगाने की जरूरत

## सुप्रीम कोर्ट ने रोड-सेफ्टी उपायों पर राज्यों से जवाब मांगा

एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्यों में रोड सेफ्टी उपाय और मोटर व्हीकल एक्ट (MV Act) के नियमों को लागू करने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों (UT) को इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और रोड सेफ्टी उपायों से संबंधित कानूनी प्रावधानों और नियमों के अनुपालन वाली रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि 5 राज्यों- पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, एक केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली ने अनुपालन रिपोर्ट भेज दी है। बचे हुए 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों से जवाब मांगा गया है। ये रिपोर्ट रोड सेफ्टी पर बनाई गई सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के पास भेजी जाएगी। बेंच ने कहा कि राज्य सरकारों को एक्सीडेंट होने वाली जगहों, जंक्शनों और 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगाने की जरूरत है। कोर्ट ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को जल्द अनुपालन के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश भेजने का निर्देश भी दिया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2 सितंबर 2024 को सभी राज्य सरकारों को मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 136A को लागू करने का निर्देश दिया था। जो तेज गति से चलने वाले वाहनों की इलेक्ट्रॉनिक रूप से निगरानी करने की परमिशन देता है। इस एक्ट के नियम 167A के तहत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फुटेज के आधार पर चालान जारी किए जा सकते हैं। कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों को इसको लेकर कदम उठाने का भी निर्देश दिया था। बेंच ने बताया कि रोड सेफ्टी पर बनाई गई कमेटी द्वारा 25 मार्च को इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी।

## देशविरोधी ताकतों के साथ हैं केजरीवाल : अनुराग ठाकुर

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी (आआपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल और अन्य दल दिल्ली के चुनाव में बांग्लादेशी, रोहिंग्या मुसलमानों का समर्थन करती हैं। आम आदमी पार्टी जैसी राजनीतिक पार्टियां रोहिंग्याओं, मुसलमानों और बांग्लादेशियों को संरक्षण देती हैं। ये वही लोग हैं जो उन्हें शरण देते हैं और उनके गलत कामों का समर्थन भी करते हैं। अरविंद केजरीवाल देश विरोधी ताकतों के साथ हैं। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज आतंकवाद देश और दुनिया के लिए एक बड़ा मुद्दा है। किसी भी राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी का सवाल है, हमने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की वकालत की है और मोदी सरकार का पिछले 11 वर्षों का रिकॉर्ड खुद ही सब कुछ बयां करता है। हम नक्सलवाद को खत्म करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हमारे लिए हमेशा 'राष्ट्र सर्वोपरि' रहा है। लेकिन कुछ राजनीतिक दल ऐसे हैं जो राष्ट्र विरोधी ताकतों से हाथ मिलाते हैं। राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इनका चंदा भी लेते हैं और फिर मौन हो जाते हैं, पर यह चुप्पी क्यों हैं। तब तो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि डबल डेटिंग करने वाले राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल बाहर से कुछ और अंदर से एक ही नजर आते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक हो, अफजल गुरु की फांसी हो, इन सब मुद्दों पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक नजर आई। आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस के घोटालों की बात करके की सत्ता में आई लेकिन आज उनकी छाप यानी आआपा अराजकता, अलगाववाद और आंतदवाद के लिए जाता है। इसके साथ ये लोग अफवाहें फैलाने के साथ अपराधियों को शरण भी देते हैं। ऐसी कौन सी मजबूरी है कि देशी विरोधी ताकतों से हाथ मिलाना जरूरी है। दिल्ली की जनता इसका जवाब मांगती है। उन्होंने कहा कि अफजल गुरु की फांसी की सजा माफ कराने के लिए किसकी एनजीओ आगे आई दिल्ली की जनता जवाब मांगती है। आपको जवाब देना होगा कि ये किसका एनजीओ है और इसके पीछे कौन मास्टरमाइंड है। आतिशी और केजरीवाल को बोलना चाहिए। यही नहीं टुकड़े टुकड़े गैंग जिसने देश विरोधी नारे लगाए उनके साथ कंधा कंधा से मिला कर कौन चले थे। यही नहीं पंजाब के चुनाव जीतने के लिए आतंकवादी समर्थकों के घरों में रुकने का काम किसने किया। केजरीवाल को जवाब देना होगा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पूछा कि दिल्ली में दंगे भड़काकर देश को किसने बदनाम किया? बाटला हाउस के शहीद इंस्पेक्टर की शहादत पर सवाल उठाते हैं। अगर आज ताहिर हुसैन जेल में है, तो क्या आम आदमी पार्टी उससे भाग सकती है? ये वही आम आदमी पार्टी और वही कांग्रेस पार्टी है जो बाटला हाउस की घटना पर सवाल उठाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंच केदार और बद्रीनाथ धाम मंदिर निर्माण पर आपत्ति



**देहरादून।** तेलंगाना में पंच केदार और बद्रीनाथ धाम मंदिर निर्माण पर बद्री केदार मंदिर समिति ने आपत्ति जताई है। बद्री केदार मंदिर समिति की तरफ से श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट और उत्तराखंड कल्याणकारी संस्था को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बद्री केदार के नाम और दोनों धाम के फोटो के इस्तेमाल करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। बद्री केदार मंदिर समिति के मुख्य कार्य अधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल की ओर से नोटिस जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से तेलंगाना में पंच केदार मंदिर का निर्माण और बद्रीनाथ धाम का निर्माण किया जा रहा है मंदिर निर्माण के प्रचार-प्रसार में भी केदारनाथ धाम की फोटो का इस्तेमाल किया गया है जो की सही नहीं है। मंदिर समिति का कहना है कि इससे सनातन धर्मावलंबियों की आस्था को ठेस पहुंचती है। समिति की ओर से तेलंगाना में बद्रीनाथ मंदिर का निर्माण करने पर उत्तराखंड कल्याणकारी संस्था को भी नोटिस जारी किया है। मंदिर गर्भगृह को पूरी तरह से बद्रीनाथ धाम मंदिर के प्राकृतिक स्वरूप में बनाया जा रहा है, जो धार्मिक मान्यताओं, भावनाओं और सनातन आस्था के खिलाफ है। बद्री केदार मंदिर समिति ने दोनों संस्थाओं से 15 दिन में जवाब मांगा है।

### राहुल गांधी को मानहानि मामले में राहत, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर इसके बारे जवाब मांगा है। दरअसल 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले झारखंड के चाईबासा में अपने एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाह को हत्यारा बताया था। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शाह के खिलाफ 2019 में अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप के साथ मानहानि का केस किया था। सुनवाई के दौरान राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि कई न्यायिक फैसलों में बताया गया है कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत किसी तीसरे पक्ष की ओर से दायर की गई थी। मानहानि मामले में ऐसा करना स्वीकार्य नहीं होता है। 2018 में भी चाईबासा में हुए कांग्रेस के अधिवेशन में राहुल गांधी ने कहा था, भाजपा में कोई भी हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। तब केंद्रीय मंत्री शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद थे। राहुल गांधी के बयान के बाद भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप कटियार ने चाईबासा के सीजेएम कोर्ट में केस दर्ज कराया था।

## 2 विदेशी सहित 100 महिलाओं ने नागा संन्यासी की दीक्षा ली

### खुद कर दिया अपना पिड़दान



एजेंसी। प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ में 2 विदेशी सहित 100 महिलाओं ने एक साथ नागा संन्यासी की दीक्षा ली। इसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएं हैं। सभी जूना अखाड़े से जुड़ी हैं। आज से इन सभी की जिंदगी बदल जाएगी। संगम घाट पर अपने केश कटवाए। फिर जीते जी खुद का और अपनी सात पीढ़ियों का पिंडदान कर दिया है। गंगा में 17 पिंड बनाए, जिसमें से 16 उनकी सात पीढ़ियों के थे। एक उनका खुद का था। गंगा स्नान के बाद उन्होंने गेरुआ वस्त्र छोड़कर बिना सिले श्वेत वस्त्र धारण किए। अब आचार्य महामंडलेश्वर मंत्र देने वाले है। इस बीच उनकी कठिन साधना चलती रहेगी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या को तड़के सभी महिलाएं नागा संन्यास की दीक्षा लेंगी। इस बीच अमेरिका और इटली से आईं दो महिलाओं ने गंगा के तट पर नागा संन्यास की दीक्षा ली। एक की उम्र 55 साल है, जबकि एक युवा अवस्था में है। दीक्षा के बाद अमेरिका की महिला को कामाख्या देवी और इटली की महिला को शिवानी नाम दिया गया। बात दें कि महिला नागा संन्यासी तपस्या से गुजरती हैं, जैसे कोई पुरुष गुजरता है। महिलाओं को संन्यास धारण करने के लिए अपने श्रृंगार का त्याग करना होता है। वैसे हिंदू रीति रिवाज और सनातन धर्म में महिलाओं का पिंडदान करना सही नहीं है। मगर साध्वी जीवन जीने वाली महिलाओं के साथ यह नियम लागू नहीं होते हैं। हम लोग इसलिए अपना पिंडदान करते हैं, ताकि अगर हमारे मरने के बाद कोई अंतिम संस्कार के लिए नहीं हुआ तब क्या होगा। इसके लिए खुद का पिंडदान कर दिया जाता है।

### महाकुंभ के आईआईटियन बाबा को गुरु का अनादर पड़ा भारी, जूना अखाड़े ने लिया एक्शन

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आईआईटियन बाबा अभय सिंह भी खूब वायरल हो रहे हैं। जिन्होंने आईआईटी मुंबई से इंजीनियरिंग की है।



आईआईटियन बाबा अभय सिंह जूना अखाड़े के संत सोमेश्वर पुरी के जरिए महाकुंभ पहुंचे हैं। इस बीच, गुरु को लेकर कही गईं अभय सिंह की बातों से जूना अखाड़ा भड़क गया है। अखाड़े ने ऐक्शन लेते हुए अभय को अपने यहां से निष्कासित कर दिया है। हालांकि, अभय सिंह का कहना है कि वह किसी भी अखाड़े के सदस्य नहीं हैं। बता दें कि आईआईटी बाबा अभय सिंह को जूना अखाड़े के सोमेश्वर पुरी महाकुंभ लेकर आए थे। सोमेश्वर पुरी वाराणसी स्थित जूना अखाड़े के संत हैं और उनकी मुलाकात अभय सिंह से वाराणसी में ही हुई थी। अभय सिंह कभी खुद को शिव बताते थे तो कभी कृष्ण। इसके बाद सोमेश्वर सिंह अभय सिंह को महाकुंभ ले आए। वहीं अखाड़े के शिविर से निकाले जाने का आईआईटियन बाबा ने खंडन की है। उनका कहना है कि लोगों को उनकी लोकप्रियता रास नहीं आ रही है और उन्हें डर है कि मैं कोई राज उजागर नहीं कर दूं। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी को अपना गुरु नहीं बनाया है। जानकारी के अनुसार, जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक महंत हरि गिरि ने कहा, अभय सिंह का कृत्य गुरु-शिष्य परंपरा और संन्यास के सिद्धांतों के खिलाफ है। गुरु का आदर नहीं करना सनातन धर्म और अखाड़े के प्रति अनादर को दिखाता है। जूना अखाड़े में अनुशासन काफी मायने रखता है और कोई भी अनुशासन से ऊपर नहीं है।

## कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर मामला : दोषी संजय रॉय को उम्रकैद के साथ 50 हजार का जुर्माना

एजेंसी। कोलकाता




कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए ट्रेनी डॉक्टर रेप और मर्डर मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय को सियालदह कोर्ट ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा, उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस मामले में सजा का ऐलान सोमवार को किया गया, जब अदालत ने संजय रॉय, सीबीआई और पीड़ित परिवार के वकीलों की दलीलें सुनीं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त 2024 को एक जघन्य अपराध हुआ था, जिसमें संजय रॉय ने एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी। इस मामले में करीब 164 दिन की जांच के बाद, अदालत ने संजय रॉय को दोषी ठहराया। कोर्ट ने सजा सुनाने से पहले 3 पक्षों की दलीलें सुनीं, जिसमें संजय रॉय का बयान भी शामिल था। दोषी संजय रॉय ने अदालत में कहा कि मैं निर्दोष हूं और मुझे फंसाया गया है। उसने दावा किया कि उससे जबरदस्ती कागजों पर साइन कराए गए थे और जेल में उसे पीटा गया। वहीं इस मामले में सीबीआई ने कोर्ट से दोषी को फांसी की सजा की मांग की, ताकि समाज में विश्वास और न्याय की भावना बनी रहे। जबकि पीड़ित के माता-पिता ने भी फांसी की सजा की मांग की। उन्होंने कहा कि संजय रॉय, जो अस्पताल की सुरक्षा में तैनात था, वही उस डॉक्टर के साथ इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाला अपराधी था, जिसकी उसे रक्षा करनी थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि दोषी को फांसी की सजा होनी चाहिए क्योंकि उसका अपराध बेहद घृणित है। यहां बताते चलें कि अदालत ने फोरेंसिक रिपोर्ट को इस मामले का आधार माना है। रिपोर्ट में पाया गया कि संजय रॉय का डीएनए घटनास्थल और पीड़ित डॉक्टर की बॉडी पर पाया गया था, जो उसके इस अपराध में शामिल होने का ठोस सबूत था। ऐसे में संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत दोषी पाया गया, जिसके तहत आजीवन कारावास या फांसी की सजा दी जा सकती है। सजा सुनाते हुए जज ने कहा, तुम पर लगाए गए सभी आरोप साबित हो चुके हैं। इसी के साथ अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### सराय काले खां तक नमो भारत ट्रेन आने में नहीं लगेगा ज्यादा वक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के सराय काले खां स्टेशन का निर्माण और ट्रैक बिछाने का काम तेजी से किया जा रहा है। स्टेशन के जून तक तैयार होने की संभावना है। यह स्टेशन तीन आरआरटीएस कॉरिडोर यानी दिल्ली-पानीपत, दिल्ली-एसएनबी-अलवर और दिल्ली-मेरठ का संगम बिंदु होगा। इस इंटरऑपरेबिलिटी से यात्रियों को अलग-अलग कॉरिडोर के बीच ट्रेन बदले बिना यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 82 किलोमीटर में से 55 किलोमीटर का हिस्सा पहले ही चालू हो चुका है। 5 जनवरी को साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक 13 किलोमीटर का नया खंड शुरू किया गया। पूरा कॉरिडोर जून 2025 तक चालू होने की उम्मीद है।

## शपथ से पहले ट्रंप ने निकाली विक्ट्री रैली, बोले रूस-यूक्रेन जंग भी कराऊंगा खत्म



**वाशिंगटन।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने विक्ट्री रैली की। शपथ ग्रहण की पूर्व संध्या पर ट्रंप ने समर्थकों से कहा कि वह यूक्रेन में युद्ध भी खत्म करा देंगे और पश्चिम एशिया में अराजकता को बढ़ने से रोकेंगे। दावा किया कि अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए भी सबसे आक्रामक अभियान चलाने का आदेश देंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने उद्घाटन भाषण और कार्यकारी आदेशों की झड़ी को लेकर एक खाका खींच दिया। आत्मविश्वास के साथ कहा कि वे पदभार संभालते ही इन आदेशों को जारी करने की योजना बना रहे हैं। रविवार को वाशिंगटन डीसी में आयोजित विक्ट्री रैली में उन्होंने दावा किया, मैं यूक्रेन में युद्ध समाप्त करूंगा।मैं मध्य पूर्व (जैसा कि पश्चिम में पश्चिम एशिया के रूप में जाना जाता है) में अराजकता को रोकूंगा, और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोकूंगा और आपको पता नहीं है कि हम कितने करीब हैं। दरअसल, यूक्रेन रूस के सामने 2023 से ही डटा हुआ है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि उसे मुख्य रूप से अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों के गठबंधन का पूरा समर्थन प्राप्त है। जो बाइडेन प्रशासन ने उनकी पूरी मदद की है। ट्रंप लगातार युद्ध समाप्त कराने का संकेत देते रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिका में सभी अवैध प्रवेश को समाप्त करने के लिए तेजी से आगे बढ़ने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को अपने उद्घाटन भाषण में ऐसी घोषणाएं करेंगे जो हमारी सीमाओं को बहाल करने के लिए दुनिया में अब तक का सबसे आक्रामक, व्यापक प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि वह तेल की खोज और ड्रिलिंग को मुक्त करने के लिए जलवायु नियमों में कटौती करेंगे, जिसे वे लिक्विड गोल्ड कहते हैं, वह कंपनियों को वापस लाएंगे और अमेरिकी खरीदने और अमेरिका की नीतियों को बढ़ावा देंगे, करों और सरकारी नौकरशाही को कम करेंगे, और सरकारी मामलों में पारदर्शिता को बढ़ावा देंगे।

## पुनर्चक्रण रणनीतियां बनाते समय ऑटोमोबाइल क्षेत्र प्रकृति अनुकूलन पर ध्यान दे : भूपेंद्र यादव





**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव नेसोमवारको कहा कि प्रकृति की तरह कोई भी पुनर्चक्रण नहीं कर सकता। पुनर्चक्रण रणनीतियों की योजना बनाते समय ऑटोमोबाइल क्षेत्र को प्रकृति अनुकूलन पर ध्यान देना चाहिए। भूपेंद्र यादव सोमवार को नई दिल्ली में स्थाई सर्कुलरिटी पर सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास को गति देने के लिए ऑटोमोटिव उद्योग की दोहरी जिम्मेदारी को रेखांकित किया। 'नेचर पॉजिटिव रिसाइक्लिंग' थीम पर आयोजित इस सम्मेलन में ऑटोमोटिव उद्योग के प्रमुख हितधारकों ने सतत विकास और सर्कुलरिटी पर चर्चा की। भूपेन्द्र यादव ने कहा कि देश यात्री वाहन बिक्री में वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। सर्कुलर अर्थव्यवस्था में बदलाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केन्द्रीय मंत्री ने सर्कुलरिटी के तीन प्रभावों पर बल दिया, जिसमें आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता, और सामाजिक प्रभाव शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने सरकार में 'कर-सकने' की भावना पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश केवल कचरे के प्रबंधन की बात नहीं कर रहा है बल्कि अपशिष्ट के मूल्य को उजागर करने और 'अपशिष्ट को धन में बदलने' की बात कर रहा है। उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में ऑटोमोटिव क्षेत्र की भूमिका पर जोर दिया, जिसमें एसडीजी 7 (सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा), एसडीजी 8 (सभ्य कार्य और आर्थिक विकास) और एसडीजी 9 (उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा) शामिल हैं। उन्होंने बैटरी चार्जिंग के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व पर भी जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास को गति देने की ऑटोमोटिव उद्योग की दोहरी जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए अपने भाषण का समापन किया।

### खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में प्रगति ने आत्मनिर्भरता के प्रयास को बढ़ावा दिया : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इस बात का उल्लेख किया कि खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में सरकार की उन्नति ने आत्मनिर्भरता के हमारे प्रयास को बढ़ावा देकर परंपराओं और उद्यमिता को लोकप्रिय बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर "मन की बात अपडेट्स' हैंडल की एक पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, "हमने मन की बात के एक एपिसोड में खिलौना विनिर्माण को बढ़ावा देने के बारे में बात की थी और पूरे देश में सामूहिक प्रयासों से हमने इसमें काफी प्रगति भी की है। इस क्षेत्र में हमारी प्रगति ने आत्मनिर्भरता के हमारे प्रयास को बढ़ावा दिया है और परंपराओं तथा उद्यमिता को लोकप्रिय बनाया है।

### दिल्ली एम्स के मरीजों की समस्याओं को लेकर राहुल गांधी ने नड्डा और आतिशी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर एम्स के बाहर कड़ाके की ठंड में फुटपाथ पर बैठे मरीजों व उनके परिवार वालों की दुर्दशा को उजागर किया है। उन्होंने इस समस्या के समाधान को लेकर नड्डा और आतिशी से तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। राहुल गांधी ने अभी हाल में एम्स का दौरा किया था। नड्डा को लिखे पत्र में राहुल ने एम्स में दिल्ली के बाहर से आए मरीजों और तीमारदारों की चिंताजनक स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि एम्स के दौरे के दौरान सैकड़ों रोगियों और उनके परिवार वालों को कड़ाके की ठंड में फुटपाथ और मेट्रो में बैठे देखकर दुख हुआ। एम्स दिल्ली उत्कृष्ट और किफायती देखभाल प्रदान करता है, लेकिन रोगियों और उनके परिवारों की स्थिति से पता चलता है कि स्वास्थ्य सेवा अभी भी करोड़ों भारतीयों की पहुंच से बाहर है। उन्होंने नड्डा से एम्स दिल्ली की स्थिति को ठीक करने के लिए तत्काल और समय पर कदम उठाने का आग्रह किया। राहुल ने सुझाव दिया कि भारत सरकार को एम्स, दिल्ली सरकार और धर्मार्थ संगठनों के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि मरीजों को बिस्तर, पानी और आश्रय प्रदान किया जा सके और आवास के लिए स्थायी सुविधाओं का विस्तार किया जा सके।

संक्षिप्त समाचार

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 21 को



**एजेंसी । रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 21 जनवरी को होगी। बैठक शाम को प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी। इसमें कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सोमवार को दी।

## लातेहार में दो हाइवा में भीषण टक्कर, एक चालक की मौत



**एजेंसी । लातेहार।** जिले के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 22 पर बरनी पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को दो हाइवा में भीषण टक्कर हो गयी। इस घटना में एक चालक की मौत हाइवा में दबकर कर हो गयी।मृतक की पहचान मो.सुहेल( 30) केरेडारी, हजारीबाग के रूप में हुई ।वहीं दूसरा चालक टंडवा निवासी मिथलेश साव गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसका प्राथमिक उपचार बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया और उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक हाइवा कोलियरी से कोयला लोड कर चंदवा रेलवे साइडिंग की ओर जा रही थी । वही विपरीत दिशा से हाइवा चंदवा साइडिंग से कोयला खाली कर कोलियरी की ओर आ रही थी । इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य चलाया और तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर गाड़ी में फंसे मृतक चालक के शव को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकाला। वहीं घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## हिदू एक्ट के तहत महिलाओं को पैतृक संपत्ति में पुरुषों के समान अधिकारः अधिवक्ता प्रवीण कुमार




**एजेंसी । लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त बैनर तले सोमवार को कुड़ू प्रखंड में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के बैनर तले प्रखंड के जीमा गांव में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार के विषय में जानकारी दिया गया, जिसमें रिसोर्स के रूप में पहुंचे अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि हिदू एक्ट के तहत महिलाओं को पैतृक संपत्ति में पुरुषों के समान अधिकार है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष जुलाई से लागू भारतीय न्याय संहिता सहित अन्य महत्वपूर्ण बदलाव आने से अब जल्द न्याय सुलभ हो पाएगा। महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी हो रही हैं, जो अच्छा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिला के किसी भी पीड़ित, शोषित और वंचित महिला को त्वरित एवं सुलभ न्याय देने को तत्पर है। मौके पर अधिवक्ता तथा अन्य शामिल थे।

## लातेहार में जमीन विवाद में चली गोली, एक घायल

**एजेंसी । लातेहार।** जिला मुख्यालय के दुरुआ मोहल्ले में सोमवार को जमीन विवाद के मामले में सदाकत अंसारी नामक व्यक्ति को गोली मार दी गई। गोली लगने से सदाकत अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया । इसके बाद उसे आनन फानन में लातेहार सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। घायल सदाकत अंसारी जिला मुख्यालय के दुरुआ मोहल्ले का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार सदाकत अंसारी और शर्मा परिवार के बीच जमीन को लेकर पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार को इसी मामले को लेकर शर्मा परिवार और सदाकत अंसारी में विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि शर्मा परिवार के एक सदस्य ने सदाकत अंसारी के सिर में टांगी से वार कर दिया। वही सदाकत अंसारी को निशाना बनाकर गोली चला दी। हालांकि गनीमत यह रही की गोली सदाकत के पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपित वहां से फरार हो गए। बाद में सदाकत के परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और घायल को अस्पताल पहुंचाएं। इधर घटना के सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। वही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी आरम्भ कर दी है। थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# 'ठुकरा के मेरा प्यार' सीरीज के निर्माता ने रांची में दर्शकों से साझा की इनसाइड स्टोरी

एजेंसी । रांची




डिज्नी हॉट स्टार पर 'ठुकरा के मेरा प्यार' अब तक की सबसे ज्यादा सब्सक्राइब की जाने वाली विशेष सीरीज बन गई है। सीरीज की सफलता का जश्न मनाने के लिए सोमवार को रांची पहुंचे निर्माता सचिन पांडे और अभिनेत्री संचिता बाशु ने दर्शकों को शो से जुड़ने और पसंद करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही सीरीज को सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जानी की बात भी कही। दोनों ने शो के प्रशंसकों से बातचीत की। सीरीज और इसकी यात्रा के बारे में शो से जुड़े किस्सों से साथ इनसाइड कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि यह शो कैसे एक सांस्कृतिक घटना बन गया। इस दौरान दोनों ने शो को मिले अपार प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए शो की सफलता से मिली खुशी साझा की। शो से जुड़े अनुभव शेयर करते हुए अभिनेत्री संचिता बाशु ने कहा कि रांची में रहना एक यादगार अनुभव रहा है। यहां जो प्यार और उत्साह मिला है, वह हमेशा मुझे याद रहेगा है। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के ट्रेलर के माध्यम से दर्शकों को उसकी भावनात्मक ऊंचाइयों को फिर से जीते हुए देखना बहुत खास था। शान्विका की यात्रा मेरे दिल के बहुत करीब है। अब दर्शकों के साथ किरदार का जुड़ना बहुत ही संतुष्टि देने वाला है। निर्माता और क्रिएटर सचिन पांडे ने कहा कि ठुकरा के मेरा प्यार की सफलता इस बात को साफ दिखा रही है कि शो जीवंत या कहे लाइव कहानी ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है। ये एक ऐसी कहानी है, जो भारतीयों के दिलों से निकली और दुनियाभर की ऑडियंस के दिलों तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि रांची ने दिल खोलकर हमारा स्वागत किया है। यहां के प्रशंसकों और मीडिया से मिलने का अनुभव संतुष्टि देने वाला रहा। इस शहर से मिला प्यार हमें और बेहतर करने के लिए प्रेरित कर रहा है। मैं दर्शकों को बताना चाहता हूं कि 'ठुकरा के मेरा प्यार' केवल डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

## रांची जिले में कक्षा आठवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू



एजेंसी । रांची

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को कक्षा आठवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र को ऑनलाइन संबंधित ग्रुपों में भेजकर परीक्षा की औपचारिक शुरुआत की। इसके साथ रांची जिले के सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में कक्षा आठवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा आरंभ हो गई है। रांची जिला पूरे राज्य में जैक द्वारा आयोजित कक्षा आठवीं बोर्ड के लिए प्री-बोर्ड आयोजित करने वाला एकमात्र जिला बना है। प्री-बोर्ड की परीक्षा 20, 21 एवं 22 जनवरी को तीन दिनों तक होगी। इसमें रांची जिले से कुल 22 हजार छात्र सम्मिलित होंगे। परीक्षा जैक बोर्ड के तर्ज पर ही ओएमआर शीट पर ली जाएगी। इससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव प्राप्त होगा। जैक द्वारा आठवीं बोर्ड की परीक्षा 29 जनवरी को ली जाएगी। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप पूरी निष्ठा और लगन के साथ पढ़ाई करें।

## पद्मश्री बलबीर दत्त पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

एजेंसी । रांची



द टाइम्स ऑफ इंडिया ने झारखंड में 'टाइम्स बिजनेस अवाड्र्स 2025' के पहले संस्करण के तहत वरिष्ठ पत्रकार और पद्मश्री बलबीर दत्त को पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। द टाइम्स ऑफ इंडिया ने 17 जनवरी को झारखंड की राजधानी रांची के होटल रेडिशन ब्लू में 'टाइम्स बिजनेस अवाड्र्स 2025' के पहले संस्करण का आयोजन किया।समारोह में सेलिब्रिटी अतिथि बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के हाथों बलबीर दत्त को यह सम्मान मिला। झारखंड की पत्रकारिता में दत्त की पहचान भीष्म पितामह के रूप में है। बलबीर दत्त राज्य के पहले पत्रकार हैं, जिन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। वे हिंदी दैनिक देश प्राण के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। वे कई पुस्तकों के लेखक भी हैं। दत्त पिछले 62 वर्षों से सक्रिय पत्रकारिता में हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में उन व्यवसायिक नेताओं, उद्यमियों और संगठनों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने झारखंड के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह कार्यक्रम नवाचार, उत्कृष्टता और सफलता का जश्न मनाने के लिए समर्पित था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त ने राज्य के संसाधनों का सामूहिक उपयोग और एकता पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि यह द टाइम्स ऑफ इंडिया की 16 वर्षों से चली आ रही प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य विनिर्माण, निर्यात, कॉर्पोरेट, शिक्षा, रिटेल, आतिथ्य, रियल एस्टेट, खाद्य उद्योग सहित 36 श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों को पहचानना और पुरस्कृत करना है। इस कार्यक्रम ने उन नेताओं को उजागर किया, जिन्होंने राज्य की प्रगति और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कारों के परिणाम एक स्वतंत्र शोध एजेंसी, अवांस फील्ड एंड ब्रांड साल्यूशन एलएलपी द्वारा किए गए शोध पर आधारित हैं। यह विश्लेषण प्रतिभागियों द्वारा प्रदान की गई तथ्यों और धारणा आधारित डेटा के आधार पर तैयार किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची के एसडीएम उत्कर्ष कुमार, पत्रकार कौशल किशोर जायसवाल और पर्यावरणविद् नंदिनी गुप्ता मौजूद रहे।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि में कृषि विभाग की अहम भूमिकाः मंत्री

एजेंसी । रांची



राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में अयोजित जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी 2025 का दीप प्रज्जवलन कर उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि पलामू जैसे जिले में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि में कृषि विभाग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में जब कम बारिश होती है तो सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे बचने की आवश्यकता है। कम बारिश के बावजूद हम फसल उत्पादन को कैसे बढ़ा सके, इस योजना पर कार्य किये जाने चाहिये। उन्होंने वर्षा जल के संचयन करने पर बल दिया। किसानों के आय में वृद्धि को लेकर अधिकाधिक प्रयास किये जाने चाहिये। मंत्री ने मत्स्य पदाधिकारी से जिले में मछली उत्पादन की जानकारी लेते हुए इसके उत्पादन में बढ़ोतरी लाने की दिशा में कार्य किये जाने की बात कही। मछली उत्पादन में इस तरह की वृद्धि होने चाहिए, जिससे कि पलामू से दूसरे जिले में मछली की आपूर्ति की जा सके। इसी क्रम में उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को दुधारू गाय के वितरण करते समय ग्रामीण क्षेत्र को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि दूध के उत्पादन में बढ़ोतरी लाने को लेकर विशेष कार्य योजना तैयार किए जाने की आवश्यकता है, जिसमें पशुपालन विभाग की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित किये जाने की बात कही। किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी में जिला मत्स्य विभाग, जिला पशुपालन, सहकारिता विभाग, गव्य विकास , भूमि संरक्षण, उद्योग, योजना, स्वास्थ्य, परियोजना निदेशक, आत्मा समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। इन सभी स्टॉलों का मंत्री ने जायजा लिया । मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला पशुपालन, कृषि, गव्य विकास, उद्यान पदाधिकारी समेत सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या विभिन्न प्रखंडों से आये किसान उपस्थित थे।

## हजारीबाग में अदाणी फॉउंडेशन के सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन






एजेंसी । हजारीबाग

गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड में लोगों की भागीदारी के साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, पारा मिलिट्री और सेना भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों, परियोजना प्रभावित परिवार के परिजनों और कंपनी के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के साथ सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं को बढ़ावा देने की शपथ ली। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक अनिल सिंह ने सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बड़कागांव में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के चौंकाने वाले आंकड़ों को साझा किया। साथ ही सभी से सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और सड़क पर सतर्क रहने की अपील की। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह तक चले सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान आम लोगों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए जागरुकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा पर चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा प्रखंड के दो सरकारी स्कूलों प्लस टू हाई स्कूल और कस्तूरबा गांधी स्कूल में जागरुकता सत्र आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में शिक्षित किया गया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए भी सड़क सुरक्षा का महत्त्व बताया गया। इस दौरान राहगीरों के बीच बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक की मौजूदगी में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से 150 हेलमेट का भी निशुल्क वितरण किया गया और लोगों से वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने के लिए अनुरोध किया गया।

## दुर्घटना में तीन की मौत, मृतकों की हुई पहचान



एजेंसी । हजारीबाग

विष्णुगढ़ के नरकी में सदारो गांव के समीप बोकारो के फुसरो जा रही यात्री बस का टायर फटने से बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना रविवार देर शाम की है। अनियंत्रित बस इस दौरान सड़क पर पलट गई और उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार को मृतकों की पहचान हो सकी है। मृतकों में मंगर कमार, कमरुद्दीन अंसारी, रीरा कमार का नाम शामिल है। तीनो फुसरो बोकारो के बताए गए हैं। जबकि 10 अन्य यात्री घायल हैं।घायलों की पहचान परसाबेड़ा के हीरालाल हांसदा, बस का कंडक्टर फुसरो के मनोज कुमार पंडित, फुसरो के ही बीरबल नोनिया, बजरंग नोनिया, अरजरी के सन्नी कुमार और फुसरो के शांति देवी के रूप में हुई है। सभी घायलों को गोमिया और विष्णुगढ़ के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## चाकू मारकर बाइक लूटने वाला अपराधी वाहन जांच में गिरफ्तार

एजेंसी । पलामू



चाकू मारकर बाइक लूटने वाला इंटर डिस्ट्रिक्ट अपराधी वाहन जांच में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सरैया मझगांवा में अमानत पुल पर वाहन जांच में उसे गिरफ्तार किया गया। इसके पास से लूट का बाइक बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपित बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चल रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पातिल पाठक पगार के पवन सिंह (19) के रूप में हुई है। तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस सरैया मझगांवा में अमानत पुल पर वाहन जांच में जुटी थी। वाहनों को रोक कर जांच की जा रही थी तभी सरिया की तरफ से एक अपाचे बाइक पर एक युवक आते नजर आया उसे रोकने का इशारा किया गया इशारा पाते ही युवक गाड़ी को भगाने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। गाड़ी के कागजात मांगे गए तो आरोपित प्रस्तुत नहीं किया। बाइक पर लगे रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच 03 एएच 8790) की जांच की गई तो गाड़ी का इंजन एवं चेचिस नंबर अलग-अलग एवं उसमें लगा नंबर प्लेट स्प्लेंडर प्लस बाइक का पाया गया। पकड़े गए व्यक्ति पवन से गाड़ी के बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने अपने सहयोगी के साथ मिलकर लातेहार जिले के बरवाडीह में 28 सितंबर को पुरानी बस्ती के रंजीत कुमार को चाकू मार कर घायल करके लूट ली थी। गाड़ी का ओरिजिनल नंबर (जेएच 03 एएच 9059) को तोड़कर हटा दिया था एवं फर्जी नंबर लगाकर इस्तेमाल किया जा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित पवन के साथियों के बारे में पता चल गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में बरवाडीह थाना पुलिस को भी जानकारी दी गई है। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी के साथ अन्य पुलिसकर्मी और जवान शामिल थे।




हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025



# वेदांता ईएसएल ने आयोजित किया मेगा हेल्थ चेकअप कैंप, 250 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित









राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो:** वेदांता ईएसएल, एक प्रमुख इस्पात निर्माता, ने अपनी स्वास्थ्य सेवा पहल प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत चंदाहा बरगद टोला में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। इस शिविर का आयोजन एमजेएम अस्पताल और सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया, जिसमें समाज के वंचित वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया।

कैंप में स्वास्थ्य सेवाओं की सुचारू व्यवस्था के लिए पांच समर्पित डेस्क—पंजीकरण, लैब टेस्ट, दवा, हेल्प डेस्क और चेक-अप डेस्क—स्थापित किए गए थे।

**सीएसआर प्रमुख का वक्तव्य-** इस अवसर पर वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख, कुणाल दरिपा ने कहा, "हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में विश्वास रखते हैं। यह शिविर वंचित वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।"

**शिविर में दी गई सेवाएं-** इस स्वास्थ्य शिविर में ऑर्थोपेडिक्स, जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स और डर्मेटोलॉजी जैसी विशेष सेवाओं के साथ निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, नैदानिक सेवाएं, और रक्तचाप, शुगर और वजन जांच जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हड्डी और मांसपेशियों के दर्द, त्वचा रोग, थायरॉयड विकार, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं का निदान और परामर्श दिया।

**प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम-** •डॉ. एम.जी. रसूल (एमबीबीएस, एफएजीई): रक्तचाप, मधुमेह, और त्वचा रोग विशेषज्ञ।

• डॉ. आनंद कुमार मांझी (एमडी पीडियाट्रिक्स): बाल चिकित्सा विशेषज्ञ।

•डॉ. राहुल सिन्हा (एमबीबीएस): ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ।

**250 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित-** शिविर में 250 से अधिक ग्रामीणों ने लाभ उठाया। प्रतिभागियों को न केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, बल्कि बीमारियों के निवारक उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया।

**सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल-** यह शिविर वेदांता ईएसएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सशक्त बनाने और समग्र कल्याण में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के बारे में-** झारखंड के बोकारो जिले में स्थित वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (MTPA) की उत्पादन क्षमता वाला एक प्रमुख इस्पात निर्माता है। कंपनी पर्यावरण के उच्चतम मानकों का पालन करते हुए पिग आयरन, बिलेट्स, टीएमटी बार, वायर रॉड, और डक्टाइल आयरन पाइप जैसे उत्पादों का निर्माण करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भ्रष्टाचार का केन्द्र बना चास अंचल कार्यालय, दो लोगों के नाम से एक ही जमीन की हुई जमाबंदी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** चास अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार और जालसाजी का काम चरम पर चल रहा है। जमीन की जमाबंदी के नाम पर जमीन माफिया, अंचल के हल्का कर्मचारी एवं बिचौलियों के माध्यम से एक से बढ़कर एक करतूत किये जा रहे हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि अंचल अधिकारी के संज्ञान तक मामले आने पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। इसी तरह का एक ज्वलंत मुद्दा नगर विकास समिति के स्तर से प्रकाश में लाया गया है।

नगर विकास समिति के अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना ने बताया कि चास अंचल के हल्का 3 में जमाबंदी संख्या 2410/ 2013-14 दो लोग नंदलाल नायक एवं नाबालक तुलसी शर्मा के नाम पर दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में अंचल अधिकारी चास को अवगत कराते हुए सूचना दी गई तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। तदुपरांत जन सूचना अधिकार अधिनियम के अनुसार दिनांक 07.10.2024 को आवेदन देकर उक्त विषयक सूचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। 57 दिन बीत जाने के बावजूद सूचना प्राप्त नहीं होने पर दिनांक 05.12.24 को प्रथम अपीलीय पदाधिकारी सह न्यायालय, अपर समाहर्ता के समक्ष उक्त आवेदन के संबंध में मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। प्रथम अपीलीय पदाधिकारी की अपील संख्या 61/2024 में वाद संख्या शुरू करने के बाद भी बार-बार जन सूचना पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी चास के अनुपस्थित रहने के कारण प्रथम अपील निस्तारण करते हुए ज्ञापांक 188/रा0, दिनांक 24.12.2024 को जन सूचना पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपीलकर्ता अभय कुमार मुन्ना को वांछित सूचना निबंधित डाक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए एवं उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराया जाए। इतना ही अनुमंडल दंडाधिकारी चास के भूमि सुधार उप समाहर्ता चास के पत्रांक 582/14.12.24, अपर समाहर्ता के पत्रांक 2395/06.12.24, चास मु. थाना के पत्रांक 1628/29.11.24 के द्वारा भी अंचल अधिकारी, चास को उक्त संदर्भ में जांच प्रतिवेदन मांगा गया है, किंतु आज तक प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया जाना अंचल अधिकारी, चास एवं अंचल कार्यालय की कार्यशैली पर संदेह उत्पन्न करती है।

श्री मुन्ना ने कहा कि राजस्व कर्मचारी, जमीन माफिया एवं बिचौलियों के घनिष्ठ गठजोड़ से अंचल कार्यालय चास में अंधाढूंढ जमाबंदी के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए माननीय न्यायालय की भी अवमानना की जा रही है। वैसी स्थिति में मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री झारखंड सरकार, उपायुक्त, अपर समाहर्ता बोकारो एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता चास को उक्त संदर्भ में अवगत कराते हुए अंचल अधिकारी चास एवं हल्का कर्मचारी के ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है, ताकि झारखंड की गरीब, निरीह जनता के साथ जमाबंदी के नाम पर किए जा रहे अन्याय और उसके पश्चात आपसी मारपीट केस मुकदमा से मुक्ति मिल सके। श्री मुन्ना ने कहा कि उचित समय तक कार्रवाई सुनिश्चित नहीं होने पर माननीय न्यायालय में दोषी लोगों पर पी.आई.एल दायर किया जाएगा।

### कसमार में 2006 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने किया मिलन समारोह

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** कसमार प्रखंड स्थित खांजो नदी के तट पर सोमवार को कसमार स्थित एसएस हाई स्कूल के 2006 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों का वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रों ने एक दूसरे से मिलकर बचपन की यादें ताजा की और जमकर मस्ती की। इस दौरान अपने विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक भालचंद्र पाण्डेय व उनकी धर्मपत्नी को छात्रों ने सम्मान देते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर नौसाद अंसारी, सरफराज, नदीम, आनंद सेन, मोहिब अंसारी, सूरज कुमार, नितेश कुमार, ऋषि कुमार, पंकज कुमार, अख्तर अंसारी, प्रेम कुमार, राजकुमार, संजय कुमार, तेजु प्रजापति, रोज मोहम्मद, राजेश कुमार सहित अन्य सहपाठी मौजूद थे।

### डीवीसी के एचओपी ने मार्केट सहित कम्युनिटी व वेल्फेयर सेंटर का औचक निरीक्षण कर दिये निर्देश

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया ने सोमवार को डीवीसी के सेंट्रल मार्केट, सब्जी मार्केट सहित अन्य स्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एचओपी के साथ एचआर के वरीय प्रबंधक सुनील कुमार, सिविल के वरीय प्रबंधक सरफराज शेख, कल्याणी कुमारी, विद्युत के वरीय प्रबंधक सुरजीत सिंह, प्रबंधक राकेश कुमार, एचओपी के निजी सहायक सूरज तिवारी थे। औचक निरीक्षण के क्रम में एचओपी ने सेंट्रल मार्केट की दुकानों के आगे दुकानदारों द्वारा बरामदे को घेर कर अतिक्रमण कर दुकान का निर्माण कर लेने, दुकान के आगे बढ़ाकर सामग्री को रखने के कारण रास्तों का संक्रमण को लेकर नाराजगी जताई। सड़क किनारे के सब्जी दुकानों, फल मार्केट, फास्ट फूड मार्केट का भी निरीक्षण किया। एचओपी ने डीवीसी के खस्ताहाल कम्युनिटी सेंटर एवं वेल्फेयर सेंटर को भी खुलवा कर देखा। एचओपी ने सिविल के इंजीनियरों को खस्ताहाल कम्युनिटी सेंटर की मरम्मत एवं रंग रोगन कर उसे फिर से चालू करने को लेकर होने वाले खर्च का प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया। साथ ही वेल्फेयर सेंटर को भी दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। बाद में एचओपी डीवीसी के सब्जी मार्केट, बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश इंजीनियरों को दिए। एचओपी ने पूछे जाने पर कहा कि बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट सहित दोनों सब्जी मार्केट में दुकानदारों के लिए शेड का निर्माण करवाकर उसे दुरुस्त कर बिजली की व्यवस्था कर सभी सब्जी दुकानों को सड़क किनारे से हटाकर पूर्व के स्थानों में शिफ्ट करवाया जाएगा। साथ ही सड़क किनारे के फल दुकानों को भी उनके पूर्व के स्थानों पर शिफ्ट करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बोकारो थर्मल में आकर्षक एवं व्यवस्थित रूप से बसाने को लेकर उन्हें सभी के सहयोग की आवश्यकता है और सभी लोग उनके इस प्रकार के कार्य में सहयोग करें। कहा कि कम्युनिटी सेंटर का मरम्मत कर उसे फिर से चालू किया जाएगा। एचओपी ने स्वामी विवेकानंद फुटबॉल मैदान का भी निरीक्षण किया।

### निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 5 को

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल डीवीसी अस्पताल एवं सीएसआर के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 5 फरवरी को स्थानीय डीवीसी ऑफिसर्स क्लब में सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक किया गया है। जांच शिविर में नेताजी आई अस्पताल रामचंद्रपुर पुरुलिया के नेत्र सर्जन द्वारा मरीजों की आंखों का परीक्षण किया जाएगा। नेत्र रोगियों को जांच के लिए आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आकर अपना पंजीकरण करवाना होगा। साथ ही जिनके आंख का ऑपरेशन किया जाएगा उन्हें डीवीसी के वाहन से पुरुलिया स्थित अस्पताल ले जाया जाएगा। मरीजों को निःशुल्क लेंस, दवा, चश्मा उपलब्ध करवाया जाएगा। उक्त जानकारी सोमवार को सीएसआर के भैरव महतो ने दी।

### बोकारो थर्मल बाजार से बाइक की चोरी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस की चुस्ती के बाद भी बाइक चोरों का गिरोह चोरी में कामयाब हो ही जा रहा है। सोमवार को स्थानीय थाना में पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत कोरियाबेड़ा निवासी करीमुद्दीन अंसारी ने लिखित आवेदन दिया। दिये गए आवेदन में लिखा कि रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक नंबर जेएच09एएच-5121 बैंक ऑफ इंडिया के समीप खड़ा कर सब्जी की खरीदारी करने गया। वापस लौटने पर बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली तो सोमवार को थाना को लिखित सूचना दी।

## दुर्गापुर में बाबा बड़राव परिसर में ग्रामीणों ने की बैठक



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के दुर्गापुर पंचायत बड़ पहाड़ बाबा बड़राव परिसर में दुर्गापुर के ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता दुर्गापुर पंचायत के मुखिया अमरेश कुमार महतो ने किया। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्गापुर ग्राम में पूजा पाठ, जो पूर्वजों से जिस नियम से चलता आ रहा है, उसी प्रकार समय पर शांति पूर्वक आपसी सामंजस्य बना कर पूजा पाठ किया जाएगा। जिसमें बड़ पहाड़ के सामने बाबा बड़राव देवता, मड़ई के सामने महामाय, राजा गोसाई, बाघुत कुदरा, वानशिनी आदि देवताओं का पूजा पाठ समय पर किया जाएगा। मौके पर मुखिया अमरेश महतो, शंकर महतो, बंशी महतो, बाणेश्वर महतो, अखिलेश्वर प्रसाद महतो, भुनेश्वर महतो, बिंदेश्वर महतो, सरयू महतो, परमेश्वर महतो, कपिल महतो, संदीप कुमार महतो, सृष्टि महतो, दिगम्बर महतो, वान सिंह महतो, संतोष महतो, कामदेव महतो, विनोद महतो, सुमन, दशरथ, भुनेश्वर महतो, दीपक महतो, सहदेव महतो, सिद्धेश्वर, रीखीलाल महतो, संजय महतो व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## बालीडीह में महिला की हत्या, प्रेम प्रसंग का मामला, अभियुक्त गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो:** बालीडीह थाना क्षेत्र के कुर्मीडीह में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। महिला का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच और मृतका की बेटी मेघा कुमारी के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए बालीडीह थाना कांड संख्या 19/25, दिनांक 20.01.2025, धारा 103 (01) और 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**प्रेम प्रसंग में हत्या का खुलासा-** जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि मृतका, जो शादीशुदा थी, आरोपी किशोर कुमार के साथ प्रेम प्रसंग में संलिप्त थी। आरोपी, किशोर कुमार (28), पिता स्वर्गीय नकुल महतो, निवासी तुपकाडीह, बालीडीह ओपी, बोकारो, मृतका पर अपने साथ रहने का दबाव बना रहा था। जब मृतका ने इनकार किया, तो आरोपी ने उसकी हत्या कर दी और शव को फांसी पर लटका दिया।

**आरोपी का स्वीकारोक्ति बयान और साक्ष्य बरामद-** गिरफ्तार किए गए आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपने अपराध को स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है, जिससे अपराध के सबूत जुटाए गए हैं।


**छापेमारी दल और पुलिस टीम-** घटना के अनुसंधान और आरोपी की गिरफ्तारी में निम्नलिखित पुलिसकर्मियों की सक्रिय भूमिका रहीः नवीन कुमार सिंह, थाना प्रभारी, बालीडीह थाना; परमानंद मेहरा, प्रभारी, बालीडीह ओपी; शशिकांत ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक, बालीडीह थाना; बैजनाथ राउत, आरक्षी।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई-** पुलिस ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मामले की जांच जारी है, और पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषी को कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

## कसमार में स्वास्थ्य मेला को लेकर प्रमुख ने किया जागरूकता रथ रवाना

### कसमार प्रखंड कार्यालय में ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की हुई बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारो :** कसमार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आगामी 22 जनवरी को आयोजित होनेवाले स्वास्थ्य मेला को लेकर प्रखंड प्रमुख नियोति दे एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रफुल महतो ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस दौरान बताया गया कि उक्त जागरूकता रथ कसमार प्रखंड के सभी पंचायतों में घूम घूमकर स्वास्थ्य मेला को लेकर प्रचार प्रसार करेंगे। बताया गया कि उक्त स्वास्थ्य मेले में मातृत्व, शिशु, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, आयुष, आयुष्मान, डेंटल, ईएनटी समेत अन्य सभी प्रकार के शिविर लगाकर मरीजों की स्वास्थ्य जांच व आवश्यक दवाओं का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा शिविर में जन्म प्रमाण पत्र व आयुष्मान कार्ड भी बनाये जाएंगे। इधर स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने को लेकर कसमार प्रखंड कार्यालय में बीडीओ नम्रता जोशी की अध्यक्षता में ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक भी की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य मेला के अलावे कुष्ठ उन्मूलन खोज अभियान एवं फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को भी सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श की गई। मौके पर डॉ प्रफुल महतो, डॉ राहुल प्रियदर्शी, देवशरण सोरेन, बंकिम चंद्र महतो, शैलेश कुमार ठाकुर, संतोष महतो, आलोक कुमार झा, नयनेन्दू शेखर मुखर्जी, राजू चटर्जी, आनंद नायक, रोशन कुमार, सीमांत सिंह, भोला मुंडा, बहादुर महतो, अंबुज कुमार, साजन अंसारी, नरेश महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विधायक श्वेता ने की मां तारा की पूजा-अर्चना



राष्ट्रीय मुख्यधारा


**बोकारो :** बोकारो की विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने लोक कल्याण की कामना के साथ तारापीठ में दस महाविद्याओं में एक मां तारा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके दर्जनों शुभचिंतक व समर्थक भी मौजूद थे। श्रीमती सिंह ने मां तारा से बोकारो की समृद्धि व खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इस यात्रा में उनके साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, मनीष सिंह, पवन झा, दिव्यांशु सिंह, लाल मोहन शर्मा, कृष्णा तिवारी, कांग्रेस के चास मुफस्सिल मंडल अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा, महावीर सिंह चौधरी, विश्वजीत सिंह, पंकज चौधरी, जगरनाथ, खुशहाल बोकारो के संस्थापक व बीएसएल के सेवानिवृत्त अभियंता अमरेन्द्र कुमार झा आदि शामिल थे।

## बोकारो में 'अटल' ट्रेनिंग एंड लर्निंग कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

राष्ट्रीय मुख्यधारा








**बोकारो:** दिनांक 20 जनवरी 2025 को गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस में एआईसीटीई, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित बीसीए विभाग के तहत सात दिवसीय 'अटल' ट्रेनिंग एंड लर्निंग कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर उद्घाटन सत्र और दो तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी, रांची के कुलपति डॉ. डी.के. सिंह ने ऑनलाइन संदेश के माध्यम से किया। इसके बाद ऑफलाइन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने संस्थान अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह, सचिव श्री सुरेंद्र पाल सिंह और मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर किया।

**तकनीकी सत्रों में सायबर सुरक्षा पर चर्चा-** पहले तकनीकी सत्र में सायबर डिफेंस विद्यापीठ, फरीदाबाद के श्री शशांक शेखर गरुरयार ने सायबर सुरक्षा और तकनीकी विकास के दौर में सायबर हमलों से बचने की सावधानियों पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में प्रो. भासकरानंद (जेहानाबाद राजकीय कॉलेज, बिहार) ने तकनीकी शिक्षा के महत्व और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की।

**पुस्तक विमोचन और अतिथियों के संबोधन-** कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने संस्थान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इसके अलावा, अतिथियों ने एक नई पुस्तक का विमोचन भी किया।

**विशेष योगदान और प्रतिभागियों की भागीदारी-** इस कार्यक्रम में प्रमुख योगदान देने वालों में प्रो. सुमीत पांडे, प्रो. महमूद आलम, और डॉ. आर.पी. वर्मा शामिल हैं। कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ. प्रियदर्शी जरुहार और कोऑर्डिनेटर डॉ. ए.पी. बर्णवाल ने बताया कि ट्रेनिंग कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राज्यों जैसे बिहार, बंगाल और पंजाब से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है।

**सुचारू प्रबंध और उत्कृष्ट संचालन-** प्रतिभागियों के ठहरने और भोजन की बेहतरीन व्यवस्था कॉलेज प्रशासन द्वारा की गई है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कृतिका चौधरी (बीबीए विभाग प्रमुख) ने किया। उद्घाटन सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान साझा करने का मंच-** यह राष्ट्रीय स्तर का ट्रेनिंग प्रोग्राम शिक्षकों और शोधार्थियों को तकनीकी ज्ञान बढ़ाने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने का अवसर प्रदान करेगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025



# अब ट्विटर के जरिए भी नगर की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहा बीएसएल प्रबंधन

## बीएसएल के जनसंपर्क विभाग की अनूठी पहल, सोशल मीडिया के जरिए दूर की जा रहीं परेशानियां







राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : जमाना डिजिटल है। सूचना-तकनीक के इस दौर में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। होना भी चाहिए। तकनीक जब जन-सरोकार का माध्यम बन समस्याएं दूर करने का सहारा बने, तो ही इसी में उसकी वास्तविक सार्थकता है। बोकारो स्टील का जनसंपर्क विभाग कुछ इसी प्रकार डिजिटल माध्यमों के जरिए तकनीक की सार्थकता सिद्ध कर रहा है। एक के बाद एक डिजिटल प्रयासों की कड़ी में जनसंपर्क विभाग ने अब सोशल मीडिया के माध्यम से नगर तथा नगरवासियों की समस्याओं को दूर करने की जो अनूठी पहल की है, वह इन दिनों शहर में सराहनीय चर्चा का विषय बनी है। हो भी क्यों न, जब एक पोस्ट पर त्वरित संज्ञान लिया जाय और तद्नुसार आगे की सकारात्मक कार्रवाई भी हो जाय, तो नगरवासियों के लिए इससे अच्छी सहूलियत वाली बात भला और क्या होगी?

आज आईटी (इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) का आज ऐसा कोई भी प्लेटफार्म नहीं, जहां बीएसएल की पहुंच नहीं। सोशल मीडिया की बात करें, तो फेसबुक, ट्विटर (अब एक्स), इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब के बाद हाल ही में वाट्सएप चैनल के माध्यम से भी बोकारो स्टील की खबरें, उपलब्धियां और गतिविधियां हजारों-लाखों लोगों तक रोजाना पहुंच रही हैं। इस बीच सोशल मीडिया, खासकर एक्स के माध्यम से नगर की समस्याएं एवं जन-शिकायतों के समाधान की पहल अपने-आप में अनूठी है। जिस प्रकार भारतीय रेलवे में यात्रियों की समस्याएं होने पर ट्विटर के माध्यम से सही समय पर सही समाधान की उम्मीद रहती है, उसी राह पर बीएसएल के जनसंपर्क विभाग ने भी अपने कदम बढ़ाए हैं।

**डीआई के मार्गदर्शन में काम कर रही विशेष टीम-** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संचार प्रमुख मणिकांत धान के नेतृत्व वाली पीआर (पब्लिक रिलेशन्स) टीम तत्परता के साथ इस दिशा में कार्यरत है। खास बात यह है कि बीएसएल के जनसंपर्क विभाग ने वरीय प्रबंधक अभिनव शंकर की अगुवाई में सोशल मीडिया के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है, जो जन-शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए बीएसएल के संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए तत्काल सूचित कर देती है। नगर सेवा विभाग भी पब्लिक प्लेटफॉर्म का मामला देख संजीदगी से उस समस्या के यथाशीघ्र समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई करता है।

**केस स्टडी - 1 : हादसे को आमंत्रित करती स्टैंडी हटाई गई-** नगर के सेक्टर-3 और सेक्टर- 4 को जोड़ने वाले इंदिरा गांधी पथ स्थित हैप्पी स्ट्रीट रोड पर कुछ दिन पहले हाफ मैराथन की एक स्टैंडी (फ्रेम सहित लंबवत फ्लेक्स) हवा में कारण सड़क पर गिर गई थी। सड़क के दाहिनी ओर काफी दूरी तक आगे लटक जाने के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इसे एक जागरूक नगरवासी ने एक्स पर बीएसएल को टैग करते हुए पोस्ट किया। कुछ घंटे बाद ही इसे संज्ञान में लिया गया और अगले ही दिन सड़क पर नीचे लटकती स्टैंडी को सीधा करवा दिया गया। फलस्वरूप सड़क हादसों का खतरा टल गया और शहर की खूबसूरती बढ़ाती हैप्पी स्ट्रीट की स्टैंडी भी टूटने-फटने से बच गई।

**केस स्टडी - 2 : 4 महीने से क्वार्टरों पर लटके थे बांस, 36 घंटे में हट गए-** सेक्टर- 9डी में स्ट्रीट- 38 स्थित आवास संख्या 1633-1648 के ब्लॉक में बिल्डिंग पर चार महीने से बांस लटके पड़े थे। अक्टूबर 2024 महीने में अनुरक्षण का जिम्मा जिस ठेकेदार को मिला था, उसका ठेका खत्म हो गया, तो उसने काम को बीच में ही छोड़ दिया और बांसों के जाल को बिल्डिंग पर यूं ही लटकता छोड़ दिया। नतीजा यह हुआ कि इस भीषण शीतलहर में भी दो-तीन परिवारों के घर की खिड़कियां बांस बंधे होने के कारण बंद नहीं हो पा रही थी। घर के बुजुर्ग और बच्चे बीमार भी पड़ गए। इस बीच मामले से जैसे ही जनसंपर्क विभाग को एक्स पोस्ट के जरिए एक नगरवासी ने अवगत कराया, त्वरित कार्रवाई की गई। सबसे पहले संज्ञान लेकर संबंधित विभाग को मामला अग्रसारित किया गया और अगले ही दिन यानी शिकायत के 36 घंटे के भीतर क्वार्टरों पर लटकते बांसों को हटा दिया गया।

**इंस्टाग्राम पर भी कर सकते हैं टैग-** सेल बीएसएल ट्विटर (एक्स) के साथ-साथ इंस्टाग्राम पर भी जनशिकायतों को अब संज्ञान ले रहा है। एक महिला सोशल मीडिया यूजर ने इंस्टाग्राम पर भी टैग करने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकृत कर दिया गया। यानी एक्स के साथ-साथ अब इंस्टाग्राम पर भी बीएसएल को टैग करते हुए मामले को रखा जा सकता है।

**पहली महिला एआई न्यूज एंकर को मिल चुकी है सराहना-** बीएसएल की पीआर टीम तकनीकी मामले में काफी दक्ष साबित हो रही है। गत वर्ष ही जनसंपर्क अधिकारी अभिनव शंकर ने 'सेल' (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि.) में पहली बार एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित महिला न्यूज एंकर प्रगति को लांच किया। इस नवोन्मेषता के लिए पीआर टीम को सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने स्वयं शाबाशी दी। प्रगति नामक एआई न्यूज एंकर हर दिन बीएसएल की खबरें पढ़ती है और संबंधित वीडियो के साथ उसे यू-ट्यूब एवं अन्य सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित किया जाता है। कुल मिलाकर, बीएसएल का अभिनव प्रयास रंग दिखा रहा है। यह साबित करता है कि सोशल मीडिया केवल रील्स देखने या दिखाने का ही नहीं, जनसरोकार का भी एक सशक्त माध्यम बन सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने राकेश महतो



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, ओबीसी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने बोकारो के वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुशवाहा राकेश महतो को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी, ओबीसी प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके साथ ही कैप्टन यादव ने कुशवाहा राकेश महतो से पार्टी की सीपीसी श्रीमती सोनिया गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में आस्था रखते हुए झारखंड प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपना भरपूर सहयोग देने की उम्मीद जताई है। श्री महतो के इस पद पर मनोनयन से कांग्रेस के विभिन्न नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### हाइवा डंपर का चक्का जाम कल से




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** जैनामोड़-फुसरो मेनरोड में ओवरलोड छाई, कोयला एवं वायु प्रदूषण को लेकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर 22 जनवरी से हाइवा डंपरों का परिचालन बंद कर दिया जायेगा। महासचिव मंतोष सोरेन ने बताया कि रोज इस रोड से दर्जनों छाई और कोयला लदे ओवरलोड हाइवा डंफरों के कारण उड़ते हुए धूल कण के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। बीते 23 दिसंबर को एसडीओ बेरमो के सामने वार्ता हुई थी कि बंद कंटेनर में भरकर छाई की ढुलाई की जायेगी, जो नहीं किया जा रहा है। वायु प्रदूषण के चलते बाइक सवार लोगों का रोड में चलना मुश्किल हो गया है। जैनामोड़ से लेकर फुसरो तक के लोग 22 जनवरी को मेनरोड में उतर कर हाइवा का चक्का जाम करेंगे।

### जैन समाज के दो लोगों ने 42.2 किलोमीटर मैराथन की पूरी, किया गया सम्मानित



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रामगढ़।** रामगढ़ शहर के दो मैराथन धावकों का जैन समाज ने सोमवार की शाम अभिनंदन किया है। श्री दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश सेठी के आवास पर अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया। रमेश सेठी के दोनों पुत्रों विकास और अमित ने मुंबई में आयोजित टाटा मैराथन में 42.2 किलोमीटर की दूरी को पूर्ण किया। उनके रामगढ़ आने पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। समाज के लोगों ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि विकास एवं अमित सेठी की यह उपलब्धि उनकी निजी उपलब्धि न होकर समस्त समाज की उपलब्धि है। उम्र के इस पड़ाव में उनकी यह उपलब्धि समाज की नई पीढ़ी के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।

समाज ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन करने के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाटनी, सचिव योगेश सेठी, कोषाध्यक्ष सौरव जैन, संजय सेठी, ललित चूड़ीवाल, मुनकी जैन, पदमचंद छाबड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आर्मी स्कूल में पोक्सो एक्ट पर कार्यशाला आयोजित

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रामगढ़।** मिलिट्री हॉस्पिटल रामगढ़ कैंट के तत्वावधान में आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट बच्चों के लिए पोक्सो एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मिलिट्री हॉस्पिटल के डॉ रेणु गहलोत रॉय ने बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया। बच्चे अपने आप को कैसे प्रोटेक्ट करें और कैसे सुरक्षित रहे और किसी भी घटना को अपनी माता-पिता से अवश्य शेयर करें।

पोक्सो एक्ट का उपयोग कैसे करें। इसकी जानकारी दी गई। जिसमें 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन तीन सेशन में किया गया। बच्चे अत्याधिक उत्साहित थे। उन्होंने अनगिनत प्रश्न पूछे। जिनका डॉ रॉय ने बडे सरलता से उत्तर दिया। बच्चे इस टॉपिक से पूरी तरह अनजान थे। उन्होंने इस कार्यशाला से बहुत से जानकारी हासिल की। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल दिव्य सैब और लेफ्टिनेंट कर्नल श्रावणी रॉय ने भी अपने विचार रखें। मिलिट्री हॉस्पिटल की पीएम लेफ्टिनेंट कर्नल एन जीना और विद्यालय के अध्यापक मौजूद थे।

## उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, 488 पेटी अवैध विदेशी शराब को किया गया जब्त



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**राँची** : सिल्ली थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए 50 लाख रुपया के अवैध विदेशी शराब का जखीरा बरामद किया गया है. गोवा पंजाब सहित अंतराज्यीय गिरोह के द्वारा अवैध शराब का कारोबार चलाया जा रहा था. रांची उत्पाद विभाग ने घने जंगल में चल रहे अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया. इस रेड में 50 लाख की अवैध विदेश शराब का जखीरा बरामद किया गया है.

इसके साथ ही सीलिंग मशीन, रैपर,बोतल, ढक्कन सहित अन्य समान बरामद किए गए है. इन शराब माफियाओं का इंटर स्टेट कनेक्शन है इसकी भी जानकारी उत्पाद विभाग को मिली है. हालांकि, इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है. लेकिन इस नेक्सस को ऑपरेट करने वाले लोगों की तलाश की जा रही है. 488 पेटी शराब की इस बड़ी खेप को सिल्ली इलाके से बरामद किया गया है. वहीं, शराब की प्लास्टिक पाउच भी बरामद की गई है, जिसपर ओनली फॉर गोवा लिखा हुआ है.

## जेईई मेन का पहला सेशन कल से, बोकारो में दो केंद्रों पर 2069 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

### सफल, सुचारू एवं कदाचार-मुक्त परीक्षा को ले तमाम तैयारियां पूरी : सिटी को-ऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) का आयोजन इस वर्ष 22 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। बोकारो जिले में इसके लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 2069 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया है। सोमवार को इस आशय की जानकारी देते हुए एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा सुचारू तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार-मुक्त संपन्न हो तथा परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो, इसकी हरसंभव व्यवस्था दोनों ही केंद्रों पर सुनिश्चित की गई है। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक गाइडलाइन के अनुपालन का निर्देश दिया गया है।

डॉ. गंगवार ने बताया कि बोकारो में 22, 23 एवं 24 जनवरी को परीक्षाएं होंगी। आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहले दिन 22 जनवरी को प्रथम पाली में 111 एवं द्वितीय पाली में 140, 23 जनवरी को फर्स्ट शिफ्ट में 123 व सेकेंड शिफ्ट में 139 तथा 24 जनवरी को पहली पाली में 141 तथा दूसरी पाली में 96 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार, अल्फा आईसीटी सेंटर में पहले दिन 22 जनवरी को दोनों ही पालियों में 220-220, 23 जनवरी को प्रथम पाली में 219 एवं द्वितीय पाली में 220 तथा 24 जनवरी को दोनों ही पालियों में 220-220 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी एनटीए की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में हो रहा है। पहला सेशन 22-31 जनवरी 2025 और दूसरा 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 की अवधि में होगा। 22, 23, 24, 28, 29 जनवरी 2025 को पेपर - 1 (बी.ई./बी. टेक) की परीक्षा पहली पाली में प्रातः 9.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे तक तथा दूसरी पाली में दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.00 तक ली जाएगी। 30 जनवरी को सेकेंड शिफ्ट में दोपहर 03.00 बजे से शाम 6.30 बजे तक पेपर- 2ए (बी. आर्क), पेपर - 2बी (बी. प्लानिंग) एवं दोनों की परीक्षाएं साथ ली जाएंगी। जबकि, 31 जनवरी की तिथि को आवश्यकता अनुरूप स्पेयर दिवस के रूप में रखा गया है। बी. आर्क और बी. प्लानिंग के ड्राइंग टेस्ट को छोड़कर सभी परीक्षाएं केवल सीबीटी (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) मोड में ही होंगी। बी. आर्क और बी. प्लानिंग के ड्राइंग टेस्ट पेन-पेपर बेस्ड मोड में ऑफलाइन ड्राइंग शीट पर लिए जाएंगे। ड्राइंग एप्टीट्यूड के अलावा सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे।

## जल्द बनेगा विकसित बोकारो : विधायक श्वेता सिंह

राष्ट्रीय मुख्यधारा : विजय कुमार झा



**बोकारो** : बोकारो की नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती श्वेता सिंह अपनी जीत के बाद लगातार बोकारो के विकास को लेकर सक्रिय दिख रही हैं। हर परिस्थिति में वह जनहित के मुद्दों को लेकर आगे नजर आ रही हैं। बोकारो में विकास के रुके हुए मुद्दों को लेकर वह लगातार मुखर हैं और उनकी कोशिश है कि उनके दिवंगत ससुर बोकारो के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय समरेश सिंह के सपनों को साकार कर उसे धरातल पर जल्द से जल्द उतारा जाय। प्रस्तुत हैं उनसे बातचीत के प्रमुख अंशः-

बोकारो हवाई अड्डा को जल्द शुरू करवाना, बोकारो के विस्थापित गांवों में पंचायती राज व्यवस्था लागू करवाना, पिंड्राजोरा को प्रखंड बनाना, बियाडा के विकास के लिए इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण और चास नगर निगम के सभी पैंतीस वार्ड में हमें अंडरग्राउंड नाली का सिस्टम चाहिए। ये पांच मुद्दे मेरी प्राथमिकता सूची में हैं। मुख्यमंत्री जी के साथ बैठकर मैंने इन पांचों मुद्दों पर बात की है। फिर शहरी विकास विभाग (अर्बन डेवलपमेंट) के सचिव मैंने चास नगर निगम में ड्रेनेज सिस्टम के लिए बात की है।

उन्होंने कहा कि, बोकारो अब बहुत पीछा चला गया है। क्योंकि, मुख्यमंत्री जी खुद बोकारो के हैं। बोकारो को वह जान रहे हैं। जो विकसित बोकारो होना चाहिए था, वह आज कहीं पर भी नहीं है।


ऐसे से कुछ लोग हैं, जिन्होंने बोकारो को खत्म कर दिया। आज हमारे बोकारो का नाम विश्व पटल पर नाम है। औद्योगिक नगरी बीएसएल को कौन नहीं जानता है? उसके बावजूद आज हमारे बोकारो में पीने का पानी नहीं है। दुर्भाग्य है। हमारा जो उद्देश्य है, मुझे उम्मीद है कि बहुत जल्दी अच्छा काम कर लेंगे और विकसित बोकारो सभी के सामने जल्द नजर आएगा।

**बोकारो से जल्द शुरू होगी हवाई सेवा-** बोकारो हवाई अड्डा से उड़ान सेवा प्रारंभ होने में विलंब को लेकर उन्होंने कहा- सबसे पहले तो अभी हर जगह, जहां पर भी मैं जा रही हूं, लोग बोकारो एयरपोर्ट की बात करते हैं। हवाई अड्डा को लेकर हमारी जो कोशिश है, उस पर हम काम कर रहे हैं और मुझे भरोसा है कि बहुत जल्दी हवाई अड्डा को चालू करने में जो तकनीकी खामियां हैं, उनका समाधान कर रहे हैं। इसमें कोई बड़ी समस्या नहीं है। बहुत जल्दी बोकारो से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट के अलावा बोकारो में ब्राउन लैंड डेवलपमेंट, बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण और अप्रेंटिस का क्या होगा, इन मुद्दों पर सेल चेयरमैन से मेरी बात हुई है।

**विस्थापित गांवों को मिलेगी पंचायती राज सुविधा-** श्रीमती सिंह ने कहा कि बोकारो में समस्याएं तो बहुत ज्यादा हैं, लेकिन इनमें मेरी पहली प्राथमिकता है यहां के विस्थापित गांवों में पंचायती राज की सुविधा दिलाना। विस्थापित समस्या मेरी प्राथमिकता सूची में है। क्योंकि, बोकारो के विस्थापित गांवों में सरकार की विकास योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। इसलिए पंचायती राज के तहत विस्थापित गांवों को शामिल कराने और उन पंचायतों को विकसित कराने की दिशा में मैं काम कर रही हूं।

**चास का जल्द होगा कायाकल्प-** श्रीमती सिंह ने कहा कि, चास में पानी वाला काम चल रहा है। लेकिन, विलंब हो रहा है तो इसके लिए हम फेज-3 वाला काम भी शुरू करवा रहे हैं। दो फेज में नल लगाने का काम पूरा हुआ है। अब तीन फेज में चास नगर निगम के सभी घरों में नल होगा। तीसरा नाली वाला काम रह गया है। चास नगर निगम में हमें अंडरग्राउंड नाली बनवाना है। यह नाली सड़क के बीचों-बीच होगी और ऊपर से ढ़लैया रोड रहेगा। यह काम हम करवा लेंगे तो चास का कायाकल्प होगा। हमें चास का कायाकल्प करना है। पिछले 17 जनवरी को मुख्यमंत्री जी से इन सभी मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई है। उन्होंने काफी समय भी दिया और कहा कि क्षेत्र के लिए जो भी करना है, कीजिए और मेरी जहां-जहां जरूरत हो, बताइये। हम आपके हिसाब से काम करेंगे।

## सांसद ने डीवीसी चंद्रपुरा के परियोजना प्रधान के साथ कई मुद्दों पर की वार्ता



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**चंद्रपुरा :** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोमवार को यहां डीवीसी के निदेशक भवन में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान से कई मुद्दों पर वार्ता की। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नंद शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डी सी पांडेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) अविजीत घोष आदि ने सांसद का स्वागत किया। सांसद श्री चौधरी ने परियोजना प्रधान के समक्ष कई मुद्दों पर वार्ता की और आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या का समाधान के लिए वे डीवीसी प्रबंधन का सहयोग करेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से यहां प्लांट के संचालन आदि कार्यों में प्रबंधन का सहयोग करने की अपील की, ताकि इस क्षेत्र के विकास कार्य की गति तेज हो सके वार्ता में सांसद प्रतिनिधि बिगन महतो, अरविंद पांडेय सहित कई मुखिया और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल थे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### लकड़ी तस्कर मोटरसाइकिल व लकड़ी के साथ गिरफ्तार

**लातेहार , एजेंसी।** वन व पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक अवैध लकड़ी तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, सूचना मिली थी कि महुआडांड़ थाना क्षेत्र के सोहर पाठ जंगल में वनों की अवैध कटाई कर लकड़ी तस्करों के द्वारा उसकी तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम बनायी गयी। टीम ने जंगल में छापेमारी अभियान चलाकर जावेद अंसारी, पिता कयूम अंसारी (लुरगुमी) को गिरफ्तार किया। उसके पास से पांच पीस चौखट और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। यह छापामारी अभियान थाना प्रभारी अवनीश कुमार और वन पाल कुंवर गंझू के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 22 को, मॉनिटरिंग करेंगे झारखंड पुलिस के 24 आईपीएस अधिकारी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में 22 जनवरी को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर आम जनता की समस्या सुनी जायेगी और उनकी मदद की जायेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 24 जिलों में 24 आईजी, डीआईजी और रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्त किया है। प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, आम जनता से मिली शिकायत का सही तरीके से निवारण किया जा रहा है या नहीं, पुलिस पदाधिकारी व कर्मी के खिलाफ दुर्व्यवहार से संबंधित प्राप्त शिकायत को लेकर नियमानुसार कार्रवाई हो रही है या नहीं, आम जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार सम्मानजनक है या नहीं और जिले के एसपी द्वारा प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सही ढंग से किया जा रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

### रांची डीसी मंजू नाथ भजंत्री की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 20 फरवरी को सुनवाई

**रांची, एजेंसी।** आईएएस अधिकारी और वर्तमान में रांची डीसी के पद पर पदस्थापित मंजू नाथ भजंत्री की याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट 20 फरवरी को सुनवाई करेगा। फिलहाल शीर्ष अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच में डीसी भजंत्री की याचिका पर सुनवाई चल रही है। दरअसल मंजू नाथ भजंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल कर हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उन्हें चुनावी कार्य से दूर रखे जाने के आदेश दिया गया था। पिछले वर्ष 22 सितंबर को ह्रस-अधिकारी मंजू नाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका स्वीकार कर ली गयी थी, जिसके बाद उन्हें चुनाव के कार्य से दूर रखा गया था। आचार संहिता के दौरान आननफानन में उन्हें रांची डीसी के पद से हटा कर वरुण रंजन को रांची डीसी नियुक्त कर दिया गया था। हालाकि हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सरकार ने वापस मंजू नाथ भजंत्री को रांची डीसी नियुक्त कर दिया है।

### 22 को चांडिल व कुकडू में और 24 को ईचागढ़ व नीमडीह में लगेगा प्रखंड स्वास्थ्य मेला

**सरायकेला, एजेंसी।** सरायकेला-खरसावां जिले के हर प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। चांडिल अनुमंडल के चारों प्रखंड में इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को स्वास्थ्य मेला का आयोजन हाट तोला के समीप कुकडू उप स्वास्थ्य केंद्र में किया जाएगा। जबकि इसी दिन अनुमंडलीय अस्पताल चांडिल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। वहीं 24 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह में प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्वास्थ्य मेला के आयोजन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

# गैर आदिवासी से शादी करने पर जाति के लिए आवेदन पर मानकी-मुंडा नहीं करेंगे अनुशंसा

**चाईबासा, एजेंसी।** आदिवासी हो' समाज में धर्मांतरित एवं गैर आदिवासी से शादी करने पर मुंडा-मानकी जाति के लिए आवेदन पर अनुशंसा नहीं करेंगे। यह निर्णय रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव के घोड़ाबांधा में आदिवासी हो समाज महासभा केंद्रीय समिति के दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन सह समापन सत्र में लिया गया। अध्यक्ष मुकेश बिरुवा की अध्यक्षता में सम्पन्न द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र के खुला सत्र में बागे-बापागे (पति-पत्नी के बीच संबंध-विच्छेद), धर्मांतरण, परस्पर सामाजिक सहयोग और सामाजिक एकता एवं आपसी भाईचारे पर विशेष चर्चा की गयी।

केंद्रीय मुंडा मानकी संघ की ओर से गणेश पाठ पिंगुवा ने समाज से कहा कि गैर आदिवासी से शादी करने पर समाज की ओर से उन्हें जाति प्रमाण पत्र के आवेदन पर अनुशंसा मानकी-मुंडा नहीं करेंगे। इस निर्णय का समाज सख्ती से पालन करेगा। समापन सत्र में लक्ष्मीनारायण लागुरी, मानकी मुंडा संघ अध्यक्ष गणेश पाट पिंगुवा, मोनाचंद्र



सिंह संवैया, दामोदर सिंह सिंकु, देवेंद्र नाथ चंपिया, भूषण पाट पिंगुवा, इपिल समाड उपस्थित रहे। वहीं गब्बर सिंह हेम्ब्रोम, सुरेंद्र पूर्ति, बिरसिंह बिरुली, गोविंद बिरुवा, अंजू सैमड, इंदु तिऊ, रमेश जेराई, विनीता पुरती, चैतन्य कुंकल, मानसिंह समाड, विपिन चंद्र तामसोय, रमेश बालमुचू भी समापन सत्र में उपस्थित रहे।

हरीश चंद्र समड, छोटेलाल तामसोय,शेर सिंह बिरुवा, बहालेन चंपिया, लक्ष्मण बांकिरा, भूषण लागूरी, डौरा पिंगुवा, सुनील हेम्ब्रोम, सुरेंद्र पिंगुआ, सामु लागूरी, सतीश समड, अनिल चातर, सिकंदर हेम्ब्रोम, कालीचरण बिरुवा आदि समाज के सैकड़ो लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। अधिवेशन के दौरान ही समाज के महत्वपूर्ण निर्णयों को लिपिबद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए निर्णय लिया गया कि एरे बोंगा में ही शादी की तिथि तय की जाएगी। अधिवेशन में कहा गया कि आदिवासी हो समाज में बाला के रूप में सगाई होने के पश्चात, लड़का और लड़की के घर की ओर जाने की प्रक्रिया में जो भी ग्रह नक्षत्र या अपशगुन दिखता है, उसे पारंपरिक एरे-बोंगा से समाप्त करने की परंपरा है।

हालिया दिनों में इस परंपरा का समाज के लोगों के द्वारा अनुपालन नहीं किया जा रहा। वार्षिक अधिवेशन की प्रतिनिधि सभा ने आदिवासी हो समाज में एरे-बोंगा को शादी की आवश्यक गतिविधि के रूप में अनुमोदित किया।

यानी आदिवासी हो समाज की शादी के अनुष्ठानों में यह अनुष्ठान आवश्यक है। इस अनुष्ठान को किये बगैर आदिवासी हो समाज की शादी मान्य नहीं होगी। यह अनुष्ठान वर और वधु दोनों के गांव के बीच के जगहों पर संपन्न की जाएगी।

हो' समाज की शादी में बाराती नहीं बल्कि सराती ( हो' भाषा में सुरतुली कहते हैं) जाएंगे। यानी लड़के वाले लड़की के यहां उन्हें अपने साथ लाने के लिए जाएंगे जिसमें वर छोड़ कर नजदीकी पारिवारिक रिश्ते वाले लोग गांव से जाएंगे। हो भाषा में इसे ओर-एरा कहते हैं। पारंपरिक शादी को अपनाते हुए यह तय हुआ कि शादी के मंडप में किसी भी पुजारी से पूजा विधि हो' समाज में नहीं होगी अर्थात अन्य समाज के पुजारियों से कराना वर्जित होगा। चूंकि सभी विधियां पारंपरिक तरीके से संपन्न होती है, उसमें किसी पुजारी की मान्यता नहीं है।

## रांची, डाल्टेनगंज समेत कई जिलों में गिरा तापमान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची, डाल्टेनगंज समेत कई जिलों के तापमान में गिरावट आई है। हालांकि, झारखंड का उच्चतम तापमान बढ़कर 30.4 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी है। मौसम केंद्र ने कहा है कि झारखंड का उच्चतम तापमान सामान्य से अधिक हो गया है। रांची के अधिकतम तापमान की बात करें, तो यह पिछले 24 घंटे में 1.8 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 25 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है। मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रहेगा। बाद में आसमान साफ हो जाएगा। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 5 दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

जमशेदपुर का उच्चतम तापमान 2 डिग्री बढ़कर 28 डिग्री हो गया है। यह सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। डाल्टेनगंज के तापमान में पिछले 24 घंटे के दौरान अप्रत्याशित रूप से 6.4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। यहां का पारा 26 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक है। बोकारो का उच्चतम पारा 1.6 डिग्री बढ़कर 26.1 डिग्री हो गया, जो सामान्य से 0.6 डिग्री अधिक है। चाईबासा का अधिकतम तापमान 2.6 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 30.4 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया। यह सामान्य से 5।2 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

अगर न्यूनतम तापमान की बात करें, तो जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 11.8 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक है।

डाल्टेनगंज का न्यूनतम पारा 3 डिग्री घटा है और यह 8।6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0।5 डिग्री सेल्सियस कम है। बोकारो और चाईबासा में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से कम है। बोकारो में यह 1.5 डिग्री घटकर 10।6 डिग्री हो गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस है।

## मुख्य सचिव अलका तिवारी पहुंची चांडिल डैम, लिए आवश्यक सुझाव व जानकारी



**रांची, एजेंसी।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी रविवार को चांडिल डैम पहुंचीं। चांडिल डैम पहुंचने पर डैम में नौका विहार का संचालन करने वाली विस्थापित समिति के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। वहीं मौके पर जिला प्रशासन की ओर से मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया गया। चांडिल डैम पहुंचने के बाद उन्होंने डैम में मत्स्य पालन, पर्यटन के विकास व विस्थापितों के संबंध में जानकारी हासिल की और सुझाव लिए। इस अवसर पर चांडिल डैम के विभिन्न लाभुक समिति के सदस्यों के साथ बात कर आवश्यक जानकारी ली।

**पर्यटन के विकास पर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया :** मौके पर लाभुक समिति के सदस्यों ने डैम के अन्य क्षेत्रों में भी पर्यटन के विकास पर फोकस करने की बात कही। समिति के सदस्यों ने कहा कि कुकडू प्रखंड के उदाटांड समेत अन्य क्षेत्र में पर्यटन के विकास पर काम करने की जरूरत है। यह क्षेत्र पश्चिम बंगाल से सटा क्षेत्र है। उन्होंने डैम में पर्यटन के विकास और मत्स्य पालन के संबंध में आवश्यक जानकारी लेने के बाद इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि डैम में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। प्रकृति से डैम क्षेत्र के अपने अनुपम सौंदर्य से सजाया है।

**केज कल्चर से हो रहे मत्स्य पालन की ली जानकारी :** चांडिल डैम पहुंचने के बाद उन्होंने केज कल्चर से हो रहे मत्स्य पालन को देखा और केज में फिसिंग का लुत्फ उठाया। मौके पर मत्स्य पालकों ने उनसे बाजार उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। मुख्य सचिव के साथ सेवानिवृत आइएएस डॉ डीके तिवारी, जिला के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत, प्रशिक्षु आइएएस कुमार रजत, उप विकास आयुक्त, जिला मत्स्य पदाधिकारी रौशन कुमार, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी राजकुमार तुरी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक सरयू राय के कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज में शामिल हुए हजारों लोग

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का कार्यक्रम रविवार को आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे जमशेदपुर के जनता दल (यूनाइटेड) के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी हजारों की संख्या में जुटे। विधायक सरयू राय ने प्रायः हर कार्यकर्ता से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा। कार्यकर्ता विधायक सरयू राय से मिल कर प्रफुल्लित नजर आ रहे थे। इस कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज में जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो भी शामिल हुए। वह अपने समर्थकों संग आये थे।

इस आयोजन के कर्ता-धर्ता आशुतोष राय ने कहा कि कार्यकर्ता



ही पार्टी की पूंजी होते हैं। उनको मान-सम्मान देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय कार्यकर्ताओं के लिए हर वक्त उपलब्ध रहते हैं और मानते हैं कि उनकी आन-बान-शान कार्यकर्ता ही हैं। श्री राय ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद से इस बात की शिद्दत से जरूरत महसूस की जा रही थी कि कार्यकर्ताओं के साथ खुले माहौल में बात करना, उन्हें सम्मान देना जरूरी है। इसलिए कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया गया।इस कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज में गीत-संगीत की भी बहार रही। हजारों लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का स्वाद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत से ही गीत-संगीत का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था। सोनू सिंह दुलरुआ की टीम के देवेंद्र पांडेय और चंचला सिंह ने भोजपुरी में एक से बढ़ कर एक भजन और गीत से लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में धर्मेंद्र तिवारी, अशोक गोयल, अविनाश सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, नीरज सिंह, शैलेन्द्र राय, मुकेश मित्तल, आर सी जी, पंकज सिन्हा, भाजपा कदमा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, भाजपा मानगो मंडल के अध्यक्ष विनोद राय, भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, मनोज सिंह, संजीव कुमार, टाटा वर्कर्स यूनियन महामंत्री शैलेश सिंह, सतीश सिंह, नीरज सिंह(भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ), हरेराम सिंह, शेष नाथ पाठक, द्विपल विश्वास, तारक मुखर्जी, अजय श्रीवास्तव, मुकुल मिश्रा, पप्पू सिंह मानगो, मुन्ना सिंह, कविता परमार, नीरु सिंह, पप्पू सिंह सूर्यवंशी, निमाईचंद्र अग्रवाल, टीडी गांगुली, विश्वजीत सिंह, संजीव सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, निखार सबलोक, रिक्की केशरी, आदित्य मुखर्जी समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

## ऑक्सीजन रेगुलेटर के नहीं होने से धूल फांक रही एसआइसीयू में वेंटिलेटर मशीन

**धनबाद, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के सर्जिकल इंटेसिंव केयर यूनिट (एसआइसीयू) का हाल बुरा है। यहां प्रबंधन की लापरवाही के कारण मरीज व उनके परिजन परेशान हैं। एसआइसीयू के विभिन्न बेड के समीप रेगुलेटर नहीं होने के कारण सामान्य मरीजों को पहले से ही ऑक्सीजन की सुविधा सही तरीके से नहीं मिल पा रही है। वहीं ऑक्सीजन रेगुलेटर के कारण गंभीर मरीजों को वेंटिलेटर सपोर्ट की सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। वेंटिलेटर सपोर्ट से संबंधित मरीजों को कंसंट्रेटर लगाकर ऑक्सीजन अथवा लाइफ सेविंग ड्रग देकर उनकी जान बचायी जा रही है। बता दें कि एसआइसीयू में गंभीर मरीजों को भर्ती लिया जाता है, जिन्हें विशेष चिकित्सकीय सुविधा मुहैया करानी पड़ती है। इस यूनिट में भर्ती लिये गये ज्यादातर मरीज या तो सड़क दुर्घटना में घायल होकर पहुंचते हैं अथवा किसी तरह की अन्य सर्जरी के बाद उन्हें भर्ती लिया जाता है। वर्तमान में एसआइसीयू के बेड के समीप लगे कई ऑक्सीजन रेगुलेटर मशीन खराब हो चुकी हैं। वहीं कुछ मशीन चोरी हो गयी है।

बता दें की एसआइसीयू में लगे उपकरणों के मेंटेनेंस की जिम्मेवारी निजी एजेंसी अपेक्स इंडिया को सौंपी गयी है। इस वार्ड से जुड़े सभी प्रकार की सामग्री खराब होने पर बदलने की जिम्मेदारी इसी एजेंसी की है। अस्पताल प्रबंधन ने एसआइसीयू में खराब रेगुलेटर को बदलने का निर्देश एजेंसी को दिया है। बावजूद इसके एजेंसी खराब उपकरणों को बदलने में लापरवाही बरत रही है। मेंटेनेंस का नाम पर उक्त एजेंसी सिर्फ खानापूर्ति करने में लगी हुई है।

## मटकुरिया गोलीकांड में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा-मैं निर्दोष हूं मुझे झूठा फंसाया गया है

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के चर्चित मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई शनिवार को एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई। अदालत ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, आयुष श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शर्मा, अंजनी कुमार झा की दलील सुनने के बाद सभी 29 आरोपियों का सफाई बयान दर्ज किया। इस दौरान सभी 29 आरोपी सदेह उपस्थित थे। अदालत ने सभी आरोपियों का बयान दर्ज किया। कोर्ट को दिए बयान में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मलिक ने कहा कि में निर्दोष हूं मुझे झूठा फंसाया गया है। वहीं अन्य आरोपियों ने भी खुद को निर्दोष बताया और कहा कि साजिश के तहत उन्हें फंसाया गया है।अदालत ने बचाव पक्ष को साक्ष्य पेश करने का निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तारीख 24 जनवरी 2025 निर्धारित कर दी है।

शब्बीर आलम, धर्मवीर कुमार शर्मा, राजकुमार पासी, मन्नान मल्लिक, हुबान मल्लिक, वीरिंदर कुमार सिंह, कुमार अभिषेक, मोहम्मद अजीम, अजय कुमार सिंह, शगुन चौहान, बलदेव पांडेय, दिल चंद चौहान, मो कलाम, भगवान साव, शक्ति कुमार, बाबर अली खान, ब्रजेश कुमार, वीरेंदर पासवान, अरविंद कुमार सिंह, बिनोद सिंह, रंजीत कुमार, जीवन चंद्र घोष, मो हलीम अंसारी, मदन महतो, नवनीत नीरज, हरिंदर शाही, दीपक कुमार पासवान इजहार अहमद, बद्री रविदास, जबकि अजय कुमार राउत का बयान दर्ज नहीं किया जा सका, क्योंकि वह बीमार थे। 27 अप्रैल 2011 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आरके धान जख्मी हो गये थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गयी थी। तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के बाद केस के अनुसंधानकर्ता शिवशंकर तिवारी ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान पूर्व मंत्री बच्चा सिंह, ओपी लाल, पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह, उदय सिंह, अशोक यादव की मौत हो गयी, जबकि दिलीप कुमार को भगोड़ा घोषित कर दिया गया।

## ट्रेनों के परिचालन में स्टेशन मास्टर की भूमिका अहम : प्रमोद

**बोकारो, एजेंसी।** ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन की ओर शनिवार को सेक्टर-04 स्थित बुद्ध विहार में सेफ्टी सेमिनार की गयी। इसमें पांच डिवीजन आद्रा, चक्रधरपुर, खड़कपुर, रांची व धनबाद के 70 से अधिक स्टेशन मास्टर शामिल हुए। शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर व एसोसिएशन का गीत 'संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलोज्भलो हो जिसमें देश का, वो काम सब किये चलोज' प्रस्तुत कर किया। सेमिनार के दौरान शामिल स्टेशन मास्टरों ने सेफ्टी के प्रति अपने-अपने विचार रखे।मुख्य अतिथि एसो। के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि ट्रेनों के परिचालन में स्टेशन मास्टर की भूमिका काफी अहम होती है, चाहे कितनी ही व्यस्त ट्रैफिक हो समय का पालन करते हुए सुरक्षित व संरक्षित ट्रेनों का परिचालन कराना स्टेशन मास्टर के लिए हमेशा चुनौती भरा होता है। ऐसे में स्टेशन मास्टर को अपने डयूटी के दौरान मानसिक रूप से रिलैक्स रहने की जरूरत है। इसके लिए उन्हें अपनी डयूटी समाप्त करने के बाद आवास में चैन की नींद व परिवार के साथ सुखद दैनिक जीवन बिताना चाहिए।

**सेमिनार में ये रहे शामिल :** स्टेशन मास्टर एके हल्धर, ओपी सिन्हा, रमेश महतो, विजय कुमार, गौरी शंकर, जितेंद्र पासवान, सुजीत कुमार, महेश कुमार, एसके शर्मा, अविनाश, एमके झा, आरके रजक, रमानुज गिरि, सुभाष राजहंस, बीरेंद्र कुमार, नीतिश कुमार, बीएल गुप्ता, एम पात्रा, संजय कुमार, अविनाश कुमार, दिलीप कुमार आदि मौजूद थे।

# मानगो नगर निगम और जेएनएसी क्षेत्र में बनाएंगे जनसुविधा समितियां: सरयू राय

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने ऐलान किया है कि वह मानगो नगर निगम और जेएनएसी क्षेत्र में अलग-अलग जनसुविधा समितियां बनाएंगे उन्होंने कहा कि पानी, बिजली, सड़क, नाली, कचरा आदि समस्या के निराकरण की दिशा में जो भी लोग काम करना चाहते हैं वह इन समितियों में शामिल हो सकते हैं। जनसुविधा समिति के सदस्य किसी भी पार्टी के हो सकते हैं और किसी भी राजनीतिक दल के सदस्य नहीं भी हो सकते हैं। उन्हें अपने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी और निराकरण के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

### झारखंड में ठोस कचरा प्रबंधन अधिनियम का पालन नहीं हो रहा

यहां बिष्टुपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रविवार को श्री राय ने कहा कि केंद्र सरकार ने ठोस कचरा प्रबंधन अधिनियम बनाया लेकिन झारखंड में उसका पालन नहीं हो रहा है। दो-तीन जिलों में कुछ काम हुए हैं पर वो नाकाफी हैं। उन्होंने बताया कि मानगो नगर निगम का चुनाव चार माह के भीतर होना है, ऐसा अदालत का आदेश है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि चार माह के भीतर चुनाव होंगे, परिणाम आएंगे तो जो लोग विजयी हुए हैं, वो बैठेंगे कहां। मानगो नगर निगम का अपना कार्यालय तक नहीं है।

### झारखंड के वित्तमंत्री को कठोर बजट बनाना चाहिए

संवाददाता सम्मेलन में सरयू राय ने झारखंड के वित्त मंत्री से अपील की कि वे कठोर बजट बनाएं। लोकप्रिय बजट के चक्कर में न पड़ें। सरकार के पास प्रचंड बहुमत है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य प्रशासन बजट को खर्च करने की ताकत पैदा करे। राज्य सरकार केंद्रीय सहायता में मिली धनराशि को खर्च करे। एक सवाल के जवाब में श्री राय ने कहा कि झारखंड का प्रशासन लचर है, इसलिए राज्य सरकार को फायदा नहीं हो पा रहा है उन्होंने वित्तमंत्री को सुझाव दिया कि वह



अपने विभागों से, विभिन्न मंत्रियों से बात करें और उनसे पूछें कि जो पैसे मिलते हैं, उन्हें वह कितना खर्च कर पाते हैं और कहां खर्च करते हैं। उन्हें विभागीय सचिवों से पूछना चाहिए कि हम आपको जो पैसे दे रहे हैं, आप खर्च क्यों नहीं कर पा रहे हैं। अभी हालत ऐसे हैं कि दिसंबर माह में ही बजट सरेंडर किया जा रहा है, दूसरे विभागों को दिया जा रहा है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था सुधरेगी नहीं। राज्य का प्रशासन तंत्र प्रभावी हो। पैसे अगर खर्च हुए हैं तो उसका क्या प्रभाव दिखा, यह भी जनता के सामने रखने की जरूरत है।

सरयू राय ने कहा कि अब चार खदानें चालू होने वाली हैं। ये खदानें केंद्र सरकार चालू कराएगी। श्री राय ने इस बात पर घोर चिंता जताई कि राज्य सरकार लौह-अयस्क के खदानों को चलाने के लिए न तो लाइसेंस दे पाई, ना ही उन्हें नीलाम कर पाई। यह राज्य सरकार का काम था कि वह माइंसों को नीलाम करती। सरकार ने ऐसा नहीं किया। श्री राय ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विभागों की नकेल कसे, कड़ाई से पेश आए। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि वह केंद्र से लड़े नहीं, संघर्ष की स्थिति पैदा न करे। समन्वय स्थापित करे। तलवारबाजी से काम नहीं चलेगा।

### ऐसे ही मांगने से नहीं मिलेगा केंद्र से धन

एक सवाल के जवाब में श्री राय ने कहा कि सरकार बार-बार कहती है कि केंद्र के पास उसका 1।36 लाख करोड़ रुपये का बकाया है। सरकार को चाहिए कि वह जनता को बताए कि 1।36 लाख करोड़ किन-किन मदों में बकाया है, किस मद में कितने पैसे की लेनदारी है। इसे जनता के सामने रखना चाहिए। ऐसे ही मांगने से नहीं मिलेगा वह धन, यह तय मानिए। श्री राय ने यह भी कहा कि 1।36 लाख करोड़ से राज्य की अर्थव्यवस्था नहीं सुधरेगी।

### झारखंड को उत्पादक राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़े सरकार

श्री राय ने कहा कि झारखंड सरकार को देखना चाहिए कि विकसित राज्य सरकारें कैसे एक से दो बेहतरीन अफसरों की नियुक्ति दिल्ली में करती हैं। उन्होंने कहा कि रेजीडेंट कमिश्नर ऐसा होना चाहिए, जो केंद्र में लायजनिंग कर सके और राज्य की जरूरी फाइलों को आगे बढ़वा सके ताकि राज्य का कल्याण हो। श्री राय ने कहा कि झारखंड को उत्पादक राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, उपभोक्ता राज्य नहीं। उन्होंने तर्क दिया कि हर उपभोक्ता राज्य को जीएसटी में नुकसान उठाना पड़ता है। सरकार बजट सत्र में अपनी कमी-खूबियों को पारदर्शिता के साथ बताए, तभी वित्तमंत्री का लोगों से राय लेना सफलीभूत हो सकेगा। श्री राय ने कहा कि सरकार को आंतरिक संसाधनों से धन पैदा करना होगा। इस दिशा में सरकार को आगे बढ़ना चाहिए, जनता के बीच बातों को रखना चाहिए।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025



# एचएमपीवी वायरस की दहशत

कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी, जांच में एचएमपीवी संक्रमित होने का पता चला। दूसरा आठ महीने का शिशु इससे संक्रमित पाया गया। हालांकि दोनों मरीजों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों से पता चला गंभीर तीव्र सन बीमारी के मामले में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई। सरकार की संक्रमण के मामलों पर गंभीर नजर बताई जा रही है। कोविड-19 महामारी के विश्व को चपेट में लेने के पांच सालों बाद एचएमपीवी वायरस के चीन में तेजी से फैलने की खबरों की दहशत के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट आ गई। एचएमपीवी संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से यह वायरस फैल रहा है। संक्रमित के खांसने-छींकने, छूने और हाथ मिलाने से यह बढ़ रहा है। इस संक्रमण की खोज 2001 में की जा चुकी है। यह रेस्पेरेटरी संकाइटियल वायरस के साथ न्यूमोविरिडे का भी हिस्सा बताई जा रही है। चीन समेत नीदरलैंड, फिनलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में 2023 में इसके संक्रमित मिल चुके हैं। भारत सरकार का कहना है कि मौसम को देखते हुए यह स्थिति असामान्य नहीं है। सरकार ने वायरस की गंभीरता को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन से चीन की स्थिति के विषय में अपडेट देने को भी कहा है। विशेषज्ञ इसे अभी जानलेवा वायरस नहीं बता रहे हैं जो छोटे बच्चों में आम है। जिन्हें अस्थमा है या फेफड़ों से संबंधी कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें चेतावनी दी गई है। इससे बचाव के लिए लगातार हाथ धोने, मास्क पहनने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी जा रही है। एंटी वायरल दवाएं बगैर चिकित्सकीय सलाह के लेने के प्रति चेतावनी भी दी गई है। कोविड संक्रमण से खौफजदा लोगों में आकस्मिक भय व्याप्त है, जिसे दूर करने की जिम्मेदारी मीडिया और चिकित्सकों को गंभीरता से निभानी चाहिए। शेयर बाजार का गिरना और कोविड की पुरानी तस्वीरों/वीडियो को वायरल कर दहशत फैलाने वालों को भी चेतावनी दी जानी चाहिए। जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, बेवजह लॉकडाउन लगाने या रोजमर्रा की जरूरी चीजों को जमा करने की सलाह जैसी दहशत फैलाना कतई अनुचित है।

# विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान

इस बार 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन 8-10 जनवरी, 2025 तक ओडिशा सरकार के साथ साझेदारी में किया गया। भुवनेर में संपन्न इस 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में 75 देशों से लगभग छह हजार भारतवंशियों ने शिरकत की। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने इस मौके पर लैंगिक समानता और महिला विकास को भारत की विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अभिन्न अंग बताया। उनका यह कहना भी सही था कि ओडिशा में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की मेजबानी केंद्र सरकार की पूर्वोदयÓ नीति को दर्शाती शर्ती है, जो पूर्वी भारत के विकास और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करती है। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन केंद्र सरकार का महत्त्वकपूर्ण कार्यक्रम है, जिसे 9 जनवरी को महात्मा गांधी के 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। दरअसल, प्रवासी भारतीय सम्मेलन की अवधारणा पूर्व प्राधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मस्तिष्क की उपज थी जिसकी शुरु आत उन्होंने 17 वर्ष पहले की थी। वाजपेयी को उस वक्त प्रवासी भारतीयों की बहुत याद आई जब 1998 में पोखरण में परमाणु विस्फोट के बाद अमेरिका और उसके साथी देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिया था। भारत ने इस मुसीबत से छुटकारा पाने के लिए विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय से अनुरोध किया कि वह भारत की मदद करें ताकि भारत को अमेरिका और उसके साथी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का कम से कम असर पड़े। वाजपेयी का यह संदेश राजदूतावासों और उच्चायोग के माध्यम से प्रवासी भारतीयों तक पहुंचाया गया। परिणाम यह हुआ कि भारत के कोष विदेशी मुद्रा से भर गए। गौर करने योग्य है कि भारत 2010 (53.48 बिलियन डॉलर), 2015 (68.91 बिलियन डॉलर) और 2020 (83.15 बिलियन डॉलर) में प्रेषण प्राप्त करने वाला शीर्ष देश था। विश्व प्रवासन रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2022 में भारत को 111 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रेषण प्राप्त हुआ जो विश्व में सबसे अधिक है और इस प्रकार भारत 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला पहला देश बन गया था। इस बार के सम्मेलन का विषय था- विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदानÓ। राज्य सरकार ने युवा कार्य एवं खेलकूद मंत्रालय के सहयोग से आयोजन किया था। सम्मेलन की खास बात त्रिनिदाद और टोबैगो के राष्ट्रपति क्रिस्टीनन कार्ला कैंगलू की मौजूदगी रही जिन्होंने सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर वर्चुअल रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में अन्य बातों के साथ-साथ तीन महत्त्वपूर्ण बातें कहीं। पहली, भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में निहित है। दूसरी, भारत लोकतंत्र की जननी ही नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा है। तीसरी, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है। भारत की विभिन्न क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए मोदी का कहना था कि आज भारत मेड इन इंडिया फाइटर जैट बना रहा है। ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बना रहा है और वो दिन भी दूर नहीं जब मेन इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने भारत आएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्म ने समापन सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान किया। सऊदी अरब के भारतीय चिकित्सक डॉ. सैयद अनवर खुर्शीद को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह भारत सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। निस्संदेह प्रवासी भारतीय सम्मेलन से जहां भारत और प्रवासी समुदाय के बीच साझा पहचान को बढ़ावा मिलता है, वहीं उनमें आपसी सम्बन्ध मजबूत बनते हैं, और वे अपनी माटी से जुड़ कर गौरव अनुभव भी करते हैं, लेकिन इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि प्रवासन के बदलते परिदृश्य में प्रवासी भारतीयों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए ठोस प्रयास जरूरी हैं।

# औषधीय पौधा है आक

**रमेश सर्राफ धमोरा**



कुछ पेड़-पौधे ऐसे हैं जिनसे हम कई चमत्कारिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इन पेड़ों-पौधों में आक का पौधा भी है। आक एक औषधीय पौधा है। इसको मदार, आक, अर्क और अकौआ भी कहते हैं। इसे जानवर भी नहीं खाते है। यह बंजर भूमि में भी आसानी से उग आता है। इसके फल से गर्म तासीर की कोमल चिकनी रूई निकलती है। इसमें विषाक्त दूध भरा होता है। इसका वृक्ष छोटा और छत्तादार होता है। पत्ते बरगद के पत्तों समान मोटे होते हैं। हरे सफेदी लिए पत्ते पकने पर पीले रंग के हो जाते हैं। इसका फूल सफेद और छोटा होता है। फूल पर रंगीन चित्तियां होती हैं। फल आम की तरह होते हैं, जिनमें रूई निकलती है। आक की शाखाओं में दूध निकलता है। वह दूध विष का काम देता है। आक गर्मी के दिनों में रेतीली भूमि पर होता है। चौमासे में पानी बरसने पर सूख जाता है। दुर्गम रेतीले टीलों में जहां मीलों दूर तक पेड़ की छांव नसीब नहीं होती है, उन जगहों पर आक का पौधा खूब फलता फूलता है। राजस्थान के थार मरूस्थल के अलावा आक का पौधा दक्षिण मध्य भारत के गर्म और शुष्क वातावरण में खुले और समतल मैदानों में पाया जाता है। आक के पत्ते मोटे और चिकने होते हैं तथा पत्तों के पृष्ठ भाग पर हल्का सफेद आवरण होता हैं जो कि हाथ से रगड़ने पर उतर जाता हैं। आक का पौधा प्राय हर मौसम मे हरा भरा रहने के कारण यह रेगिस्तान का सदाबहार पौधा कहलाता है। आक चार प्रकार के होते हैं (1) श्वेतार्क अर्थात सफेद आक (2) रक्तार्क व लाल आक (3) लाल आक का ही दूसरा प्रकार है जो ऊंचाई में सबसे छोटा और सबसे विषैला होता है (4) पर्वतीय आक। पहाड़ी आक पौधे के रूप में नहीं, बेल के रूप में होता है जो उत्तर भारत में बहुत कम किन्तु महाराष्ट्र में पर्याप्त मात्रा में होता है। लाल जाति का आक सर्वत्र सुलभता से प्राप्य है। गुणों की दृष्टि से औषध के रूप में दोनों प्रकार के आकों का प्रयोग होता है। दोनों में कुछ समान गुण भी मिलते हैं किन्तु श्वेत अर्क में अधिक उत्तम गुण होने से आयुर्वेद में यह वनस्पति दिव्य औषधि मानी जाती है। लाल आक इसके समान तो नहीं किन्तु यह भी गुणों का भंडार है। जितना लाभ इस पौधे से वैद्यों और भारतीय चिकित्सकों ने तथा रसायनशास्त्रियों ने पहले उठाया था उतना किसी द्वितीय औषध से नहीं उठाया । आक भारत का एक प्रसिद्ध पौधा है जो आयुर्वेद के शास्त्रों में जानी मानी औषधि है। जिसे छोटे-छोटे वैद्य तथा ग्रामीण अनपढ लोग भी जानते हैं और औषध रूप में प्रयोग भी करते हैं । भारत में आक के पौधे सब स्थानों पर मिलते हैं पर ऊंचे पर्वतों पर ये नहीं मिलते। आक का पौधा चार फीट से लेकर पन्द्रह फीट तक की ऊंचाई में देखने को मिलता है। यह ऊंची शुष्क मरुभूमि में अधिक होता है। ऊसर भूमि में उत्पन्न होने के कारण अरबी में इसको ऊसर कहते हैं। आक के पौधे शुष्क, उसर और ऊंची भूमि में प्रायः सर्वत्र देखने को मिलते हैं। इस वनस्पति के विषय में साधारण समाज में यह भ्रान्ति फैली हुई है कि आक का पौधा विषैला होता है। यह मनुष्य को मार डालता है। इसमें किंचित सत्य जरूर है क्योंकि आयुर्वेद संहिताओं में भी इसकी गणना उपविषों में की गई है। यदि इसका सेवन अधिक मात्रा में कर लिया जाए तो, उल्टी दस्त होकर मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। इसके विपरीत यदि आक का सेवन उचित मात्रा में, योग्य तरीके से चतुर वैद्य की निगरानी में किया जाये तो अनेक रोगों में इससे बड़ा उपकार होता है। आक के पौधों का सबसे बड़ा फायदा है कि उनसे हमें ऑक्सीजन गैस प्राप्त होती है। इसके अलावा प्राकृतिक दृष्टिकोण से भी पेड़-पौधों का सर्वाधिक महत्व है। इनके बिना वातावरण को सन्तुलित किया ही नहीं जा सकता। हर परिस्थिति में हरियाली हमारे लिए फायदेमंद ही है। इन फायदों के साथ ही शास्त्रों के अनुसार कई धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व भी बताए गए हैं। ज्योतिष के अनुसार जिस घर के सामने या मुख्यद्वार के समीप आक का पौधा होता है उस घर पर कभी भी किसी नकारात्मक शक्ति का प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके अलावा वहां रहने वाले लोगों को तांत्रिक बाधाएं कभी नहीं सताती। घर के आसपास सकारात्मक और पवित्र वातावरण बना रहता है जो कि हमें सुख-समृद्धि और धन प्रदान करता है। ऐसे लोगों पर महालक्ष्मी की विशेष कृपा रहती है और जहां-जहां से लोग कार्य करते हैं वहीं से इन्हें धन लाभ प्राप्त होता है। आक का सूर्य से विशेष सम्बन्ध है। गर्मी में जब पृथ्वी सूर्य के निकट आ जाती है और सूर्य की भयंकर गर्मी से तपने और जलने लगती है, जोहड़, तालाब, बावड़ी सब का जल सूख जाता है। बड़ वृक्ष सूखने लगते हैं, तब यही पौधा है जो मरुभूमि में भी खूब फलता और फूलता है। यह आग्नेय प्रधान पौधा उस भयंकर उष्णकाल में खूब हरा भरा रहता है। शास्त्रों अनुसार आक के फूल शिवलिंग पर चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। विद्वानों के अनुसार कुछ पुराने आकड़ों की जड़ में श्रीगणेश की प्रतिकृति निर्मित हो जाती है जो कि साधक को चमत्कारी लाभ प्रदान करती है। आक का हर अंग दवा है, हर भाग उपयोगी है। यह सूर्य के समान तीक्ष्ण तेजस्वी और पारे के समान उत्तम तथा दिव्य रसायनधर्मा है। कहीं-कहीं इसे वानस्पतिक पारद भी कहा गया है। विषैला आक की जाति सबसे छोटी होती है अर्थात इसका जो पौधा ऊंचाई में सबसे छोटा होता है उसको विद्वान लोग सबसे विषैला मानते हैं। यह मरुभूमि में ही होता है। अधिक विषैले की पहचान यह है कि उस आक के पौधे का दूध निकालकर अपने नाखून पर उसकी दो-चार बूंदें टपकाएं। यदि दूध बहकर नीचे गिर जाए तो कम विष वाला है और यदि दूध वहीं अंगूठे के नाखून पर जम जाए तो अधिक विषैला है। अधिक विषैले दूध को सीधा खिलाने की औषधि में प्रयोग नहीं करना चाहिए, अन्य भस्म आदि औषध बनाने में इसका प्रयोग कर सकते हैं। आक के फल देखने में अग्रभाग में तोते की चोंच के समान होते हैं। इसीलिए आक का एक नाम शुकफल है। ये फल ज्येष्ठ मास तक पक जाते हैं। इनके अंदर काले रंग के दाने वा बीज होते हैं और बहुत कोमल रूई से ये फल भरे रहते हैं। इसकी रूई भी विषैली होती है । फल का औषध में बहुत न्यून उपयोग होता है। क्षार बनाने वाले आक के पंचांग में फल को भी जलाकर औषध में उपयोग लेते हैं। चक्षु रोगों, कर्ण रोगों, जुकाम, खांसी, दमा, चर्मविकारों में, विष्मज्वर, वात और कफ के रोगों में इसके पुष्प, पत्ते, दूध, जड़ की छाल सभी का उपयोग होता है। इस पौधे के पत्ते को उल्टा कर के पैर के तलवे से सटा कर मोजा पहन लें। रात में सोते समय निकाल दें। एक सप्ताह में आपका शुगर सामान्य हो जाएगा। बाहर निकला पेट भी कम हो जाता है। काफी लोग इस उपयोग से लाभान्वित हो रहे हैं।

# क्या आप भी जाएंगे कुंभ में स्नान के लिए ?

## क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ से ?



**आर.के. सिन्हा**

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आ रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दर्शाता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरुआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है। कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहाँ विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है। अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहाँ सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। अगर आप आएंगे तो कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दर्शाता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं। कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहाँ साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं। यह भारत की संस्कृति और विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। आपको इतने विशेष मेले का हिस्सा तो बनना ही चाहिए।




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। भावनाओं में बहकर बिना सोचे-समझे किसी के साथ प्रॉमिस न करें। किसी रिश्तेदार की व्यक्तिगत समस्याओं को सुलझाने में आपका योगदान रहेगा। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। यह समय प्रेम भाव से अपना काम बनाने का है ऐसे में किसी से भी वाद-विवाद करने से बचे। आज किसी भी यात्रा का प्रोग्राम न बनाएं, क्योंकि समय व्यर्थ होने के अलावा और कुछ हासिल नहीं होगा। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप ना करके अपनी गतिविधियों पर ही ध्यान दें।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दूसरे का विश्वास न तोड़ें। हर काम ईमानदारी से करते रहें। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज जीवन में एक नया दृष्टिकोण लेकर आएंगे, जिससे आपमें सकारात्मक बदलाव आएगा। आर्थिक स्थिति में अच्छे बदलाव रहेंगे। ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपका विरोश कर सकते हैं, सबके साथ ताल-मेल बनाकर रखें। आज पैसों के लेन-देन में किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। खान-पान की तरफ भी आपको ध्यान देने की आवश्यकता है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। दूसरों की बातों में आने की बजाय खुद के विवेक से कम लेना होगा, इससे आप बेहतर निर्णय ले पाएंगे। घर में उचित व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कामयाब होगी। विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन का उचित परिणाम हासिल होगा। दांपत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक व्यस्तता बनी रहेगी। विभिन्न स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। परंतु किसी भी प्रकार का डिसीजन लेने से पहले उस पर अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य करें। सरकारी नौकरी में किसी दूसरे डिपार्टमेंट में जाना पड़ सकता है। किसी कारण आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जायेंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे, लोग आपसे से प्रभावित होंगे। सरकार अथवा उच्च अधिकारियों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता से दूसरो को प्रभावित करेंगे। आज दोस्तों के साथ शॉपिंग पर जा सकते हैं। बस अपने ख़र्चों पर थोड़ी नज़र रखें। अगर किसी प्रकार की उलझन मन में चल रही है तो आज अपने दोस्त से शेयर करेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मेहनत और व्यवस्थित रहने से व्यवसायिक समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी। अगर सरकारी काम रुका हुआ है, तो किसी अधिकारी की मदद से पूरा हो जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्दी ही सफलता मिलने वाली है। नौकरी में स्थिति यथावत ही रहेगी। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। पिछले कुछ समय से जिन लोगों के साथ आपकी अनबन चल रही है, तो आज दूर हो जाएगी । आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिलेगी।

**कुंभ राशिः**आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं, इससे समाधान मिलेगा। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा आज आप अपने दोस्तों के साथ शाम को डिनर पर जा सकते है।

**मीन राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग नया व्यापार शुरू किये है या नौकरी जॉइन किये हैं उनके लिए अनुकूल समय है। जमीन-जायदाद सम्बन्धी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आएगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा जिससे हाल के कार्य आसानी से पूरे करके आप दूसरों को प्रभावित कर सकेंगे।

## शब्द पहेली - 8379

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | ■ | |
| 23 | 24 | ■ | | ■ | | ■ | 25 | |
| ■ | 26 | | | ■ | 27 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना -4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ -2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

**शब्द पहेली -8378 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ह | ल | क | ■ | क | ल | र | व |
| क | द | ■ | हा | ज | मा | ■ | ■ | र |
| ह | ■ | ना | नी | ■ | ल | व | ■ | दा |
| र | च | ना | का | र | ■ | सा | ल | न |
| ■ | र | ■ | र | ■ | स | ■ | ह | ■ |
| र | स | द | ■ | ता | ली | ब | जा | ना |
| बा | ■ | ल | क | ■ | के | ला | ■ | ट |
| य | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | ना | क |
| त | ल | घ | र | ■ | र | ह | म | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

# बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती होगी बिजली कंपनी ने विनियामक आयोग को दिया प्रस्ताव

**पटना, एजेंसी।** बिहार के गांवों में रहने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजर-बसर करने वाले बीपीएल (कुटीर ज्योति) और घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली मिलेगी। राज्य के सवा करोड़ से अधिक ग्रामीण घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को मौजूदा दर की तुलना में आगामी 1 अप्रैल 2024 से यह रियायत मिलेगी। खासकर वैसे उपभोक्ता जो महीने में 50 यूनिट से अधिक बिजली खपत करेंगे उन्हें 40 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने का प्रस्ताव बिजली कंपनी ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग को दिया है। विनियामक आयोग का निर्णय आते ही यह प्रभावी हो जाएगा।

अभी कुटीर ज्योति के उपभोक्ताओं को 50 यूनिट तक 7.42 रुपये प्रति यूनिट बिजली का प्रावधान है। इसमें सरकार 5.45 रुपये प्रति यूनिट अनुदान देती है और उपभोक्ताओं को मात्र 1.97 रुपये प्रति यूनिट ही देना पड़ता है। लेकिन, 50 यूनिट से अधिक खपत होने पर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के अनुसार ही बिजली बिल देना पड़ता है। जबकि ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 50 यूनिट तक बिजली खपत करने पर 7.42 रुपये प्रति यूनिट का प्रावधान है। लेकिन राज्य सरकार इसमें से 4.97 रुपये प्रति यूनिट का अनुदान देती है और लोगों को 50 यूनिट तक बिजली खपत करने पर मात्र 2.45 रुपये प्रति यूनिट के अनुसार ही बिजली बिल देना पड़ रहा है। वहीं 50 यूनिट से अधिक खपत करने पर 7.96 रुपये प्रति यूनिट का प्रावधान है। इसमें से राज्य सरकार 5.11 रुपये प्रति यूनिट अनुदान देती है और उपभोक्ताओं को मात्र 2.85 रुपये प्रति यूनिट के अनुसार ही बिजली बिल देना पड़ रहा है।

## कंपनी ने एक स्लैब में न्यूनतम शुल्क रखा

बिजली कंपनी की ओर से विनियामक आयोग को सौंपी गई टैरिफ याचिका में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक ही स्लैब करने का प्रस्ताव दिया गया है। प्रस्ताव में कंपनी ने न्यूनतम शुल्क ही रखा है। यानी उपभोक्ताओं से 7.42 रुपये प्रति यूनिट ही वसूलने का प्रस्ताव दिया गया है। इस पर अनुदान मिलने के बाद उपभोक्ताओं को मात्र 2.45 रुपये प्रति यूनिट ही बिजली बिल देना होगा। चूंकि अभी 50 यूनिट से अधिक खपत करने पर कुटीर ज्योति और ग्रामीण घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को 2.85 रुपये प्रति यूनिट बिजली बिल देना पड़ रहा है। ऐसे में एक अप्रैल के बाद ग्रामीण उपभोक्ताओं में जो 50 यूनिट से अधिक बिजली खपत करेंगे, उनको 40 पैसे प्रति यूनिट की बचत होगी।



**स्मार्ट मीटर लगाने पर 65 पैसे प्रति यूनिट मिलेगी सस्ती बिजली**

ग्रामीण इलाकों में जो घरेलू उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाएंगे उन्हें एक अप्रैल से 65 पैसे यूनिट तक सस्ती बिजली मिलेगी। कंपनी ने राज्य भर के स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली देने का प्रस्ताव सौंपा है। ऐसे में ग्रामीण इलाकों के कुटीर ज्योति और घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता जो अपने यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाएंगे और महीने में 50 यूनिट से अधिक बिजली खपत करेंगे तो उनको 65 पैसे यूनिट तक सस्ती बिजली मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 बाइक के बीच टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

● गोपालगंज में ससुराल जा रहे युवक की गई जान



**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के पास 2 बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के खजूरी पूरब टोला वार्ड नंबर 11 निवासी दुखन कुशवाहा के 27 साल के बेटे लाल बाबू कुशवाहा के रूप में की गई। घटना उस समय हुई जब लाल बाबू अपने ससुराल नगर थाना क्षेत्र के अब्दुल्ला इंदरवा गांव जा रहे थे। हरपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर सवार महुआवा गांव निवासी शमशुद्दीन के बेटे गोल्डेन अली गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक की शादी चार साल पहले हुई थी।

### रेलवे स्टेशन पर आठ बोतल शराब बरामद

**भागलपुर, एजेंसी।** रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ ने प्लेटफॉर्म संख्या 2-3 के पश्चिम पैदल पुल के नीचे से एक झोले में लावारिस पड़े अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। आरपीएफ ने बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब में से पांच बोतल 750 एमएल की रॉयल स्टेज और तीन बोतल 750 एम?एल की मैजिक मूमेंट बरामद हुई है। कारोबारी भाग निकलने में कामयाब रहा।

### बाबा नाम केवलम् 24 घंटे अखंड कीर्तन का समापन

**भागलपुर, एजेंसी।** कसमाबाद में रविवार को आंनद मार्ग जागृति कसमाबाद में स्थापना दिवस पर अष्टाक्षरी सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलम् को लेकर 24 घंटे अखंड कीर्त्तन समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर आंनद मार्ग के प्रचारक संघ के आचार्य कल्यान मित्रा नंद अवधूत सहित कई आचार्य मौजूद थे। बैकठपुर दुधैला मुखिया अरविंद मंडल, नवादा मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार, पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉ. रवि कुमार सुमन आदि ने कंबल वितरण किया।

### अफीम की खेती करने मामले में एक गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम की खेती करने मामले में पुलिस ने धनगांई थाना क्षेत्र के चांदो गांव से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साल 2021 में चांदो गांव के श्यामदेव मांझी के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। दर्ज किए गए मुकदमे में श्यामदेव पर अफीम की खेती करने का आरोप था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से श्याम देव फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### आरोपी घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड के मधुरापुर और आशाटोल गांव में भवानीपुर पुलिस ने पुराने मामले के आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि आरोपी फरार है इसलिए उसके घर इश्तेहार चिपकाया।

# स्कॉर्पियो और ट्रक ने ई-रिक्शा चालक को कुचला



## भागलपुर में धड़ से सिर हुआ अलग, स्कॉर्पियो ने पहले टक्कर मारी थी, हाईवा ने रौंदा

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में रविवार की रात स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा में जबरदस्त टक्कर मार दी। हाईवा चालक को कुचलते हुए निकल गया। हादसे में ई रिक्शा चालक के मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद डायल 112 और औद्योगिक थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मायागंज अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए वाहनों की आवाजाही भी रोकी गई। मृतक की पहचान सबौर थाना क्षेत्र के रजांदीपुर निवासी नारायण मंडल के पुत्र छोटू कुमार (26) के रूप में की गई है। पुलिस ने आधार कार्ड से मृतक की पहचान की, जिसके बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ई-रिक्शा चालक बिना गोलंबर घूमे टर्न ले रहा था। टोल प्लाजा की ओर से आ रही स्कॉर्पियो ने पहले उसे टक्कर मारी, फिर तेज रफ्तार से पीछे से आ रही हाइवा चढ़ाते हुए निकल गया। जिससे ई रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ई-रिक्शा के नंबर भी एम परिवहन पर रजिस्टर्ड नहीं है। मृतक के जीजाजी गोपाल मंडल ने बताया कि रविवार रात ई - रिक्शा लेकर घर के तरफ आ रहे थे इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया हादसे में सिर के परखच्चे उड़ गए उन्होंने आगे बताया कि कुछ साल पहले मृतक के बड़े भाई किसी रेल से कटने से मौत हो गई थी। सड़क हादसे में छोटू की भी मौत हो गई। करने वाले चार भाई थे। दो भाई की मौत हो गई है। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति

**समस्तीपुर, एजेंसी।** भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती समारोह में इस बार 24 जनवरी को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अलावा बिहार के राज्यपाल अली मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल लेंगे। समस्तीपुर में कार्यक्रम के दौरान सर्वधर्म प्रार्थना के साथ ही कर्पूरी परिचर्चा का भी आयोजन किया गया है। परिचर्चा के दौरान उपराष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री करीब 1 घंटे तक यहां समय व्यतीत करेंगे। कर्पूरी ठाकुर के पुत्र और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने के बाद यह पहली जयंती समारोह है इस जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति भी शामिल हो रहे हैं। यह पहला मौका है जब कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति शामिल होंगे।

## महाविद्यालय परिसर में मेन कार्यक्रम का आयोजन

हालांकि पूर्व में मुख्यमंत्री लालू यादव के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और उसके बाद लगातार नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में आते रहे हैं। कार्यक्रम की तैयारी जोर-जोर से की जा रही है। तीनों मुख्य अतिथियों के



लिए अलग से हेलीपैड का निर्माण कराया गया है। कर्पूरीग्राम स्टेशन के पास स्थित चरण कर्पूरी फुलेश्वरी महाविद्यालय परिसर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम स्थल के पास ही हेलीपैड का निर्माण किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि तीनों अतिथि सर्वधर्म प्रार्थना के अलावा कर्पूरी प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण करेंगे और कर्पूरी परिचर्चा में शामिल होंगे। ?

## कर्पूरी झोपड़ी का किया जा रहा है निर्माण

पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन झोपड़ी में गुजरा था। ? वह जिस प्रकार की झोपड़ी में रहते थे ठीक उसी प्रकार की झोपड़ी का निर्माण कॉलेज परिसर में किया जा रहा है। ? जिसमें आटा पीसने वाला जातां के साथ ही कच्ची नाली, दरवाजा आदि प्रतीक के रूप में बनाया जा रहा है। बताया गया कि इस झोपड़ी को देखने के लिए उपराष्ट्रपति से लेकर तीनों अतिथि आएंगे। इस झोपड़ी को बनाने के पीछे का उद्देश्य है कि लोग यह जान सकें कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन कितना सादा था वह मुख्यमंत्री रहते हुए भी अपना घर नहीं बना पाए थे और झोपड़ी में ही उनका जीवन गुजरा। हालांकि जिस स्थल पर पूर्व में उनकी झोपड़ी थी, वहां पर अब कर्पूरी स्मृति भवन का निर्माण किया जा चुका है।

## एसडीओ ने लिया तैयारी का जायजा

इस बीच सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर चल रहे तैयारी का जायजा लिया। जहां उन्होंने कामकाज का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किया। ताकि मुख्य अतिथि को कॉलेज में प्रवेश करने के दौरान कोई परेशानी न हो। उन्हें भीड़ से बचाते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पर कैसे ले जाया जाएगा उनका रूट चार्ट क्या होगा। सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। सदर एसडीओ ने बताया कि कर्पूरी जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति के अलावा राज्यपाल और मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं।

# फ्लिपकार्ट गोदाम में 4.95 लाख लूटे, गोली मारकर की हत्या: 3 बाइक से आए थे 9 अपराधी

## अलार्म बजने पर की फायरिंग; 19 स्टाफ को बनाया बंधक



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में फ्लिपकार्ट के गोदाम में तीन बाइक सवार 9 अपराधी रविवार की रात हथियार लेकर पहुंचे। हथियार के बल पर 19 स्टाफ को बंधक बनाकर 8 मिनट में 4.95 लाख रुपए की लूट की। अलार्म बजा तो गुस्से में एक कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। हवा में हथियार लहराते हुए फरार हो गए। घटना रात 9 बजे के बाद की है। मृतक की पहचान मनियारी थाना क्षेत्र के सिलौट गांव के प्रभात कुमार मिश्रा 45 वर्षीय के रूप हुई है। भागने के दौरान अपराधियों की एक बाइक खराब होने की वजह से घटनास्थल पर ही छूट गई। वारदात सदर थाना क्षेत्र के खबरा स्थित फ्लिपकार्ट के कार्यालय में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचे। जांच में जुट गए।

**हथियार लहराते हुए फरार हो गए सभी :** अंदर घुसने के बाद डकैतों ने कर्मियों से पैसा निकालने के लिए बोला। इस दौरान कई कर्मियों के साथ मारपीट भी की। एक दो कर्मी को हथियार के बट से मार कर चोटिल कर दिया। कैश काउंटर में रखे 4.95 लाख रुपए लूट लिए। तभी कार्यालय का अलार्म बज गया। इतने में अपराधी आग बबूला हो गए। कैश काउंटर पर बैठे कर्मी को गोली मार दी। उसके बाद हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

**एफएसएल ने की जांच :** मौके पर मौजूद कर्मियों ने घायल को इलाज के लिए बैरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी सुशील कुमार, सिटी एसपी, एसडीपीओ टाऊन 2 विनीता सिन्हा, सदर थानाध्यक्ष अश्मित कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल की टीम ने मौके से कई साक्ष्य एकत्रित किया। 9 की संख्या में पहुंचे अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद मधौल फोरलेन की तरफ भागे। अपराधी तीन बाइक से घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। घटना को अंजाम देने के दौरान अपराधी आपस में भोजपुरी भाषा में बात कर रहे थे।

**सीसीटीवी में कैद सभी**

भागने के दौरान अपराधी कई जगह पर सीसीटीवी में कैद हो गए है, जिसमें उनके गाड़ियों का नंबर दिख रहा है, लेकिन सभी ने अपना चेहरा ढका हुआ है। उनका चेहरा साफ साफ नहीं दिखाई दे रहा। एक दो अपराधी का चेहरा दिख रहा है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

# विकास योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना : डॉ. प्रेम

**गया, एजेंसी।** शहर में कराए जा रहे विकास योजनाओं का उद्घाटन रविवार को बिहार सरकार के सहकारिता, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत शहर के वार्ड संख्या 41 और वार्ड संख्या एक में मंत्री ने विकास कार्यों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। वार्ड संख्या 41 में नई सड़क में चबूतरे का निर्माण किया गया है। इससे स्थानीय निवासियों को सुविधा होगी।

इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या एक के खरखूरा में बरछी स्थान से महादलित टोला तक नवनिर्मित पक्की सड़क का भी उद्घाटन किया गया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विकास योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इन परियोजनाओं से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि शहरी क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ. कुमार ने जनता से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने और विकास कार्यों में सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर, प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी, मंडल अध्यक्ष धनंजय धीरू, सूरज राणा, हरि यादव, दीपक कुमार दीपू, मुन्ना लाल पाठक, कमल लाल बारीक, संजय वर्मा, राजू पटेल, महेश शर्मा, गोपाल जी, राजेंद्र गांधी, अमित कुमार, सुरेंद्र यादव, रामानंद प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, बंटी वर्मा, रुपेश वर्मा, डॉ महेंद्र, निर्मला देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किराना दुकान में लगी आग, 12 लाख का नुकसान

## पूर्णिया में घंटों मशक्कत से दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में किराना दुकान में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। अगलगी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने अगलगी में 12 लाख के नुकसान का अनुमान जताया है। घटना अमौर के शिव दुर्गा मंदिर के पास स्थित किराना दुकान की है। पीड़ित दुकानदार की पहचान अमौर निवासी सुशील कुमार साह के रूप में हुई है। पीड़ित सुशील कुमार साह ने बताया कि रोजाना की तरह वे देर रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर आ गए थे। वे गहरी नींद में थे कि तभी रात गए उन्हें किराना दुकान से लगे दुकानदार उत्तम गुप्ता का फोन आया। दुकानदार ने फोन पर आग लगने की सूचना दी, जिसके बाद वे दौड़े भागे अपनी दुकान पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर दुकान के अंदर से आग की भयानक लपटें देखी। दुकान का दोनों शटर लाल हो गया था। इसी बीच शोर होने पर भीड़ जमा हो गई।

आपसी सहयोग से बाल्टी से पानी डालकर आग को बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन आग की लपटें शांत होने के बजाय और भड़क उठी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को कॉल कर अगलगी की सूचना दी गई। कुछ ही देर बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत से आग की लपटों पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझी, दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। दुकान में करीब 12 लाख का सामान था, अगलगी में सबकुछ राख में बदल गया। सूचना पाकर पहुंचे सीओ सुधांशु मधुकर ने स्थल का जायजा लिया है। इसके पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# वोट बैंक की राजनीति कर रहे राहुल: पूर्व भाजपा विधायक

## बोले-दलित-पिछड़ों की चिंता दिखावा

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास में नोखा के पूर्व भाजपा विधायक रामेश्वर चौरसिया ने रविवार को जातीय जनगणना पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। चौरसिया ने कहा कि जातीय जनगणना एनडीए सरकार की देन है, जिसे यूपीए के समय में ध्वनि मत से पारित किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी पटना आकर इसी जनगणना को फर्जी बताकर सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने राहुल गांधी पर दलित और पिछड़े वर्ग के हितों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे केवल वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। अब जब इनकी असलियत सामने आ रही है, तो इनमें बेचैनी साफ दिख रही है।

**राजद और नीतीश में की तुलना :** इसी दौरान चौरसिया ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बयान का भी जवाब दिया। उन्होंने राजद शासन की तुलना नीतीश कुमार के कार्यकाल से करते हुए कहा कि नीतीश ने महज 5 वर्षों में बिहार की कानून व्यवस्था में सुधार किया, गांव-गांव में सड़कें और बिजली पहुंचाई, जबकि राजद के शासन में कोई विकास नहीं हुआ।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025



# माथे पर तिलक, सिर पर मोटी चोटी..; विदेशी किशोर सनातन से हुए प्रभावित

## संस्कृति और संस्कार को बदला



**प्रयागराज , एजेंसी।** सनातन धर्म का डंका सात समंदर पार बज रहा है, इसका विश्व समुदाय के सामने जीता-जागता उदाहरण महाकुंभ में आए बाल और किशोर संन्यासी हैं। संगम की रेती पर अमेरिका, रूस और जर्मनी के कई बालकों और किशोरों ने सनातन से प्रभावित होकर अपनी संस्कृति और संस्कार दोनों बदल दिया है।

ऐसे किशोर संगम की रेती पर माथे पर तिलक, सिर पर मोटी चोटी और मोती-रामनानी ओड़कर प्रभु श्रीराम, भगवान शिव और कृष्ण को समझने का प्रयास कर रहे हैं।

रूस की राजधानी मास्को से आए दिमित्रो और डेनियल संन्यास धारण कर संगम में डुबकी लगाकर वेद की ऋचाओं का पाठ कर रहे हैं। वह संतों के सानिध्य में देव भाषा संस्कृत भी सीख रहे हैं, ताकि वेद के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण कर सकें।

11 वर्षीय दिमित्रों और 13 वर्षीय डेनियल ही नहीं ऐसे 50 से अधिक विदेशी बालक और किशोर महाकुंभ के दो स्नान पर्व बीतने तक सनातन संस्कृति को पूरी तरह अपना कर संन्यासी बन चुके हैं।

### कल्पवासियों के बीच की कठिन जीवन शैली

यह विदेशी किशोर संन्यासी बनकर कल्पवासियों के बीच की कठिन जीवन शैली से लेकर नागाओं के धूना रमाने की साधना तक को करीब से जानने का प्रयास कर रहे हैं। सेक्टर-19 के अपने शिविर में दिमित्रो चार बजे भोर में ही उठ जाते हैं। यह रिक्शे से हर रोज प्रातः संगम स्नान के बाद सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूजा करते हैं।

सीख रहे पूजा पद्धति

वह बताते हैं कि कल्पवास कर रहे देवरिया निवासी रामायण तिवारी से वह पूजा पद्धति सीख रहे हैं। इसी अमेरिका के न्यूयार्क निवासी उद्यमी एडम्मा के पुत्र 15 वर्षीय पुत्र लियाम ने भी महाकुंभ में सनातन धर्म अपना लिया है।

### संगम पर केश मुंडन कराकर लियाम ने रखी मोटी चोटी

जींस, कोट-पैंट में न्यूयार्क से आए लियाम ने अब सफेद धोती पहनने, लपेटने के साथ ही रामनामी ओढ़कर ध्यान और प्रभु का नाम जप शुरू कर दिया है। लियाम ने संगम पर केश मुंडन कराकर मोटी चोटी रख ली है।

### दुर्गा चालीसा, हनुमान चालीसा के साथ ही वेद पाठ

वह भी रोज रिक्शे से संगम में डुबकी लगाने जाते हैं। वह दुर्गा चालीसा, हनुमान चालीसा के साथ ही वेद पाठ का अभ्यास कर रहे हैं। इसी तरह जापान की महामंडलेश्वर केको आईकाव्य उर्फ कैला माता के शिविर में रूस, जापान और नेपाल के बालक और किशोर संन्यासी के अंश में ध्यान-साधना में रम गए हैं।

जूना अखाड़े के महंतों, महामंडलेश्वरों के शिषिरों में 50 से अधिक विदेशी बालक और किशोर संन्यासी बनकर ध्यान-साधना कर रहे हैं। ऐसे कई किशोर संन्यासी बनने के बाद तीन पहर गंगा स्नान भी कर रहे हैं। -महंत स्वामी विद्यानंद गिरि, पंचदशनाम जूना अखाड़ा।

### महाकुंभ दे रहा है एकता का संदेश, 12 राज्यों के बने पवेलियन

महाकुंभ क्षेत्र में बने 12 राज्यों के पवेलियन भारत की एकता का संदेश दे रहे हैं। यहां दादरानागर हवेली, नागालैंड, लेह, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों की संस्कृति का संगम हो रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से देश-विदेश के लोगों को महाकुंभ का आमंत्रण भेजा गया है। राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों को आमंत्रण दिए गए। इसका असर दिखने लगा है।

सेक्टर सात में 12 राज्यों के पवेलियन बनाए गए हैं। इनमें इन राज्यों की खूबियों को प्रदर्शित किया गया। नागालैंड का चांगलो, लेह का शोंडोल लोक नृत्य समेत दादरानगर हवेली, छत्तीसगढ़, गुजरात, एमपी, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान की संस्कृति का संगम देखने को मिल रहा है।

मध्य प्रदेश का पवेलियन जनजातीय भगोरिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। यह मृत्य आदिवासी समुदायों की होली से पूर्व मनाए जाने वाले भगोरिया उत्सव का हिस्सा है, जिसमें रंग-बिरंगे परिधान, ढोल-मजीरे की गूंज और युवाओं का गुलाल से खेलते हुए नृत्य महाकुंभ को और भी खास बना रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पक्के पुल से युवक ने गोमती में लगाई छलांग, पुलिस तलाश में जुटी

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी की राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह 10 बजे युवक ने गोमती में छलांग लगा दी। लोगों ने देखा तो भीड़ जुट गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। युवक की तलाश में जुटी है। यूपी की राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह 10 बजे युवक ने गोमती में छलांग लगा दी।

घटना मदेयगंज थाना क्षेत्र की है। यहां कार्तिक (21) ने पक्के पुल से गोमती में छलांग लगा दी। लोगों ने देखा तो अफरातफरी मच गई। लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन जब तक लोग उसे रोक पाते वह कूद गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

**घर से पुल तक पैदल आया था:** पुलिस ने कार्तिक के घरवालों को जानकारी दी। पुलिस गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी है। उधर माता-पिता रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। इंस्पेक्टर राजेश ने बताया कि युवक के नदी में छलांग लगाने का कारण पता नहीं चल सका है। तलाश की जा रही है। वह घर से पुल तक पैदल आया था।

### तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारा धक्का, चालक घायल, अस्पताल में मौत; मचा कोहराम

**जौनपुर , एजेंसी।** मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर इटहरा गांव के पास बीती शाम आर्टिका और ई-रिक्शा की भिड़ंत में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

पकड़ी गोदाम मोहल्ला निवासी स्वामीनाथ गौतम (50) अपनी ई-रिक्शा लेकर प्रतापगढ़ की ओर जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा उक्त मार्ग पर इटहरा के पास पहुंचा इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार आर्टिका कार ने धक्का मार दिया। इससे ई-रिक्शा पलट गई।

हादसे में ई-रिक्शा चालक स्वामीनाथ गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया था। इलाज के बाद गंभीर हालत देख चिकित्सक ने बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

यहां इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि हादसे में घायल ई-रिक्शा चालक स्वामीनाथ गौतम की इलाज के दौरान बीती रात मौत हो गई है।

### पूर्व प्रेमिका के बाप की साजिश...सराफ को भाड़े के बदमाशों से मरवाई गोली

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के मेहताब बाग के पास रविवार को सराफ आनंद वर्मा (28) को गोली मार दी गई। वह स्कूटर से परिचित से मिलने जा रहे थे, तभी पीछे से बाइक पर आए दो हमलावरों ने गोली मारी। इससे व्यस्ततम बाजार में दहशत फैल गई। हमलावर तमंचा लहराते भाग गए। सराफ को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। उधर, पुलिस ने बताया कि सराफ के परिजन ने पूर्व प्रेमिका के पिता और भाई पर आरोप लगाया है। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

सुशील नगर निवासी आनंद वर्मा की घर के पास ही वर्मा ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। पिता ओम प्रकाश वर्मा सेवानिवृत्त आरपीएफ इंस्पेक्टर हैं। परिजन ने पुलिस को बताया कि आनंद के पास शाम तकरीबन 5 बजे एक कॉल आई। इस पर वो एक्टिवा लेकर घर से निकले। मेहताब बाग स्थित ग्यारह सीढ़ी के पास पीछे से बाइक पर दो युवक आए। उन्होंने पीछे से गोली मार दी। उन्हें पीठ में गोली लगी है।

फायरिंग से आसपास के लोग दहशत में आ गए। खून से लथपथ देखकर एक राहगीर ने मदद की। एक दुकानदार महेश आनंद को ट्रांस यमुना स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी पर पुलिस और परिजन भी पहुंच गए। बाद में सराफ को दिल्ली गेट स्थित अस्पताल रेफर किया गया। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि सराफ के गोली कंधे से होते हुए रीढ़ की हड्डी में फंस गई है। हालांकि हालत खतरे से बाहर है। चिकित्सक ऑपरेशन कर गोली निकालने की कोशिश में लगे हैं।

## गोरखपुर से ऑनलाइन सट्टेबाजी के नाम पर करते थे धोखाधड़ी, 29 गिरफ्तार

**गोरखपुर , एजेंसी।** मऊ क्राइम ब्रांच और गुलरिहा पुलिस की टीम ने रविवार दोपहर मोगलहा स्थित जेमिनी पैराडाइज में छापा मार कर ऑनलाइन सट्टेबाजी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के 29 गुर्गों को दबोच लिया। पकड़े गए युवक बिहार और छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। ये जेमिनी पैराडाइज के चार फ्लैट से अपना धंधा चला रहे थे।

पुलिस ने उन फ्लैट से दस लैपटॉप, 50 से ज्यादा स्मार्टफोन और करीब 150 विभिन्न कंपनियों के सिमकार्ड बरामद किए हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर उनके सरगना का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

**एफआईयू के अलर्ट पर पड़ा छापा:** केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाली फाइनेंस इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू) देश भर के बैंक खातों की निगरानी करती है। किसी का खाता संदिग्ध मिलने पर उस जिले की पुलिस को अलर्ट करती है। एफआईयू को बीते दिनों मऊ का एक खाता संदिग्ध मिला था, जिसके बाद उसने पुलिस को उसकी जानकारी भेजी। मऊ पुलिस ने संदिग्ध खाताधारक का पता लगाकर उससे पूछताछ की तो हैरान करने वाली बातें सामने आई। खाता धारक ने बताया कि उसने 17 हजार रुपये में गोरखपुर के एक युवक को खाता बेचा था। इसके बाद मऊ क्राइम ब्रांच के दो सदस्य उस जालसाज को ढूंढते हुए रविवार दोपहर गोरखपुर पहुंचे और गुलरिहा पुलिस की मदद से जेमिनी अपार्टमेंट में छापा मारा और चार फ्लैट से 29 लोगों को दबोचा। उन फ्लैट में सभी लग्जरी और आलीशान लाइफस्टाइल के सामान मौजूद थे। और महंगे लैपटॉप, मोबाइल पर सट्टेबाजी और गेमिंग के रुपये का लेन-देन किया जा रहा था। पुलिस सभी को पकड़कर गुलरिहा थाने ले गई। मऊ की क्राइम ब्रांच की एक टीम इनसे पूछताछ के लिए गोरखपुर आ रही है। जरूरत पड़ने पर मऊ की टीम उन्हें साथ भी ले जा सकती है।

**छह महीने पहले किराए पर लिए थे चार फ्लैट:** सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने छह महीने पहले जेमिनी पैराडाइज में चार फ्लैट किराये पर लिए थे। इस फ्लैट से ही सब प्रतिबंधित गेमिंग एप की फ्रेंचाइजी लेकर सट्टेबाजी कर रहे थे। इन्हीं एप के जरिए लोग जब किसी गेम पर सट्टा लगाते हैं तो उनके साथ जालसाजी करके उनके रुपए हड़प लेते थे।

**15 से 20 हजार रुपये की सैलरी पर रखा था युवाओं को:** पुलिस की जांच में पता चला कि कक्षा आठ एवं मैट्रिक पास युवकों को जालसाजों ने 15 से 20 हजार रुपए की सैलरी पर रखा था। फिलहाल गिरोह के सरगना, फ्रेंचाइज लेकर फर्जीवाड़ा कर रहे आरोपियों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

## नईम और सलमान पर 50-50 हजार का इनाम घोषित, मिली दोनों की लोकेशन

**मेरठ, एजेंसी।** सुहेल गार्डन के सामूहिक हत्याकांड के मोस्टवांटेड नईम और सलमान पर डीआईजी कलानिधि नैथानी ने 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। पुलिस को दोनों की लॉकेशन गोवा के कोंकण में मिली है। मुंबई गई पुलिस ने गोवा में डेरा डाल लिया है। इसके अलावा नासिक, मालेगांव, मुंबई, अजमेर, दिल्ली, उत्तराखंड आदि स्थानों पर पुलिस उनकी तलाश में लगी है। एसएसपी की ओर से नईम और सलमान पर पहले 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का कहना है कि नईम शातिर अपराधी है। उसका यहां हुमायूंनगर थाना लोहियानगर में मकान है। शेख सलमान पुत्र शेख मंसूर उसके साथ रहता है। वह मकान नंबर-30 गली नंबर-तीन नया इस्लामपुरा मालेगांव, जिला नासिक महाराष्ट्र का रहने वाला है। नईम मेरठ में पांच हत्या करने से पहले महाराष्ट्र और दिल्ली में भी हत्याएं कर चुका है। वारदात के दिन वह मोईन के घर गया था। वहां हत्याकांड को अंजाम देकर अपने भाई तसलीम के घर पहुंचा था। खून से सने कपड़े निकालकर सामान लेकर सलमान के साथ पैदल ही मेरठ छोड़कर भाग गया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद कई घटनाओं का खुलासा होगा। उसने यहां अपने बेटे अब्दुल्ला आदि से भी कोई संपर्क नहीं किया है। दोनों की लोकेशन गोवा के कोंकण में मिली है, जहां पुलिस ने डेरा डाल रखा है।



बता दें कि लिसाड़ीगेट के सुहेल गार्डन में आठ जनवरी की रात को राजमिस्त्री मोईन, उनकी पत्नी आसमा और तीन बेटियां अक्शा (8), अजीजा (4) और अलईफ्शा (1) की हत्या हुई थी। नौ जनवरी गुरुवार रात में पांचों के शव मिले थे।

आसमा के हापुड़ निवासी भाई आमीर अहमद की ओर से मोईन के सौतेले दो भाई नईम, तसलीम, भाभी नजराना नामजद और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने तभी से तसलीम और नजराना को हिरासत में ले लिया था, जिनसे अभी पूछताछ चल रही है। कुछ रिश्तेदारों को पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। परिजनों से पूछताछ में पुलिस को कई जानकारी मिली। परिजनों ने नईम के अपराध की जानकारी पुलिस को दी। बताया कि नईम और तसलीम महाराष्ट्र के मुंब्रा इलाके में 22 जनवरी 2007 में प्रॉपर्टी के लिए दो कारोबारी आजमगढ़ निवासी शादाब, असद की हत्या व दिल्ली में 2005 में रिश्तेदार की हत्या कर चुके है। हत्या की वारदात करने के बाद नईम ठिकाना बदलने के साथ-साथ नाम और बीवी बदल लेता था। सुहेल गार्डन हत्यकांड के 12वें दिन डीआईजी की ओर से नईम और सलमान पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है।

## साथ जीने मरने की कसम खाने वाले प्रेमी युगल ने वैसा करके भी दिखाया,जहर खाने से मौत

### परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ दोनों ने 5 साल पहले किया था प्रेम विवाह

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** साथ जीने मरने की कसम खाकर परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह करने वाले नव दम्पति ने वैसा करके भी दिखा दिया। आज सोमवार को दोनों ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ दोनों में 5 साल पहले प्रेम विवाह किया था।

यह घटना पनकी थाना क्षेत्र के पतरसा गांव की है। जहां रह रहे आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता निवासी सलोनी सचान और अलकेश सचान ने परिवार के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने बताया कि शादी के बाद पनकी के पतरसा में दोनों किराए के मकान में परिवार से अलग रहते थे।

जहर खाने की इस घटना के पहले दोनों की जमीन काफी देर तक तड़पते रहे। शोर सुनकर मोहल्ले वाले घर पहुंचे। उनके परिवार वालों को जानकारी दी। एम्बुलेंस से दोनों को हैलट में एडमिट कराया ,जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस ने परिवार वालों को दी। उनके मुताबिक दोनों ने 5 साल पहले परिवार से झगड़कर शादी की थी। फिलहाल पुलिस दोनों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की वजह का भी पता लग रही है ।

### कमरे में सोया था पति...फंदे से लटका मिला पत्नी का शव

**गोरखपुर , एजेंसी।** सहजनवां थाना क्षेत्र के चड़राव में रविवार भोर में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। जबकि उसका पति कमरे में सोया हुआ था। भोर में जब नींद खुली तो पत्नी का शव छत की कुंडी से साड़ी के फंदे से लटक रहा था। शोर मचाते हुए कमरे से बाहर आया और ससुराल वालों को सूचना दी। रविवार सुबह को जानकारी पर महराजंगज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के माधवपुर निवासी सत्य प्रकाश सिंह कुछ लोगों के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे। बातचीत के बाद पिता की सहमति पर ससुराल वालों ने सिसई स्थित राप्ती नदी के घाट पर महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। इसके बाद सत्य प्रकाश ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए सहजनवां थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। चड़राव के रहने वाले विनोद सिंह के बेटे विशाल की शादी महराजगंज माधवपुर निवासी सत्य प्रकाश सिंह की बेटी रूपम सिंह (28) से 24 नवंबर 2024 को हुई थी।

## कॉलेज के सामने बाइक सवार शोहदे ने की छात्रा से छेड़खानी, पहले गेट से निकलने का करते रहे इंतजार

**गोरखपुर, एजेंसी।** क्षेत्र के एक महाविद्यालय के सामने बाइक सवार शोहदे ने एक छात्रा से छेड़खानी की। इसका वीडियो वायरल होने क बाद लोगों में आक्रोश है। लोगों के कॉलेज के पास पुलिस तैनात करने की मांग की है। सीओ ने भी इस मामले में तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक बाइक लेकर कॉलेज गेट के सामने पहुंचता है। तभी एक छात्रा गेट से निकलती है और पूरब दिशा में खड़ी होकर घर जाने के लिए किसी वाहन का इंतजार करने लगती है। तभी युवक बाइक लेकर छात्रा के सामने आ जाता है। यह देख छात्रा दूसरी दिशा में चली जाती है। युवक फिर बाइक लेकर उसके सामने पहुंच जाता है। इस पर छात्रा पास के गांव की ओर जाने लगती है। युवक भी उसके पीछे जाने की कोशिश करत है, तो उसकी हरकतें देख रहे आसपास के लोग उसे रोक कर पूछताछ करने लगते हैं। इसके बाद युवक भाग जाता है। यह वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय कॉलेज गेट पर पुलिस तैनात करने की मांग कर रहे हैं।

## नए डीएम की पहली कार्रवाई, नदारद डॉक्टर समेत आठ कर्मियों का वेतन रोका

**कानपुर, एजेंसी।** नवागत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने चार्ज लेने के बाद रविवार को विभिन्न जगह निरीक्षण किया। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के दिन डीएम नवाबगंज स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां केंद्र प्रभारी ही नदारद मिलीं। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चेक किया तो आठ कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं थे। उन्होंने सीएमओ को आदेश किए कि ड्यूटी पर गैर हाजिर डॉक्टर और आठ कर्मचारियों का वेतन रोक दिया जाए। इसके साथ ही विभागीय कार्रवाई के आदेश किए हैं। डीएम ने सबसे पहले गंगा नदी में गिरने वाले नालों की स्थिति का निरीक्षण कर गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में गंगा में शोधित या अशोधित पानी नहीं जाना चाहिए। नालों और ट्रीटमेंट प्लांट निरीक्षण के दौरान कहा कि प्लांट का संचालन बंद नहीं होना चाहिए। यदि किसी भी समय गंगा में सीवरेज पानी जाने की सूचना मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

निर्देश दिए कि नालों और प्लांट की 24 घंटे निगरानी जरूरी है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में मेट्रो की अंडरग्राउंड खोदाई की वजह से नालों का पानी प्लांट में सीधे भेजने में दिक्कत आ रही थी, जिससे नाले ओवरफ्लो हो रहे थे। अब यह समस्या दूर हो गई है। इस मौके पर जल निगम अधीक्षण अभियंता एमके सिंह, परियोजना प्रबंधक मोहित चक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## देश को मिलेंगी 15573 करोड़ रुपये की हाईवे परियोजनाएं

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में 15573 करोड़ रुपये की नई हाईवे परियोजनाएं जमीन पर उतरने जा रही हैं। इससे कानपुर, बाराबंकी, बहराइच, अलीगढ़, आगरा, मथुरा और बरेली समेत कई जिलों की राह आसान होगी। इनमें से चार परियोजनाओं की वित्तीय बिड खुल चुकी हैं, जबकि पांच परियोजनाओं के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराई जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के दिल्ली के सूत्रों के अनुसार, बरेली के 4-6 लेन दक्षिणी बाईपास के लिए डीपीआर तैयार हो रही है। इसकी लंबाई 30 किमी होगी और अनुमानित लागत 2000 करोड़ रुपये है। इसी तरह से कबरई-कानपुर को फोरलेन करने और बाराबंकी-जरवल (पैकेज-1) मार्ग के लिए भी विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इनकी लागत क्रमशः 3900 करोड़ और 1550 करोड़ रुपये है। बाराबंकी जरवल मार्ग का यह पैकेज-1 करीब 35.7 किमी लंबा होगा। बाराबंकी-जरवल मार्ग के पैकेज-2 में घाघरा नदी पर फोरलेन ब्रिज और आरओबी (रेलवे उपरिगामी सेतु) बनेगा। 7.3 किमी लंबी इस परियोजना पर 750 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जरवल से बहराइच के बीच 58.4 किमी सड़क निर्माण के लिए भी डीपीआर तैयार हो रही है। इसकी लागत 2050 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अलावा कानपुर रिंग रोड फेज-2 और मथुरा-हाथरस-बदायूं-बरेली फोरलेन (पैकेज-4) के लिए वित्तीय बिड खुल चुकी हैं। एनएच-93 के आगरा-अलीगढ़ के 28 किमी लंबे पैकेज-1 और इसी हाईवे के 36.9 किमी लंबे पैकेज-2 के लिए भी वित्तीय बिड की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिन चार परियोजनाओं की बिड खुल चुकी हैं, उनकी कुल लागत 5324 करोड़ रुपये है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### बेखौफ अपराधी.....A.S.I को कुचल कर कार चालक फरार......C.C.T.V में कैद हुई



**रिपोटर महिंदर चोपड़ा** । 110 की गति से तेज रफ्तार कार चालक ने पुलिस नाका तोड़ कर एएसआई को कुचल दिया। कार रोपड़ से आ रही थी। हादसा रोपड़-नवांशहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। घायल एएसआई की पहचान धनवंत सिंह के तौर पर हुई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि अज्ञात कार चालक ने अन्य कार को भी टक्कर मारी। एएसआई की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। उन्हें मोहाली के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पहचान या फिर गिरफ्तारी के बारे पुलिस ने अभी तक पुष्टि नहीं की। इस मामले ने एक बार फिर से सवाल खड़ा कर दिया है कि पुलिस खुद भी सुरक्षित नहीं है। अपराधियों का हौसला बढ़ चुका है।

**क्या था पूरा मामला..जानिए, इस खास रिपोर्ट में–** बताया जा रहा है कि मामला देर शाम का है। एएसआई धनवंत सिंह हाईवे पर लगे नाका पर तैनात थे। इस बीच रोपड़ की तरफ से आ रही कार ने नाका तोड़कर एएसआई को कुचल दिया। मौके से कार चालक फरार हो गया। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने इस बात का खुलासा किया कि कार चालक की पहचान कर ली गई। लेकिन, इस बारे अभी पुलिस ने किसी प्रकार से कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया। उधर, पुलिस अधिकारी की हालत काफी चिंताजनक बताई जा रही है।

उसे मोहाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। उधर, जिला के पुलिस प्रमुख अधिकारी ने इस मामले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जारी करते हुए कहा कि वह परिवार के साथ खड़े है। जिसने इस वारदात को अंजाम दिया, उसे बिल्कुल नहीं बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी समय गिरफ्तारी की पुष्टि हो सकती है।

### इंद्रजीत कौर आप की बनी मेयर... सीनियर डिप्टी मेयर पराशर तथा डिप्टी मेयर प्रिंस नियुक्त



**पंजाब लुधियाना रिपोटर परमजीत सिंह (पम्मा)**। प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर (आप) की पहली महिला मेयर बन चुकी है। सीनियर डिप्टी मेयर के पद पर वार्ड नंबर 90 से पार्षद राकेश पराशर एवं डिप्टी मेयर के पद के लिए वार्ड नंबर 40 से पार्षद प्रिंस जौहर को चुना गया है। गुरु नानक देव भवन में चल रहे कार्यक्रम में शहर के सभी 95 पार्षद शपथ ग्रहण कर रहे हैं।

**कांग्रेस को बड़ा झटका–** मेयर बनाने से पहले ही आप की तरफ से कांग्रेस को एक और झटका दे दिया गया है। वार्ड नंबर 41 की पार्षद ममता रानी ने कांग्रेस का हाथ छोड़ कर आप का झाड़ू पकड़ लिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रधान और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने पार्षद ममता रानी, वरिष्ट कांग्रेसी नेता बलविंदर सिंह, मनी राम और विशाल धवन को पार्टी में शामिल किया। ममता रानी के आप ज्वाइन करने के बाद आप के पास आंकड़ा पूरा हो गया है। अब पार्टी बिना विधायकों की स्पोर्ट के ही मेयर बनाएगी।

### जल्लाद ससुराल....बहु को जिंदा जलाया......मौके से सभी फरार



**पंजाब लुधियाना रिपोटर मुकेश बावा, परमजीत सिंह (पम्मा)**। एक महिला को उसके ससुराल परिवार ने तेल डालकर जला दिया। महिला लुधियाना के दयानंद अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रही है। महिला बयान देने में असमर्थ है, जिसके चलते पुलिस ने उसकी बड़ी बहन के बयान पर ससुराल परिवार के 3 लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है।

**ससुर भी शामिल था इस साजिश में–** पीड़िता की पहचान सुखजीत कौर के तौर पर हुई है। आरोपियों में उसके पति गुरप्रीत सिंह, सास मनजीत कौर और ससुर अमरजीत सिंह का नाम शामिल है। चौकी भूदडी के इंचार्ज और इस केस के जांच अधिकारी एएसआई दलजीत सिंह का कहना है कि जल्दी ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस को दिए गए बयान में सुखजीत कौर की बड़ी बहन सुमन प्रीत कौर पुत्री सतपाल सिंह निवासी भिंडर खुर्द थाना धर्मकोट मोगा ने लिखवाया था कि नौ वर्ष पहले उसकी बहन सुखजीत कौर की शादी गांव सवद्दी कला के रहने वाले गुरप्रीत सिंह के साथ हुई थी। गुरप्रीत सिंह पेशे से टैंपू चालक है और छोटा हाथी पर लोगों का सामान छोड़कर ही अपने परिवार का गुजारा करता है।

**डीएमसी अस्पताल रेफर–** शादी के एक साल बाद ही सुखजीत कौर के घर बेटी गुरनूर पैदा हुई। सुमन प्रीत कौर के मुताबिक दो दिन पहले शुक्रवार को उसे मुल्लापुर के पंडोरी नर्सिंग होम्स से नर्स का फोन आया कि उसकी बहन सुखजीत कौर को उसके ससुरालियों ने आग के हवाले कर दिया और गंभीर हालत में उसे पंडोरी अस्पताल छोड़ गए हैं। जब वह अस्पताल पहुंची तो उसकी बहन की हालत काफी खराब थी, जिसके बाद डाक्टर ने उसे डीएमसी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### IIT मद्रास के डायरेक्टर का दावा- गोमूत्र में औषधीय गुण, ये एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-फंगल

**चेन्नई**। आईआईटी मद्रास (चेन्नई) के डायरेक्टर प्रो. वी कामकोटि से जुड़ा एक वीडियो वायरल है। इसमें वे दावा करते नजर आ रहे हैं गाय का यूरिन यानी गोमूत्र में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। ये कई बीमारियों को ठीक कर सकता है, जिसमें IBS या इरिटेबल बाउल सिंड्रोम भी शामिल है। कामकोटि के दावे को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम ने कहा- IIT मद्रास के डायरेक्टर का छद्म (बनावटी) विज्ञान का प्रचार करना अत्यंत अशोभनीय है। DMK नेता ने कामकोटि को IIT से हटाकर कहीं और नियुक्त करने की बात कही है। दरअसल, 15 जुलाई को चेन्नई में 'गाय' पोंगल कार्यक्रम में वी कामकोटि शामिल हुए थे, वहीं उन्होंने गोमूत्र के औषधीय गुणों पर बात की थी। NDTV के मुताबिक, प्रो. कामकोटि से सवाल किया गया कि क्या साइंस का प्रचार करने वाले व्यक्ति को अंधविश्वास फैलाना चाहिए। कामकोटि ने जवाब में कहा- गोमूत्र के एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लैमेटरी गुणों को वैज्ञानिक तरीके से दिखाया गया है। USA की टॉप मैगजीन ने इसके साइंटिफिक प्रूफ पब्लिश किए हैं।

# इजराइल ने 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया




♦ हमास की कैद से 3 इजराइली बंधक आजाद, नेतन्याहू बोले- पूरा देश आपको गले लगा रहा

**एजेंसी, तेल अवीव/ रामल्ला**

इजराइल-हमास के बीच बीते 15 महीनों से जारी जंग रविवार, 19 जनवरी को थम गई है। इजराइल ने सीजफायर के पहले दिन 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। बदले में हमास ने भी इजराइल की 3 महिला बंधक रिहा की हैं। इनके नाम रोमी गोनेन, एमिली दामारी और डोरोन स्टीनब्रेचर हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक तीनों बंधकों को रेड क्रॉस की मदद से इजराइल वापस लाया गया। बंधकों की वापसी पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि पूरा देश आपको गले लगा रहा है। रिहाई के बाद फिलिस्तीन और इजराइल दोनों जगहों पर लोगों ने खुशियां मनाईं। सीजफायर की घोषणा के बाद 600 से अधिक ट्रक इजराइल की सख्त नाकेबंदी के बीच मानवीय सहायता लेकर गाजा पहुंचे। फिलिस्तीनी नागरिक युद्धग्रस्त इलाकों से अपने घरों की जांच करने और अपने रिश्तेदारों को दफनाने के लिए वापस लौट रहे हैं। इजराइल करीब 700 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा सीजफायर डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में हमास इजराइल से किडनैप किए गए 33 बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। इजराइल के न्याय मंत्रालय ने भी 95 फिलिस्तीनी कैदियों की लिस्ट जारी की है, जिन्हें पहले फेज में रिहा किया जाएगा। इनमें 69 महिलाएं, 16 पुरुष और 10 नाबालिग शामिल हैं। इजराइल 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनके नाम की लिस्ट भी जारी की गई है। इस लिस्ट में शामिल कई लोग हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं, जिनमें हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के सदस्य भी शामिल हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में घुसकर 1200 लोगों को मार डाला था और 251 को बंधक बना लिया था। इसके कुछ घंटे बाद इजराइली सेना ने गाजा पर हमला बोल दिया था।

## डॉक्टरों की हड़ताल स्थगित..... सरकार की ओर से नोटिफिकेशन जारी करने के संकेत

**पंजाब अमृतसर रिपोटर मुकेश बावा, महिंदर चोपड़ा**



पंजाब के सरकारी अस्पतालों में आज सेवाएं ठप होने का खतरा टल गया है। पीसीएमएस एसोसिएशन ने आज से शुरू होने वाली सरकारी डॉक्टरों की हड़ताल को 23 जनवरी तक स्थगित कर दिया है। सरकार की ओर से डीएसीपी(तरक्की) समेत अन्य मांगों को लेकर नोटिफिकेशन जारी करने संकेत देने के मद्देनजर यह हड़ताल स्थगित की गई है।

**अगला ऐलान इस बैठक में होगा–** 23 जनवरी की शाम को एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग फिर से बुलाई गई है, जिसमें अगला ऐलान किया गया। इससे पहले रविवार को मोगा में जनरल बॉडी मीटिंग हुई, जिसमें सभी जिला इकाइयों से चर्चा की गई। लोगों को आज किसी तरह की अस्पतालों में उपचार करवाने में असुविधा नहीं होगी। मीटिंग में एसोसिएशन ने बताया कि 17 जनवरी को एसोसिएशन व सेहत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच मीटिंग हुई है, जिसमें मांगों को लेकर चर्चा हुई और इसमें कुछ बातों पर आम सहमति बनी है।

**23 तक नोटिफिकेशन जारी** – सेहत विभाग की ओर से तैयार प्रस्ताव पर भी विस्तार से चर्चा के बाद पीसीएमएस एसोसिएशन ने इसका समर्थन किया। हमें नोटिफिकेशन अगले हफ्ते के मध्य तक जारी होने का भरोसा दिलाया गया है। इसलिए हड़ताल को 4 दिनों के लिए स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि 23 तक नोटिफिकेशन जारी कर दी जाएगी।

## कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के दोषी को उम्रकैद

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई गई है। सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सोमवार, दोपहर 2:45 बजे सजा सुनाते हुए कहा, 'यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है। मौत की सजा नहीं दी सकती।' जस्टिस दास ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपए मुआवजा दे। हालांकि परिवार ने इसे लेने से इनकार कर दिया।

फैसला सुनाने से पहले दोपहर 12:30 बजे कोर्ट ने दोषी संजय, CBI और पीड़ित परिवार की बातें सुनीं। संजय से कहा- यह बताया जा चुका है कि तुम किन अपराधों के दोषी हो। कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। घटना के 164वें दिन (20 जनवरी) सजा पर 160 पेज का फैसला सुनाया। CBI और पीड़ित परिवार ने मौत की सजा मांगी थी। संजय का परिवार बोला- भले ही फांसी हो। हम फैसले के खिलाफ अपील नहीं करेंगे। संजय की मां ने कहा कि मैं उस लड़की के मां-बाप का दुख समझती हूं, मेरी भी बेटियां हैं।



घटना के 164वें दिन सजा, कोर्ट ने कहा- यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं

## देखों, ये हाल है सत्ताधारी पार्टी AAP का.......AAP सरपंच-पंच देता था लूटपाट गिरोह का साथ.......मामला दर्ज तो हो गए फरार

**पंजाब लुधियाना रिपोटर परमजीत सिंह (पम्मा)**





आम आदमी पार्टी से जुड़े एक सरपंच तथा पंच सहित कुल 16 के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि इन्होंने लूट पाट करने वाले गिरोह के एक सरगना को संरक्षण देने के साथ-साथ पुलिस टीम पर पिछले दिनों जानलेवा हमला किया था। मामला, पंजाब के जिला लुधियाना के अधीन एक गांव का है। फिलहाल, गिरोह का सरगना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि, सरपंच, पंच तथा अन्य गुनहगार फरार बताए जा रहे है। मामला, 17 जनवरी की देर रात का बताया जा रहा है।

**क्या था मामला–** लुधियाना में कार लूट के एक आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर मुख्य आरोपी ने सरपंच, पंच और अन्य गांव के लोगों संग मिलकर जानलेवा हमला कर दिया था। अब थाना हठूर पुलिस ने इस मामले में गांव के सरपंच मनदीप सिंह, पंच पम्मा, सिमरजीत सिंह, हरजीत सिंह समेत 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना 17 जनवरी की देर रात गांव कमालपुरा की है। 14 जनवरी को कार लूट के सरगना सिमरजीत सिंह उर्फ निहंग के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

**जानिए, कौन कौन घायल हुआ था–** जब पुलिस टीम आरोपी से पूछताछ कर रही थी, तब उसने सिमरजीत सिंह ने अचानक तलवार निकालकर एसआई तरसेम सिंह और एसएचओ हर्षवीर सिंह पर हमला कर दिया। दोनों अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान गांव के सरपंच, पंच और अन्य लोग डंडे व अन्य हथियार लेकर मौके पर पहुंच गए और पुलिस टीम को घेर लिया।

## सोपोर में आतंकियों से मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

### कल सुरक्षाबलों ने आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया था

**एजेंसी, सोपोर**



दूसरे दिन भी एनकाउंटर जारी

कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के बारामूला जिले के जालोरा गांव में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल जवान को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। रविवार को सुरक्षा बलों और पुलिस ने सोपोर के जालोरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया था। यह गांव सोपोर से कुछ किलोमीटर दूर है। मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब सोपोर पुलिस के साथ 22 राष्ट्रीय राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) की 179वीं बटालियन पर आतंकियों ने फायरिंग कर दी।

**अंधेरे के कारण रोक दिया था सर्च ऑपरेशनः** सुरक्षा बलों के मुताबिक रविवार शाम अंधेरा बढ़ने के बाद जालोरा के गुज्जरपति इलाके में चल रहा ऑपरेशन रोक दिया गया था। जिसे सोमवार सुबह दोबारा शुरू किया गया। आतंकियों को भागने से रोकने के लिए पूरे इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।


**30 दिन पहले कुलगाम में एनकाउंटर हुआ, 5 आतंकी ढेर हुए थेः** 19 दिसंबर को कुलगाम जिले के कद्दर इलाके में सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया था। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर फारूक अहमद भट्ट भी शामिल था। मुठभेड़ में 2 जवान भी घायल हुए थे।

**जम्मू में जैश और लश्कर का 20 साल पुराना नेटवर्क एक्टिवः** जम्मू रीजन में सेना ने 20 साल पहले पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के जिस लोकल नेटवर्क को सख्ती से निष्क्रिय कर दिया था, वो पूरी ताकत से फिर एक्टिव हो गया है। पहले ये लोग आतंकियों का सामान ढोने का काम करते थे, अब उन्हें गांवों में ही हथियार, गोला बारूद और खाना-पीना दे रहे हैं। दिसंबर में 25 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। उन्होंने पूछताछ में बताया था कि लोकल नेटवर्क जम्मू के 10 में से नौ जिलों राजौरी, पुंछ, रियासी, ऊधमपुर, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, जम्मू और रामबन में जम चुका है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व DGP एसपी वैद्य के मुताबिक, आर्टिकल 370 हटने के बाद से ही पाकिस्तान आर्मी और ISI ने जम्मू को टारगेट करना शुरू कर दिया था। उसने 2 साल में इस नेटवर्क को सक्रिय किया। इन्हीं की मदद से आतंकियों ने 2020 में पुंछ और राजौरी में सेना पर बड़े हमले किए। फिर ऊधमपुर, रियासी, डोडा और कठुआ को निशाने पर लिया।

## केरल में 24 साल की युवती को फांसी की सजा

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

केरल के तिरुवनंतपुरम की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को 24 साल की एक युवती को फांसी की सजा सुनाई। युवती ने अक्टूबर 2022 में आयुर्वेदिक टॉनिक में जहर मिलाकर अपने बॉयफ्रेंड को पिलाकर उसकी हत्या कर दी थी। युवती की शादी कहीं और तय हो गई थी, इसलिए उसने बॉयफ्रेंड से पीछा छुड़ाने के लिए उसकी जान ले ली। उसके चाचा निर्मलाकुमारण नायर को हत्या में साथ देने और सबूत मिटाने का दोषी पाया गया गया, उसे 3 साल की सजा सुनाई गई। जबकि युवती की मां को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। ग्रीष्मा के वकील ने कहा- वह पढ़ी लिखी है और अपने माता-पिता की इकलौती बेटी है। उसका कोई क्राइम रिकॉर्ड भी नहीं है। ऐसे में सजा कम की जानी चाहिए। कोर्ट ने 586 पन्नों के अपने फैसले में कहा- अपराध की गंभीरता के सामने दोषी की उम्र और अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखने की जरूरत नहीं है। ग्रीष्मा ने प्लानिंग करके शेरोन की हत्या की। गिरफ्तारी के बाद उसने अपनी जान देने की कोशिश की थी, जिससे जांच को भटकाया जा सके। लड़का रिश्ता खत्म करना नहीं चाहता था, इसलिए मार डाला स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर वीएस विनीत कुमार के मुताबिक दोषी ग्रीष्मा की शादी नागरकोइल के आर्मी के एक जवान से तय हो गई थी।



बॉयफ्रेंड को जहर देकर मारा था, अदालत बोली- ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस है

# गद्दार खालिस्तानियों की करतूत....U.K में INDIA के खिलाफ देश विरोधी लगे नारे....इस FILM का कर रहे थे विरोध

**पंजाब चंडीगढ़ महिंदर चोपड़ा मुकेश बावा**

कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का खालिस्तानी चरमपंथियों ने विरोध किया। यह विरोध की तस्वीरें लंदन की सामने आई। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान खालिस्तानी समर्थक हॉल में पहुंच गए और भारत के खिलाफ नारे लगाने लगे। जिसके बाद लोगों ने उनका विरोध किया और उन्हें वहां से जाना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने फिल्म की स्क्रीनिंग रोकने की कोशिश की और सिनेमा हॉल में तनावपूर्ण माहौल बनाया। इस घटना के बावजूद ब्रिटिश पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे यूके सरकार और प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं।

पंजाब में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने फिल्म पर सिखों की छवि खराब करने और इतिहास को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाते हुए पंजाब में इसकी रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। इसके लिए SGPC के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कहा कि यदि यह फिल्म रिलीज होती है, तो सिख समुदाय में आक्रोश और गुस्सा पैदा होगा। उन्होंने सरकार से फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

**क्या लिखा कंगना ने..–** पंजाब में विरोध के बाद कंगना ने X पर लिखा- 'यह पूरी तरह से कला और कलाकार का उत्पीड़न है। पंजाब से कई शहरों से खबरें आ रही हैं कि ये लोग इमरजेंसी को चलने नहीं दे रहे। मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं। चंडीगढ़ में पढ़ाई और बड़े होने के बाद मैंने सिख धर्म को करीब से देखा और उसका पालन किया है। यह मेरी छवि खराब करने और मेरी फिल्म इमरजेंसी को नुकसान पहुंचाने के लिए सरासर झूठ और दुष्प्रचार है।'

**कानूनी नोटिस भेजा–** पंजाब का ही एक लॉ स्टूडेंट सफल हरप्रीत सिंह की तरफ से कंगना को कानूनी नोटिस भेजा गया है, जिसमें पूरे पंजाब व सिख कम्युनिटी से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर वे लीगल नोटिस का जवाब नहीं देतीं, तो इस मामले में कानून का सहारा लेंगे।

फरीदकोट से निर्दलीय सांसद सरबजीत सिंह के अलावा सिखों की सर्वोच्च संस्था SGPC ने सबसे पहले इस फिल्म पर एतराज जताया था। इससे पहले ये फिल्म 6 सितंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन विरोध के बाद इसे सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC) से क्लीयरेंस ही नहीं मिला था।



**इस सांसद ने उठाया मुद्दा–** 5 महीने पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके सुरक्षाकर्मी बेअंत सिंह के बेटे एवं फरीदकोट से निर्दलीय सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने ट्रेलर में दिखाए गए सीन्स पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि फिल्म इमरजेंसी में सिखों को गलत तरीके से पेश करने की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे समाज में शांति और कानून की स्थिति बिगड़ने की आशंका है। अगर इस फिल्म में सिखों को अलगाववादी या आतंकवादी के रूप में दिखाया गया है तो यह एक गहरी साजिश है। सरबजीत ने कहा था कि यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक हमला है, जिस पर सरकार को पहले से ध्यान देकर दूसरे देशों में सिखों के प्रति नफरत भड़काना बंद कर देना चाहिए।

**CBFC ने इस सीन पर भी अपनी आपत्ति जताई थी–** इमरजेंसी में दिखाए गए विवादित बयानों पर सेंसर बोर्ड ने फैक्ट्स दिखाने को कहा था। CBFC ने कहा था कि मेकर्स को इस फिल्म में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड मिल्हौस निक्सन द्वारा भारतीय महिलाओं के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के भारतीयों को खरगोशों की तरह प्रजनन करने वाले बयानों के सोर्स पेश करने होंगे।

सेंसर बोर्ड ने मणिकर्णिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड को 10 बदलावों की लिस्ट भेजी थी। इनमें अधिकतर दृश्य वे थे, जिन पर सिख संगठनों की तरफ से आपत्ति जताई गई थी। फिल्म के एक सीन में पाकिस्तानी सैनिकों को बांग्लादेश शरणार्थियों पर हमला करते हुए दिखाया गया है। इसमें उन्हें बच्चों व महिलाओं पर हमला करते हुए दिखाया गया है। CBFC ने इस सीन पर भी अपनी आपत्ति जताई थी। बोर्ड ने मेकर्स को फिल्म से इस सीन को बदलने या फिर पूरी तरह डिलीट करने को कहा था।

# वानखेड़े स्टेडियम ने मनाई स्वर्ण जयंती, सचिन तेंदुलकर ने अपने खास पलों को किया याद

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम ने रविवार रात संगीत, नृत्य और लेजर शो के साथ अपनी स्वर्ण जयंती मनाई। इस खास मौके पर भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने स्टेडियम की समृद्ध विरासत को ट्रिब्यूट देते हुए अपने खास पलों को याद किया। सचिन ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा, "मैं 10 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मैच देखने नॉर्थ स्टैंड में आया था। हम 25 लोग थे, लेकिन टिकट 24 ही थे। मेरी ऊंचाई कम होने की वजह से मुझे चुपके से अंदर जाने दिया गया।" वानखेड़े पर 73 मैच खेल चुके तेंदुलकर ने 17 शतक और 23 अर्धशतकों के साथ कुल 4972 रन बनाए हैं। तेंदुलकर ने 2011 विश्व कप जीत को अपने करियर का सबसे खास पल बताया। उन्होंने कहा, "1983 की जीत ने मुझे प्रेरित किया था। हमने 1996 और 2003 में मौका गंवाया, लेकिन वानखेड़े पर 2011 की जीत मेरे लिए सबसे यादगार रही।"




**50 साल की ऐतिहासिक विरासत** : 1975 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बने इस स्टेडियम ने कई ऐतिहासिक पलों की गवाही दी है। कपिल देव की कप्तानी में 1983 विश्व कप जीत के बाद यहां टीम का सम्मान हुआ। 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप की जीत ने इस मैदान को खास पहचान दी।

**एमसीए और शरद पवार का योगदान** : वानखेड़े स्टेडियम के निर्माण में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) और शरद पवार की अहम भूमिका रही। पवार ने 1960 के दशक में युवा खेल मंत्री रहते हुए इसके लिए जमीन आवंटित कराई थी। 2011 में इसका जीर्णोद्धार करके इसे नई पहचान दी गई।

**मुंबई क्रिकेट का गढ़** : मुंबई क्रिकेट की पावरहाउस मानी जाने वाली टीम ने वानखेड़े पर 42 में से 26 रणजी ट्रॉफी खिताब जीते। यहां अब तक 63 अंतरराष्ट्रीय मैच (27 टेस्ट, 28 वनडे, 8 टी20) खेले गए हैं। आईपीएल और घरेलू क्रिकेट के अनगिनत मुकाबलों ने इस मैदान को और खास बना दिया है। रविवार रात आयोजित समारोह में एमसीए ने शरद पवार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया। वानखेड़े स्टेडियम, जो भारत के क्रिकेट इतिहास का अभिन्न हिस्सा है, ने अपनी 50 साल की शानदार यात्रा को इस समारोह के जरिए खास बना दिया।

## चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के इरादे से उतरेंगे: रोहित

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि टीम पाकिस्तान में अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब प्रदर्शन के हुई निराशा को पीछे छोड़ते हुए रोहित का लक्ष्य इस टूर्नामेंट को जीतकर अपने आलोचकों को करारा जवाब देना रहेगा। रोहित के अलावा इस टूर्नामेंट के लिए उपकप्तान बने शुभमन गिल का लक्ष्य भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने चयन को सही साबित करना होगा। इस टूर्नामेंट में खेलने वाली 8 में से 7 टीमों की घोषणा हो गयी है। केवल मेजबान पाकिस्तान ही अब तक अपनी टीम घोषित नहीं कर पाया है। बीसीसीआई के भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से मना करने के कारण इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में रखे गये हैं।



रोहित ने कहा कि भारतीय टीम जल्द ही चैंपियंस ट्रॉफी में अपना अभियान शुरू करेगी और एक और ट्रॉफी जीतने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, '' हम एक और टूर्नामेंट में जीत के इरादे से उतरेंगे। मुझे भरोसा है कि जब हम दुबई पहुंचेंगे तो 140 करोड़ लोगों की शुभकामनाएं हमारे साथ होंगी।'' इस टूर्नामेंट में खेलने वाली 8 टीमों को 4-4 के दो समूहों में बांटा गया है। ग्रुप ए में बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। वहीं 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

## नीरज चोपड़ा ने हिमानी संग विवाह रचाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शादी के बंधन में बंध गये हैं। नीरज की शादी एक पारिवारिक समारोह में सोनीपत की हिमानी मोर से हुई है इसमें परिवार और रिश्तेदारों के अलावा करीबी लोग ही शामिल हुए। नीरज ने सोशल मीडिया के जरिये आपनी शादी की तस्वीरें साझा की है। नीरज ने विवाह समारोह की तस्वीरों के साथ लिखा, 'मैंने अपने परिवार के साथ अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया है। साथ ही लिखा है कि हर उस आशीर्वाद के लिए आभारी हूं जिसने हमें इस पल तक पहुंचाया। प्यार से बंधे, हमेशा खुश रहें।


नीरज के विवाह को लेकर चाचा भीम ने बताया कि विवाह देश में ही हुआ और यह जोड़ा हनीमून के लिए विदेश रवाना हो गया है। हिमानी अभी अमेरिका में पढ़ाई कर रही हैं। भीम ने कहा, 'हां, विवाह दो दिन पहले भारत में हुआ। मैं यह नहीं बता सकता कि यह कहां हुआ। लड़की सोनीपत की है और वह अमेरिका में पढ़ाई कर रही है। वे हनीमून के लिए देश से बाहर गए हैं और मुझे नहीं पता कि वे कहां जा रहे हैं। हम निजता बनाये रखना चाहते थे। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस खेलों में रजत पदक जीतने वाले नीरज इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में ट्रेनिंग ले रहे थे। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जबकि पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था।



## इंडिया ओपन 2025: विक्टर एक्सेलसन, एन से-यंग ने पुरुष और महिला वर्ग का जीता खिताब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एक सप्ताह तक चले लम्बे मैचों, अप्रत्याशित जीतों और स्थानीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रविवार को इंडिया ओपन का फाइनल रोमांचक रहा, जिसमें चार शीर्ष मुकाबलों का फैसला सीधे गेमों में हुआ। विक्टर एक्सेलसन और एन से-यंग ने रविवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। एक्सेलसन ने पिछले साल के उपविजेता सिंगापुर के चेउक यिउ ली को 41 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर टूर्नामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। इस जीत के साथ ही उन्होंने 10 वर्षों में छह फाइनल में मलेशियाई दिग्गज ली चोंग वेई के यहां सबसे अधिक खिताब जीतने की बराबरी कर ली। वहीं, एन ने



थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-12, 21-9 से हराकर 2023 के बाद अपना दूसरा खिताब जीता। इस जीत के साथ ही एक्सेलसन ने सीजन के पहले मलेशिया ओपन में ली से मिली अपनी पहले दौर की हार का बदला भी ले लिया और विश्व नंबर 20 के खिलाफ अपनी जीत का रिकॉर्ड 7-2 तक पहुंचा दिया। पेरिस में जीत के बाद से दोनों ओलंपिक चैंपियनों का समय अलग-अलग रहा है, लेकिन खचाखच भरे केडी जाधव इंडोर हॉल में, उन्होंने सुपर 750 इवेंट में इसी तरह अपना दबदबा कायम किया। जबकि एन ने महिला बैडमिंटन में अपना दबदबा बनाए रखा है। पेरिस के बाद से उनकी केवल दो हार चीन की ज़ी यी वांग के खिलाफ आई हैं। एक्सेलसन चोटों, प्रशिक्षण और प्रेरणा से जूझ रहे हैं, यहां तक कि पिछले दिसंबर में साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल से भी बाहर हो गए। उन्हें यहां भी अपनी लय और फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन डेन ने अपने अभियान को समाप्त करने का सही तरीका ढूंढ लिया। धीमी शुरुआत और अनियमितता के कारण, 2017 और 2019 के चैंपियन 2-6 से पीछे थे, फिर 7-7 से बराबरी करने से पहले, छह अंक हासिल कर 13-8 से आगे हो गए और फिर 21-16 से जीत हासिल की।

## आईकेकेएफ ने एशियाई खो-खो महासंघ को दी आधिकारिक मान्यता

**एजेंसी, सिंगापुर**

अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ (आईकेकेएफ) ने एशियाई खो खो महासंघ को आधिकारिक मान्यता दे दी है, जो पूरे एशिया में खो खो के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 11 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह महासंघ एशियाई क्षेत्र में इस खेल के लिए प्रमुख शासी निकाय के रूप में काम करेगा, जिसका अगला कदम इस खेल को ओलंपिक में ले जाना है। 20 दिसंबर 2024 को हुए एक ऐतिहासिक चुनाव में एशियाई खो-खो महासंघ ने अपनी नेतृत्व टीम नियुक्त की। असलम खान अध्यक्ष होंगे और एम. सदाशिवम महासचिव की भूमिका निभाएंगे। क्षितिज अग्रवाल को सह-सचिव, एम.एस. त्यागी को कोषाध्यक्ष और सान्या सिंह अग्रवाल को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। महासंघ एशिया में खो-खो को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध ग्यारह देशों के गठबंधन को एक साथ लाता है। सदस्य देशों में बांग्लादेश, भूटान, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका शामिल हैं। यह विविध सदस्यता पूरे महाद्वीप में खेल के विकास के लिए एक मजबूत आधार का प्रतिनिधित्व करती है। अंतरराष्ट्रीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने इस विकास का स्वागत करते हुए एक आधिकारिक बयान में कहा, "एशियाई खो-खो महासंघ का गठन इस प्राचीन खेल को वैश्वीकरण करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है आईकेकेएफ पूरे क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए एशियाई खो-खो महासंघ की पहल का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।" एशियाई खो-खो महासंघ के सह-सचिव क्षितिज अग्रवाल ने कहा, "हमारा लक्ष्य सिर्फ टूर्नामेंट आयोजित करने से कहीं आगे तक फैला हुआ है। हम एशिया में खो-खो के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें खिलाड़ियों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ग्यारह राष्ट्रीय महासंघों से मिल रहा समर्थन पूरे एशिया में खो-खो के लिए बढ़ती रुचि को दर्शाता है।



## स्की जंपिंग विश्व कप: त्शोफेनिग ने पुरुष वर्ग का जीता खिताब

**एजेंसी, वारसॉ**

ऑस्ट्रिया के डेनियल त्शोफेनिग ने रविवार शाम पोलैंड के जाकोपेन में आयोजित एफआईएस स्की जंपिंग विश्व कप में पुरुषों की व्यक्तिगत एचएस 140 स्पर्धा का खिताब जीत लिया है। पहले राउंड के बाद ऐसा लग रहा था कि स्लोवेनिया के एन्ज़े लैनिसेक ट्रॉफी जीत लेंगे क्योंकि उन्होंने 145 मीटर की छलांग लगाकर स्पष्ट बढ़त हासिल कर ली थी। हालांकि, अंतिम राउंड में, 28 वर्षीय खिलाड़ी केवल 130 मीटर ही बना पाए और चौथे स्थान पर पोडियम से चूक गए।




हालांकि इसके बाद त्शोफेनिग ने अपना मौका भुनाया। पहले राउंड में 136 मीटर की छलांग लगाने के बाद, ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने 139.5 मीटर की छलांग लगाकर 316.7 अंकों के साथ प्रतियोगिता जीत ली। नॉर्वे के जोहान आंद्रे फ़ोरफ़ैंग ने 137 मीटर और 136 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता, जो विजेता से 7.3 अंक कम था। ऑस्ट्रिया के जान होर्ल 136 मीटर और 140 मीटर की छलांग लगाकर 309.3 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के बाद, त्शोफेनिग ने स्वीकार किया कि ज़कोपेन में विल्का क्रोकिव पहाड़ी पर उनकी जीत उनके लिए भी एक आश्चर्य थी। उन्होंने कहा, "लैनिसेक ने पहली छलांग बहुत अच्छी लगाई और मुझे पता है कि वह दबाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। इसलिए, मुझे वास्तव में नहीं लगा कि मेरे पास जीतने का मौका है। मैं बस अपना काम करने के लिए, अपनी छलांग लगाने के लिए स्वतंत्र था। इससे मुझे वास्तव में इस परिणाम तक पहुँचने में मदद मिली।" सीज़न के विश्व कप में अपनी पाँचवीं जीत के बाद, त्शोफेनिग ने 1056 अंकों के साथ सामान्य वर्गीकरण में अपनी बढ़त को बढ़ाया। उनके हमवतन होर्ल 976 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि जर्मनी के पियुस पास्के 848 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## तेजस शिरसे ने सीएमसीएम लक्ज़मबर्ग इंडोर मीटिंग में 60 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के तेजस शिरसे ने सीएमसीएम लक्ज़मबर्ग इंडोर मीटिंग में पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ हीट में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने प्रारंभिक दौर में 7.65 सेकंड का समय निकाला और सिद्धांत थिंगलाया द्वारा निर्धारित 7.70 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

फाइनल में, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और कुल मिलाकर पांचवें स्थान पर रहे, पोलिश एथलीट जैकब सिजमान्स्की ने 7.41 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। पिछले साल, शिरसे ने फ़िनलैंड के ज्यवास्किला में वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (चैलेंजर स्तर) बैठक में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था। उन्होंने फाइनल जीतने के लिए 13.41 सेकंड का समय लिया और 2017 में थिंगालाया द्वारा बनाए गए 13.48 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।




## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 : जैनिक सिनर ने होल्गर रून को हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**एजेंसी, मेलबर्न**

डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने रॉड लेवर एरेना में खतरनाक डेन होल्गर रून के खिलाफ 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से जीत हासिल कर अंतिम 8 में प्रवेश किया। सिनर को उमस भरी परिस्थितियों में संघर्ष करना पड़ा, उनका हाथ काँप रहा था और मेडिकल टाइमआउट के लिए कोर्ट छोड़ने से पहले तीसरे सेट में उनकी हृदय गति धीमी हो गई थी। जीत के बाद सिनर ने कहा, "यह निश्चित रूप से बहुत ही कठिन था। मैंने मानसिक रूप से वहां रहने की कोशिश की, मैंने अपने सर्विस गेम से जुड़े रहने की कोशिश की और अपने रिटर्न गेम में देखता रहा कि क्या होता है।" अंतिम 8 में सिनर का सामना ने आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर, या तेजी से उभरते युवा अमेरिकी एलेक्स मिशेलसन से हो सकता है।



## डैनी ओल्मो चोटिल, बेनफिका के खिलाफ चैंपियंस लीग मैच से बाहर

**एजेंसी, मैड्रिड**

एफसी बार्सिलोना को चैंपियंस लीग में मंगलवार को बेनफिका के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले में मिडफील्डर डैनी ओल्मो के बिना उतरना होगा। क्लब ने रविवार को पुष्टि की कि 26 वर्षीय ओल्मो को दाहिने पैर की पिंडली में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टीम से बाहर रखा गया है। बार्सिलोना ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा, "डैनी ओल्मो के दाहिने पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। उनकी वापसी चोट की प्रगति पर निर्भर करेगी।" इस चोट के चलते ओल्मो अगले सप्ताहांत वालेंसिया के खिलाफ होने वाले ला लीगा मैच में भी उपलब्ध नहीं रहेंगे।



ओल्मो ने शनिवार को गेटाफे के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मुकाबले में दूसरे हाफ में गैवी के स्थान पर मैदान में प्रवेश किया था। हालांकि, वह बार्सिलोना की मजबूत रक्षा को भेदने में नाकाम रहे और टीम को संतोषजनक प्रदर्शन नहीं मिल सका। चैंपियंस लीग में बार्सिलोना के लिए अहम मुकाबला बार्सिलोना की टीम अब लिस्बन के लिए रवाना हो चुकी है। चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की करने के लिए इस मुकाबले में जीत जरूरी होगी। हार की स्थिति में टीम को 29 जनवरी को अपने अंतिम ग्रुप मैच में अटलांटा के खिलाफ घरेलू मैदान पर हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। ओल्मो की अनुपस्थिति टीम के लिए एक बड़ा झटका है, लेकिन बार्सिलोना बेनफिका के खिलाफ जीत के लिए अपने मजबूत खेल पर भरोसा करेगी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025





## कहीं घूमने का है प्लान, पर करनी है घर की सफाई? जानें फास्ट होम क्लीनिंग आइडिया

संडे को सफाई और घूमने के बीच बैलेंस बनाना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि गंदगी और अव्यवस्था से मन अशांत रहता है। ऐसे में कहीं घर को बुरी हालत में छोड़कर बाहर घूमने जाने का मन नहीं करता है। अगर आपके साथ भी हर वीकेंड पर कुछ ऐसी ही स्थिति बनी रहती है, तो यहां से फास्ट होम क्लीनिंग का आइडिया ले सकते हैं।

संडे को सफाई और घूमने के बीच बैलेंस बनाना काफी मुश्किल होता है, लेकिन जल्दी-जल्दी क्लीनिंग करके आप समय से काम निपटा सकती हैं। साथ ही, अपने घूमने की प्लानिंग को भी सफल बना सकती हैं।, क्योंकि गंदगी और अव्यवस्था से मन अशांत रहता है। पूरे सप्ताह के बिजी शेड्युल में घर की साफ-सफाई कई दफा नजरंदाज हो जाती है और वीकेंड्स पर ही अच्छी तरह सफाई करने का मौका मिलता है। ऐसे में, घर को बिखरा हुआ छोड़कर कहीं बाहर घूमने जाने का मन नहीं करता है। अगर इस संडे आपका भी कहीं घूमने का प्लान है, लेकिन घर की सफाई बाकी है तो आप इन टिप्स को फॉलो करके आप घर की सफाई को जल्दी से निपटाकर अपने घूमने के प्लान को आराम से एंजॉय कर सकती हैं।

### डेली डिक्लटरिंग से शुरुआत करें

सबसे पहले घर के उन हिस्सों को साफ करें, जो सबसे ज्यादा बिखरे हुए हैं।बेडरूम, लिविंग रूम और किचन से फालतू सामान हटाएं। डस्टबिन और वेस्ट बास्केट में गैरजरूरी चीजें डाल दें।

### 10 मिनट रूल अपनाएं

हर कमरे की सफाई के लिए सिर्फ 10 मिनट दें।वाइप करें, झाड़ू लगाएं और चीजों को सही जगह रखें। सफाई का सामान तैयार रखें। किचन क्लीनर, डस्टिंग क्लॉथ, वाइपर, ग्लास क्लीनर जैसी चीजें पहले ही निकालकर रखें। इससे बार-बार चीजें ढूंढने में समय नहीं लगेगा।

### स्पॉट क्लीनिंग परदें ध्यान

पूरे घर की सफाई करने की बजाय, सिर्फ गंदे हिस्सों पर फोकस करें।फर्श, टेबल, डोर हैंडल और मिरर जैसी चीजें जल्दी साफ करें। सफाई करते समय वॉशिंग मशीन में कपड़े डाल दें और बर्तन धोने का काम भी साथ में करें। इससे समय की बचत होगी।

### फर्श की सफाई स्मार्ट तरीके से करें

वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल करें या झाड़ू और पोछा एक साथ लगाएं।फर्श को एक बार वाइप कर दें ताकि धूल और गंदगी हट जाए।सफाई के बाद घर में फ्रेशनर का इस्तेमाल करें। इससे सफाई का असर और बेहतर लगेगा।

### परिवार की मदद लें

सभी को एक-एक काम सौंपें, जैसे कोई झाड़ू लगाए, तो कोई धूल साफ करे।टीमवर्क से काम जल्दी और आसानी से हो जाएगा।गहराई से सफाई करने के बजाय सिर्फ बेसिक क्लीनिंग पर फोकस करें। डीप क्लीनिंग के लिए किसी और दिन का चयन करें।



# बच्चों के प्ले एरिया को डिसइंफेक्ट करने के लिए अपनाएं ये तरीके

यह बात तो हम सभी जानते हैं कि बच्चों को खेलना कितना पसंद आता है। अमूमन हम सभी बच्चों के खिलौनों और प्ले एरिया को क्लीन जरूर करते हैं, लेकिन इसके साथ-साथ उसे डिसइंफेक्ट करना बेहद जरूरी है। दरअसल, इन सभी खिलौनों व प्ले एरिया पर बच्चे की चिपचिपी उंगलियों से लेकर फूड पार्टिकल्स तक रह जाते हैं, जिससे वहां पर बैक्टीरिया भी पनपने लगते हैं। ऐसे में बच्चे के प्ले एरिया को डिसइंफेक्ट करना आपको एक टफ टास्क लग सकता होगा। हालांकि, अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो बेहद ही आसान तरीके से बच्चे के प्ले एरिया को डिसइंफेक्ट कर सकती हैं। फिर चाहे वह बच्चे के खिलौने हों या फिर उनकी खेलने की छोटी सी मेज, इन सबको डिसइंफेक्ट करने का बेहद ही आसान तरीका है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि बच्चे के प्ले एरिया को किस तरह डिसइंफेक्ट किया जाए-

### पहले करें डिक्लटर

जब बात बच्चों के प्ले एरिया को डिइंफेक्ट करने की होती है तो इसकी शुरुआत हमेशा डिक्लटर करने से करें। आप बच्चे के सभी खिलौनों, किताबों और इधर-उधर पड़ी चीज़ों को हटाना शुरू करें। इससे प्ले एरिया को क्लीन करना अधिक आसान हो जाता है और यह सुनिश्चित होता है कि कोई छिपा हुआ कोना सफाई से छूट नहीं गया है।

### बच्चों के लिए सुरक्षित डिसइंफेक्टेंट का करें इस्तेमाल

जब बात बच्चों के प्ले एरिया को डिसइंफेक्ट करने की हो तो आपको प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल थोड़ा समझदारी से करना चाहिए। ध्यान दें कि डिसइंफेक्टेंट किड्स सेफ हो। अगर आप चाहें तो एक भाग सफेद सिरका और 1 भाग पानी से घोल भी बनाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। अब आप डिसइंफेक्टेंट की मदद से बच्चे के खेलने की टेबल, कुर्सियां आदि को साफ करें। उन एरिया पर खासतौर से ध्यान दें जिन्हें अक्सर छुआ जाता है - जैसे कि खेलने की मेज या हैंडल के किनारे आदि।

### खिलौनों को इस तरह करें साफ

बच्चे के खिलौनों को साफ करने के अलग-अलग तरीके अपनाएं। मसलन, प्लास्टिक और गैर-इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों को आप गर्म साबुन के पानी की बाल्टी में डालकर धोएं और हवा में सुखाएं। वहीं, सॉफ्ट टॉयज को ज़्यादातर को वॉशिंग मशीन में डालकर क्लीन करें। अगर खिलौने इलेक्ट्रॉनिक हैं तो उसे नम कपड़े और डिसइंफेक्टेंट की मदद से पोंछें। ध्यान रहे कि आप उन्हें गीला न करें।

### मैट और दीवारों की भी करें सफाई

यदि आपके बच्चे फोम या रबर प्ले मैट पर खेलते हैं, तो उन्हें भी डिसइंफेक्टेंट की मदद से क्लीन करें। खासतौर से, उन जगहों पर ज्यादा ध्यान दें, जहां पर गंदगी छिपी रहती है। इसी तरह, दीवारों, लाइट स्विच और आस-पास की खिड़कियों को डिसइंफेक्टेंट वाइप्स या माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछें।

### वेंटिलेशन का भी रखें ध्यान

बच्चे के प्ले एरिया को डिसइंफेक्ट करने के लिए उसे सिर्फ साफ करना ही काफी नहीं है, बल्कि आपको वेंटिलेशन का भी उतना ही ख्याल रखना चाहिए। एक बार जब आप प्ले एरिया को क्लीन व डिसइंफेक्ट कर लेते हैं तो उसे थोड़ी देर के लिए हवादार होने दें। इससे क्लीनिंग सॉल्यूशन जल्दी सूख जाते हैं और यह सुनिश्चित होता है कि कोई गंध नहीं रह जाती है।



# बच्चों को बाहर घूमने या खेलने के लिए भेजने से पहले सिखाएं ये जरूरी सेफ्टी टिप्स

**इस बात में कोई संदेह नहीं कि बच्चों को बाहर खेलने के लिए भेजना उनके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, लेकिन अगर आप भी अपने बच्चों को खेलने के लिए बाहर भेज रही हैं, तो कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इन बातों की अनदेखी करना बच्चे के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। इसके अतिरिक्त भी सुरक्षा की दृष्टि से कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए।**

### बहुत दूर न हो खेलने की जगह

एक महत्वपूर्ण बात यह है कि बच्चों के खेलने की जगह घर से बहुत दूर नहीं होनी चाहिए। कोशिश करें कि बच्चे ऐसी जगह खेलें, जहां से आप उन पर नजर रख सकें। बच्चे किन अन्य बच्चों के साथ खेलने जा रहे हैं, इसका भी पता रखें। बेहतर होगा कि बारी-बारी से किसी एक बच्चे के घर से कोई बड़ा भी उनके आसपास रहे।

### मौसम का रखें ध्यान

सुरक्षा की बात करें, तो सबसे पहले आता है मौसम का ध्यान रखना। बच्चों को यह समझाकर रखें कि किस तरह के मौसम में बाहर नहीं जाना है और अगर पहले से बाहर खेलने के लिए निकले हैं, तो उन्हें तुरंत घर लौट आना है। जैसे, उन्हें बताकर रखें कि अगर घटाएं घिरने लगें और बारिश के आसार हों, तो तुरंत घर आ जाएं। बारिश में भीगना नुकसान कर सकता है। साथ ही बारिश में फिसलन के कारण खेलने पर चोट भी लग सकती है।

### कीट-पतंगों का ध्यान रखें


बच्चे अगर पार्क में खेलते हैं तो वहां घास और पेड़-पौधों के कारण कीट-पतंगों का खतरा रहता है। इसलिए बच्चों को बग स्प्रे लगाकर भेजें। शाम के समय मच्छरों का प्रकोप बहुत होता है। इसलिए उनसे बचाव बहुत ज्यादा जरूरी है। साथ ही बच्चों को समझा दें कि ऐसी जगह नहीं जाना है, जहां घास बड़ी हो। वहां खतरनाक कीटों का खतरा ज्यादा रहता है।

### आसपास रखें नजर

बच्चों को समझाएं कि उन्हें अपने आसपास की गतिविधियों को लेकर सतर्क रहना चाहिए। अगर कुछ अप्रत्याशित या अजीब लगे, तो तुरंत घर लौट आएं और बड़ों को बताएं। इसके अलावा उन्हें हमेशा ध्यान दिलाएं कि किसी भी अजनबी से बात नहीं करनी है। अजनबी के हाथ से कुछ खाना नहीं है। अजनबी से घुलना-मिलना घातक हो सकता है। अक्सर आपराधिक मानसिकता के लोग इसका लाभ उठाते हैं।

### बाहर कुछ न खाएं

बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि उन्हें यह समझाकर भेजें कि बाहर की चीजें नहीं खानी हैं। और सबसे खास बात, किसी भी पार्क आदि जैसी जगहों पर पेड़ों पर लगे अनजान किस्म के फलों को कतई न खाएं। साथ ही उन्हें इस बात की सख्त हिदायत दें कि उन्हें अपने साथ के बच्चों के संग ही रहना है। अकेले इधर-उधर न जाएं।



# इंस्टाग्राम पर कहीं आपका बच्चा भी तो नहीं देख रहा उल्टे-सीधे कंटेंट? ऐसे छुड़ाएं आदत

**सोशल मीडिया वैसे तो दुनिया में चल रही चीजों से अप टू डेटेड रहने के लिए बड़ा काम का प्लेटफॉर्म है, लेकिन इसका मतलब ये बिल्कुल नहीं है कि आप इंस्टाग्राम पर घंटों रील्स देख कर अपना समय बर्बाद करें। अक्सर ऐसा बच्चे और टीनएजर्स कर रहे हैं, जिस पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।**

कई बार ऐसा होता है कि रील्स स्क्रॉल करते हुए सामने कोई ऐसा कंटेंट आ जाते हैं, जो कि उन्हें नहीं देखना चाहिए। आज के समय में, टीनेज बच्चों को हैंडल करना माता-पिता के लिए काफी चैलेंजिंग हो गया है। खास कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मामले में बच्चे को बच्चे को समझाना और उन्हें इससे दूर रखना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। क्योंकि इस उम्र में उनकी फ्रीडम और प्राइवेसी दोनों ही अहम हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में उनकी आदतों में सुधार कैसे लाया जाए, आइए इस बारे में हम आपको बताते हैं।

### बच्चों को ब्रेक लेने के लिए समझाएं


इंस्टाग्राम पर स्क्रॉल करते समय, बच्चे अक्सर अपना बहुत सारा समय बर्बाद कर देते हैं। इससे उन्हें दूर रखने के लिए आप बच्चे को ब्रेक लेने के लिए कह सकते हैं। समय के महत्व को बताएं और उन्हें मोबाइल से ब्रेक लेकर खेल-कूद पर थोड़ा ध्यान देने पर फोकस करवाएं। अगर आपका टीनएजर इंस्टाग्राम पर घंटों समय बर्बाद कर रहा है, तो यह फीचर उन्हें एक टाइम बाद ब्रेक लेने की याद दिलाएगा। अक्सर बच्चे पढ़ते-पढ़ते भी बीच में मोबाइल उठा लेते हैं, तो यह फीचर बच्चों को रीसेट और रीफोकस करने में मदद कर सकता है। इसमें यूजर को यह मैसेज मिलता है कि उन्होंने अपनी डेली लिमिट का स्क्रीन टाइम इस्तेमाल कर लिया है।

### क्वाइट मोड

इंस्टाग्राम का क्वाइट मोड सीमाएं तय करने के मामले में एक बेहतरीन फीचर है। इससे आपके बच्चे की लगातार स्क्रीन देखने की आदत में सुधार आ सकती है। यह फीचर 12 घंटे तक के लिए नोटिफिकेशन म्यूट करने में मदद करता है, जिससे बच्चे इंस्टाग्राम स्क्रॉल करने की जगह पढ़ाई में अपना समय बिता सकते हैं। इसका ऑटो-रिप्लाई फीचर डीएम करने की कोशिश कर रहे लोगों को संदेश भेजता है कि पर्सन अभी क्वाइट मोड में है और उपलब्ध नहीं है।

### नाइट नज

मोबाइल देखने की लत से रात की नींद की क्वालिटी को बहुत ज्यादा प्रभावित होती है। ऐसे में बच्चों को इंस्टाग्राम से दूर रखने के लिए इसका नाइट नज टूल भी है, जो आपकी इस परेशानी का हल आसानी से कर सकता है। इस फीचर के तहत यूजर को याद दिलाते हुए एक रिमाइंडर मैसेज भेजा जाता है कि रात हो रही है और सोने की तैयारी कर लेनी चाहिए। अगर आपका बच्चा रात 10.00 बजे से सुबह 7.00 बजे के बीच 10 मिनट से अधिक समय तक इंस्टाग्राम का उपयोग करता है, तो यह फीचर हर 10 मिनट में एक फ्रेंडली रिमाइंडर भेजता है।





# होम गार्डनिंग शुरू करने के 5 आसान टिप्स

**अपने घर के अगल बगल हरियाली किसको पसंद नहीं होती है। हालांकि शहरों में हरियाली न होने के कारण ज्यादातर लोग खुद का गार्डन बनाना पसंद करते हैं। कई लोग अपने गार्डन में केवल फूल रखते हैं तो कई लोग अपने गार्डन में सब्जियों की खेती भी करते हैं। गार्डन छोटा हो या बड़ा आप चाहें तो आसानी से उसमें अपनी पसंदीदा चीज़ों को उगा सकती हैं।**

### उचित स्थान चुने

गार्डनिंग करने के लिए जरूरी है आपको सही जगह का चयन करना। अगर आपके पास गार्डन नहीं है तो आप अपनी बालकनी में भी गार्डनिंग कर सकते हैं। इसके लिए आपको मिट्टी के गमले ख़रीदने होंगे।

### अच्छे बीज चुनें

गार्डनिंग आप कहीं भी क्यों न कर रहे हो आप को सही तरीके का बीज चाहिए होगा। बीज जितना अच्छा होगा उतनी जल्दी आपके पौधे में सब्जी और फूल प्राप्त होंगे। बीज खरीदते समय आपको खास ध्यान देना होगा।

### कौन सा गमला होगा बेस्ट

अगर आप पौधों में सब्जियां फल उगाने की कोशिश कर रहे हैं तो आपको मिट्टी का गमला ही खरीदना चाहिए। मिट्टी के गमले में पौधे की ग्रोथ काफी ज्यादा अच्छी होती है। नहीं ऐसे में इन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाना भी आसान होता है।

### सही मिट्टी का चयन करें

पौधों की ग्रोथ के लिए मिट्टी का चयन करना काफी ज़्यादा ज़रूरी है। मिट्टी लेते समय ध्यान रखें कि मिट्टी ना तो ज्यादा हार्ड हो और ना ही ज्यादा चिपचिपा। पौधे लगाने के लिए मिट्टी निम्न प्रकार की होनी चाहिए। इससे पौधे अच्छे उठते हैं।

### पौधे को समय पर पानी दें

पौधों की सही तरीके से ग्रोथ चाहते हैं तो आपको होम गार्डनिंग के दौरान भी पौधों को समय समय पर पानी देते रहना चाहिए। इससे आपके पौधे की ग्रोथ काफी ज्यादा अच्छी होती है। अगर आप इन बातों को फ़ॉलो करते हैं तो आपका हूँ गार्डनिंग करने का सपना पूरा हो सकता है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025





# मुंबई छोड़ने वाले बयान पर क्या अनुराग कश्यप ने लिया यू-टर्न

कुछ दिन पहले अनुराग कश्यप ने कहा था कि उनमें अब लड़ने की ताकत खत्म हो गई है। वह बॉलीवुड वालों से परेशान हैं इसलिए अब मुंबई छोड़कर साउथ में बस जाएंगे। इस फैसले के पीछे अनुराग ने कई कारण गिना दिए थे। हाल ही में अनुराग कश्यप ने अपने मुंबई छोड़ने वाले बयान पर एक नई बात कह दी है। वह मुंबई को अपनी कर्म भूमि बता रहे हैं। तो क्या अब वह मुंबई नहीं छोड़ने वाले हैं? क्या कहा है, अपने नए बयान में अनुराग कश्यप ने।

## अनुराग ने नए बयान में क्या कहा

हाल ही में अनुराग कश्यप को फिल्म 'सत्या' की री रिलीज की स्क्रीनिंग पर देखा गया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए अनुराग ने मुंबई छोड़ने वाले अपने बयान पर फिर से बात की। वह कहते हैं, 'हां, मैं जा रहा हूं, बाहर रहूंगा लेकिन कर्म भूमि तो यही है। बस मेरी रहने वाली जगह अब अलग होगी।' इस तरह से अनुराग ने साफ कर दिया कि वह मुंबई तो पक्का छोड़ रहे हैं लेकिन बॉलीवुड में फिल्में करते रहेंगे। अनुराग के लिए हमेशा ही मुंबई, बॉलीवुड उनकी कर्मभूमि रहेगी।

## क्या है डायरेक्टर की नाराजगी की वजह

अनुराग कश्यप बॉलीवुड से इसलिए नाराज है कि उन्हें अपने हिसाब से काम करने को नहीं मिल रहा है। साथ ही उनकी पांच फिल्में भी अटकी पड़ी हैं। पिछले दिनों अनुराग ने इस बारे में भी बताया था। दरअसल, साल 2023 में अनुराग की फिल्म 'कैनेडी' को कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था, जहां इसकी काफी तारीफ हुई। लेकिन तब से यह फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इस बात का अनुराग को दुख है। वह कहते हैं, 'मैंने पांच फिल्में बनाई है, जो अब तक रिलीज नहीं हो पाई हैं। 'कैनेडी' फिल्म तो ऐसे लोगों के पास है, जिन्होंने आजतक फिल्म नहीं बनाई। स्टूडियो वाले कहते हैं कि आप अपनी हिस्सेदारी बढ़ाओ, पैसा कमाओ और मुनाफा लाओ।'

## स्टार के बिहेवियर से भी दिक्कत

पिछले दिनों मुंबई छोड़ने के अपने बयान के साथ ही अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड के वर्किंग कल्चर, स्टार के बिहेवियर पर भी बात की थी। अनुराग ने कहा– 'हिंदी फिल्मों में हर एक्टर को स्टार ट्रीटमेंट चाहिए। ऐसे में फिल्में बनाना काफी मुश्किल हो जाता है। जबकि साउथ इंडस्ट्री में ऐसा नहीं है, बड़े से बड़ा एक्टर फिल्म के बाकी लोगों की तरह ही खुद को ट्रीट करता है।' इन दिनों अनुराग साउथ फिल्मों में एक्टिंग भी कर रहे हैं।



# सोशल मीडिया पॉपुलैरिटी में श्रद्धा कपूर नंबर वन

बॉलीवुड के सितारों को दुनियाभर में पसंद करने वाले लाखों–करोड़ों लोग हैं। उनके फैंस सोशल मीडिया के माध्यम से उनसे जुड़े रहते हैं और उनसे जुड़ी हर छोटी–बड़ी अपडेट यहीं से प्राप्त करते हैं। स्टार्स और फैंस के बीच सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक पुल का काम करता है। पॉपुलैरिटी के मामले में इन स्टार्स के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं, सोशल मीडिया पर इन्होंने भी अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग जुटा रखी है। आइए जानते हैं बॉलीवुड के स्टार किड्स के सोशल मीडिया पर कितने फॉलोअर्स है।

## श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शक्ति कपूर की बेटी श्रद्धा कपूर ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना ली है। अपनी अदाकारी और खूबसूरती के दम पर उन्होंने लाखों फैंस बनाए हैं। श्रद्धा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की बात करें तो उनके 94.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं। 'स्त्री 2' के रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर तेजी के साथ उनके प्रशंसक बढ़ें हैं।



## आलिया भट्ट

आलिया भट्टी की गिनती आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में होती है। अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में महेश भट्ट की बेटी के पहचान के साथ कदम रखा था, लेकिन अपनी मेहनत और एक्टिंग के दम पर अपनी पहचान बनाई। आज आलिया भट्ट के लाखों–करोड़ों चाहने वाले हैं। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने कुल 86.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



## वरुण धवन

वरुण धवन भी आज बॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने–माने अभिनेताओं में गिने जाते हैं। डेविड धवन के बेटे वरुण धवन ने भी सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग जुटाई है। अभिनेता के इंस्टाग्राम पर 46.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



## सारा अली खान

सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान के भी सोशल मीडिया पर काफी चाहने वाले हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 45.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



## जान्हवी कपूर

दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी जान्हवी कपूर ने भी इंडस्ट्री में खुद को लगभग स्थापित कर लिया है। अभिनेत्री के सोशल मीडिया पर लाखों दीवाने हैं। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 26 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



## सुहाना खान और आर्यन खान

शाहरुख खान के बेटी सुहाना खान और उनके बेटे आर्यन खान के भी सोशल मीडिया पर फॉलो करने वालों की काफी संख्या है। सुहाना के इंस्टाग्राम पर 6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। आर्यन की बात करें तो उनके 3.1 मिलियन फॉलोअर्स इंस्टाग्राम पर हैं।



## राशा थडानी

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की डेब्यू फिल्म 'आजाद' हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। राशा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की बात करें तो यह 2 मिलियन हैं।

## ईशान खट्टर, खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान

शाहिद कपूर के भाई ईशान खट्टर के इंस्टाग्राम पर 1.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। श्रीदेवी की छोटी बेटी और जान्हवी कपूरी की बहन खुशी कपूर के 1.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वहीं, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के 1.2 मिलियन फॉलोअर्स इंस्टाग्राम पर हैं।

# इस प्रतिभागी को जीतते देखना चाहती हैं शिल्पा शिरोडकर

**चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 18 दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के बाद विदा ले रहा है। आज शो के विनर का पता चल जाएगा। दर्शकों की धड़कनें तेज हैं। सभी अपने-अपने पसंदीदा प्रतिभागी की जीत के लिए दुआ कर रहे हैं। शो के शीर्ष छह प्रतियोगी दौड़ में हैं। इनके नाम हैं- अविनाश मिश्रा, ईशा सिंह, चुम दरांग, विवियन डीसेना, करण वीर मेहरा और रजत दलाल। शो के इस सीजन में बतौर प्रतिभागी आईं अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर किसे ट्रॉफी पाते देखना चाहती हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है।**

## इस प्रतिभागी का लिया नाम

इस बार के सीजन में शिल्पा शिरोडकर ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। हालांकि, अब वे शो से बाहर हैं। मगर, आज फाइनल मुकाबले के दौरान वे भी मौजूद रहेंगी। हाल ही में जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है। इसमें शिल्पा कहती दिख रही हैं कि वे करण वीर मेहरा को जीतते हुए देखना चाहती हैं।

## शिल्पा ने फैंस का जताया आभार

वीडियो में शिल्पा कहती दिख रही हैं, मैं हूं शिल्पा शिरोडकर। फाइनली, फिनाले का दिन है। मैं जा रही हूं फिनाले के लिए बिग बॉग के सेट पर। मेरे हिसाब से मेरा विनर है करण वीर मेहरा। आपको क्या लगता है? आप भी बताइए। आप सभी ने हमें जो प्यार और इज्जत दी उसके लिए सभी का बहुत–बहुत शुक्रिया।

## विजेता को क्या मिलेगा?

शिल्पा के पोस्ट पर यूजर्स के कमेंट की झड़ी लग गई है। करण वीर के बाद यूजर्स सबसे ज्यादा विवियन और रजत दलाल का लिख रहे हैं। विजेता की किस्मत का फैसला अब चंद घंटों में होने वाला है। कथित तौर पर विजेता के नकद पुरस्कार के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं, जो पिछले सीजन की तरह ही 50 लाख रुपये होने की उम्मीद है। ट्रॉफी के बाद विनर को यह राशि मिलेगा।





# कार्तिक आर्यन की फिल्म में कैमियो करेंगे ये जवानी है दीवानी के सितारे!

कार्तिक आर्यन ने अपनी अगली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की घोषणा कर दी है, जिससे प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। वैसे, निर्माताओं ने अभी तक मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री की घोषणा नहीं की है। हालांकि, खबर आ रही है कि में शरवरी वाघ मुख्य भूमिका निभा सकती हैं। वहीं, इस बीच फिल्म के कलाकारों को लेकर एक और दिलचस्प खबर आ रही है।

## इन सितारों का फिल्म में होगा कैमियो

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में ये जवानी है दीवानी के सितारे कैमियो करते नजर आएंगे। सभी मुख्य कलाकार एक खास भूमिका के लिए फिल्म में शामिल होंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है और ये जवानी है दीवानी की तर्ज पर है। ऐसे में निर्माता विशेष प्रस्तुतियों के लिए मूल सितारों को लाने पर विचार कर रहे हैं।

## इन मुद्दों पर काम कर रहे निर्माता

रिपोर्ट्स में आगे यह भी बताया गया है कि भले ही ये जवानी है दीवानी के सभी मुख्य कलाकार उपलब्ध न हों, लेकिन निर्माताओं ने उनमें से दो को इसका हिस्सा बनाने की कोशिश करेंगे। यह एक दिलचस्प कैमियो होगा, जो फिल्म को और खास बनाएगा। फिल्म में उन सितारों का कैमियो इस बात पर निर्भर करता है कि उन कलाकारों की तारीखें मेल खानी चाहिए। साथ ही लेखन प्रक्रिया के दौरान इस बात पर खास ध्यान दिया जाएगा कि उन सितारों का फिल्म में सहज परिचय होना चाहिए, न कि जबरदस्ती की भूमिका होनी चाहिए। इन सभी मुद्दों पर टीम ध्यान दे रही है।

## आधिकारिक घोषणा का इंतजार

रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आदित्य रॉय कपूर और कल्कि केकलां निर्देशक समीर विद्वांस की फिल्म में अपने किरदारों को फिर से जीवंत करने की उम्मीद कर रहे हैं। इस बारे में ज्यादा कुछ साझा नहीं किया गया है, लेकिन इस खबर ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। हाल ही में ये जवानी है दीवानी भी सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुई है, जिसके बाद से इस फिल्म की यादें ताजा हो गई हैं। हालांकि, इन सितारों का तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कैमियो होने की खबर पर फिलहाल आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है।

तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के बारे में बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने एक प्रोमो वीडियो के साथ अगली रोमांटिक–कॉम की घोषणा की। कार्तिक आर्यन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर करण जौहर की प्रतिक्रिया साझा की, जिसमें लिखा था, टपर शुभ मुहूर्त का समय निकला जा रहा है रे... रूमी का बेसब्री से इंतजार है। इस पर कार्तिक ने जवाब दिया, इतना आसानी से थोड़ी मुंह दिखाई हो जाएगी।



# अजय अंकल की भगत सिंह देखकर हुआ सिनेमा से प्यार, उनकी तरह आंखों से करना चाहता हूं एक्टिंग

बॉलीवुड में नए साल में कई नए एक्टर्स अपने टैलंट के रंग भरने आ रहे हैं। इन्हीं से एक हैं, सुपरस्टार अजय देवगन के भांजे अमन देवगन। अमन निर्देशक अभिषेक कपूर की पीरियड ड्रामा फिल्म आजाद से अपनी फिल्मी पारी शुरू कर रहे हैं।

**आप फिल्मी परिवार में पले–बढ़े हैं, लेकिन सिनेमा में ही करियर बनाना है, यह कब तय किया?**

ऐसा कोई एक टर्निंग प्वाइंट नहीं था। जब आप एक फिल्मी परिवार में पैदा होते हैं तो माहौल ही ऐसा होता है कि हर वक्त फिल्मों की बातें होती हैं। हालांकि, मुझे याद है कि जब मैंने अंकल (अजय देवगन) की द लेजेंड ऑफ भगत सिंह देखी थी, तब मुझ पर उनकी परफॉर्मेंस का बहुत असर हुआ था। मैं तब बहुत छोटा था और ऐक्टिंग के बारे में ज्यादा समझ नहीं थी, फिर भी जब वे आए थे, मैंने उनसे पूछा था कि आपका कॉस्ट्यूम कहां है? तब मुझे ऐक्टिंग के प्रति आकर्षण महसूस हुआ। फिर, 10वीं पास करने के बाद 15–16 साल की उम्र में मुझे अहसास हो गया कि मुझे ऐक्टिंग ही करना है और मैंने ऐक्टर बनने के लिए जो भी चीजें जरूरी हैं, कोर्स, वर्कशॉप, वह सब करना शुरू किया।

**फिल्म में आपके मामा अजय देवगन आपके को–स्टार भी हैं। उनके साथ शूट करने का अनुभव कैसा रहा? और बतौर ऐक्टर और इंसान आप उनकी कौन सी खूबियां अपनाना चाहेंगे?**

अंकल के साथ पहले दिन शूट करते वक्त मैं बहुत नर्वस था। मैं बहुत डरा हुआ था, क्योंकि मैं भूल गया था कि वह मेरे अंकल हैं। तब मुझे सुपरस्टार अजय देवगन नजर आ रहे थे, मगर हम ऐक्टर्स के कुछ पैंतरे होते हैं। मैंने थोड़ा ध्यान लगाया, अपने किरदार को पकड़ा और उनको किरदार के तौर पर ही देखा। रही उनकी खूबियों की बात, तो ऐक्टर के तौर पर उनमें एक इंटेंसिटी, एक ठहराव है। वह जिस तरह आंखों से ऐक्टिंग करते हैं, उसका कायल पूरा देश है। मैं खुद भी अपने अंदर यह खूबी लाना चाहूंगा। वहीं, इंसान के रूप में वह बहुत ही प्यारे हैं। इंडस्ट्री में बहुत से लोग उन्हें बॉस कहकर बुलाते हैं, क्योंकि उन्होंने वह सम्मान कमाया है। लोग उनकी बहुत इज्जत करते हैं। वह अपने परिवार को बहुत समय देते हैं। उनका मी टाइम परिवार के साथ वक्त बिताना है। ऐसी बहुत सी क्वॉलिटीज हैं, जो मैं अपनाना चाहूंगा।

**आपकी फिल्म आजाद एक पीरियड ड्रामा है। उस दौर की कहानी है, जो आपने देखी नहीं है, तो उस दुनिया का हिस्सा बनना कितना चुनौतीपूर्ण रहा?**

सच कहूं तो पहली फिल्म के लिहाज से यह किरदार बहुत चैलेंजिंग था। हम जेन ं बच्चे हैं। 2025 में मुंबई जैसे महानगर में रहते हैं। जबकि, यह पीरियड फिल्म है। मेरे किरदार का सोशल स्टेटस भी बहुत अलग है। वह घोड़े की देखभाल करने वाला लड़का है। हमारी बोली भी बिल्कुल अलग थी। हमें बुंदेलखंडी बोलनी थी, जिसके लिए हमारी बहुत सारी क्लासेज हुईं, पर फिल्म में मेरे लिए जो सबसे बड़ा चैलेंज था, वो था मेरा कोस्टर–आजाद, जो एक घोड़ा है। वह ऐक्टर नहीं है कि सेट पर आकर लाइन बोलेगा, तो मुझे उसकी एनर्जी पढ़कर उसके हिसाब से सीन को इंप्रोवाइज करना था। इसलिए, मैंने उसके साथ बहुत वक्त बिताया। मैं उसके साथ दो–दो दिन अस्तबल में सोता था। उसको खाना खिलाता था, नहलाता था। उसकी पॉटी भी साफ करता था, ताकि हमारा एक बॉन्ड और कनेक्शन बन जाए। फिर भी, उसके साथ सीन करना आसान नहीं था, क्योंकि वह कभी भी कुछ भी करता था। कभी हिल जाता था, कभी काटने आ जाता था, तो वह काफी चैलेंजिंग था।

**फिल्मी परिवार से होने के नाते उस विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी या दबाव महसूस करते हैं?**

बिल्कुल, यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। जब आप एक ऐसी लिगेसी का हिस्सा बनते हैं, जिसका इतना बड़ा नाम है तो उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होती ही है। इस विरासत को मेरे नाना जी (वीरू देवगन) ने बतौर ऐक्शन डायरेक्टर शुरू किया था। वह पंजाब से मुंबई आए थे, तब उनके पास कुछ नहीं था। वह टैक्सी में सोते थे। उन्होंने लाइटमैन का भी काम किया है और फिर यह विरासत बनाई, जिसे अंकल अजय देवगन ने भी बहुत आगे बढ़ाया तो दबाव बहुत ज्यादा है लेकिन मेरा मानना है कि अगर मैं उस दबाव को बहुत ज्यादा दिल पर ले लूंगा तो अपना काम अच्छे से नहीं कर पाऊंगा। मेरा काम खूब मेहनत करना है, अपने टैलंट पर काम करना है और वह मैं करता रहूंगा।

**आपकी पहली फिल्म रिलीज भी नहीं हुई है, मगर दूसरी फिल्म झलक की घोषणा हो गई। आपको नहीं लगता कि यह फिल्मी परिवार से होने का फायदा है?**

मैं जितनी ईमानदारी से संभव है, आपको जवाब दूंगा। यह प्रिविलेज निश्चित तौर पर है, मगर हम ऐसे वातावरण में पलते–बढ़ते हैं, जहां बचपन से फिल्में ही देखते हैं। सिनेमा की बातें सुनते हैं तो यह एक बच्चे का सिनेमा के लिए मासूम प्यार होता है कि बड़े होने पर हमें लगता है कि हमें भी यह करना है, क्योंकि हम बचपन से यही देखते आ रहे हैं। बाकी, आखिर में ऑडियंस ही तय करेगी कि आप रहेंगे या नहीं, क्योंकि कोई भी निर्माता आप पर पैसे नहीं लगाएगा, अगर ऑडियंस आपको पसंद नहीं करेगी तो आखिर में ऑडियंस ही राजा है।